वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 22 मई 2024
वर्ष 5, अंक 185, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



निहारिका ओरियन ग्रह नक्षत्रों को देगी नई दिशा 14

मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज 13

# हिंदुओं की शक्ति को 4 जून के बाद महाशक्ति बना दूंगा : मोदी

## वाराणसी में नारी शक्ति संवाद के जरिए प्रधानमंत्री ने महिलाओं से साझा की दिल की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी।



- सपा के लड़के अब गलती करें वो हाल होगा, जो सोचा नहीं
- कहा, महिलाओं के बिना घर नहीं चल सकता तो देश कैसे चलेगा

**अमृत विचार** : इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि हिंदुओं की शक्ति का विनाश करके रहूंगा, लेकिन चार जून के बाद मोदी आपकी शक्ति को महाशक्ति बनाकर रहेगा। मैं आपके लिए लगातार काम कर रहा हूं। आपके आशीर्वाद से नई ऊर्जा मिलती है। न थकता हूं, न रुकता हूं। झोपड़ी में रहने वालों को मेरी तरफ से कह देना कि चार जून के बाद पक्का मकान मिल जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में महिलाओं से संवाद करते हुए यह बातें कहीं।

संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में नारीशक्ति संवाद में मौजूद महिलाओं से दिल की बात साझा करते हुए मोदी ने कहा कि यह भारत की सक्सेज स्टोरी का बहुत बड़ा फैक्टर है। जब घर आपके बिना नहीं चलता तो देश आपके बिना कैसे चल जाता। उन्होंने कहा, पहली बार केंद्र में ऐसी सरकार आई है, जिसने महिलाओं के सम्मान की चिंता की और घर दिए। हमने 11 करोड़ टॉयलेट बनाए हैं। मेरी बहन-बेटियों को इसकी बहुत जरूरत थी। मोदी ने गरीब महिलाओं के लिए बिना एक रुपये खर्च किए खाते खुलवाए, चार करोड़ से अधिक घर बनाए, उसकी रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर कराई। प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा व कांग्रेस सरकारों ने महिलाओं की केवल उपेक्षा व असुरक्षा की। सपा के लड़के जरा आज गलती करके दिखाएं। योगी जी की सरकार वो हाल करेगी, जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, चंदौली से भाजपा प्रत्याशी महेंद्रनाथ पांडेय, मछलीशहर के प्रत्याशी बीपी सरोज, उप्र. महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता शाक्य, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, मीना चौबे आदि मौजूद रहे।

### प्रयागराज में मोदी बोले, 4 जून, 4 बजे 400 पार

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज में जनसभा में बोले कि सपा और कांग्रेस का सुशासन व सनातन से 36 का आंकड़ा रहा है। ये लोग सनातन को डेंगू, मलेरिया कहते हैं। कहा कि सपा सरकार में एक जाति के लोगों को नौकरी दी जाती थी। यूपीएससी को परिवार सर्विस कमीशन बना दिया था। यह भी दावा किया कि 4 जून को चार बजे भाजपा की सीटों का आंकड़ा 400 के पार होगा।

### अपने माई के बिना कइले हईं नामांकन

मोदी ने कहा कि इ पहली बार ह, जब हम काशी क नामांकन अपने माई के बिना कइले हईं। मां गंगा ही अब हमार माई हइन। इसी के साथ प्रधानमंत्री ने लोंगो से इस गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह भी दी।

### ...महंगाई डायन खाय जात है

प्रधानमंत्री ने तंज कसा कि कांग्रेस की सरकारों की पहचान एक गाने से खूब होती है.... महंगाई डायन खाय जात है। कांग्रेस सरकार रही होती तो आपकी रसोई का बजट दो-तीन गुना बढ़ चुका है, लेकिन मोदी प्रयास करता है कि आपके खर्च कम हों।

# मैं दोषी नहीं तो स्वीकार क्यों करुंगा : बृजभूषण

नई दिल्ली, एजेंसी

**महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय**



- डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख ने कोर्ट में खुद को बताया निर्दोष

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और छह बार के लोकसभा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए। बृज भूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष खुद को निर्दोष बताया और सुनवाई की मांग की। बृज भूषण ने न्यायाधीश से कहा कि जब मैं दोषी नहीं हूं तो मैं दोष स्वीकार क्यों करूंगा?

अदालत ने मामले में सह आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आपराधिक धमकी का आरोप तय किया। अगली सुनवाई एक जून को होगी।

एसीएमएम प्रियंका ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। अदालत ने बृज भूषण के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय किए। न्यायाधीश ने कहा आरोपी के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। हालांकि अदालत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में बृज भूषण को आरोपमुक्त कर दिया क्योंकि उसके दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत नहीं थे।

### के. कविता मामले में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बीआरएस की नेता के. कविता के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने को लेकर 31 मई को अपना फैसला सुना सकती है। ईडी और सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी के इस दावे पर संज्ञान लेने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि उसके पास कविता पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत है।

### सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किए गए धनशोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी।

# पांच श्रद्धालु गोरहा नहर में डूबे, तीन की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



जिला अस्पताल में परिजनों से घटना के बावत जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

- रामायण पाठ के बाद कलश विसर्जन करने गए थे श्रद्धालु

**अमृत विचार** : अखंड रामायण के पारायण के बाद कलश विसर्जन करने गए पांच श्रद्धालु गोरहा नहर में डूब गए। इनमें एक युवती व दो किशोरियों की मौत हो गई।

रेखपुर गांव में सोमवार को ब्रह्म्मदेव बाबा के मंदिर में अखंड रामायण पाठ का मंगलवार को पारायण हुआ। इसके बाद श्रद्धालु गोरहा नहर में कलश विसर्जन करने गए। नहर में स्नान करते समय पांच श्रद्धालु गहरे पानी में डूब गए। इनमें से दो को बचा लिया गया, जबकि विनय की 22 वर्षीय पुत्री संध्या, सुमंत की 14 वर्षीय पुत्री साक्षी और दुष्यंत की 14 वर्षीय पुत्री शम्मी की मौत हो गई। गोताखोरों ने तीनों के शवों को नहर से निकाल लिया। तीन मौतों से गांव में मातम छा गया। एएसपी राजेश कुमार भारती ने बताया कि कलश विसर्जन को गए पांच श्रद्धालु नहर में डूब गए। जिनमें से दो को सकुशल बचा लिया गया। तीन की मौत हो गई।

### प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करे केंद्र सरकार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने औपचारिक रूप से केंद्र सरकार से सेक्स वीडियो स्कैंडल के मुख्य आरोपी हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का अनुरोध किया है। डॉ. परमेश्वर ने पत्रकारों से बात करते हुए प्रज्ज्वल का गिरफ्तारी वारंट जारी करने की पुष्टि की और कहा कि हमने केंद्र सरकार से उनका पासपोर्ट रद करने का आग्रह किया है। एक बार ऐसा हो जाने पर प्रज्जवल रेवन्ना भारत लौटने के लिए बाध्य होंगे।




# पात्रा बोले-भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त, विवाद बढ़ने पर माफी मांगी

भुवनेश्वर, एजेंसी



- तीन दिन उपवास रखकर करेंगे अपनी टिप्पणी के लिए पश्चाताप

भगवान जगन्नाथ पर जुबान फिसलने को लेकर विवादों में घिरे भाजपा नेता और पुरी लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी संबित पात्रा ने विभिन्न वर्गों से आलोचनाओं के बाद माफी मांगी है और मंगलवार से तीन दिन तक उपवास रखकर प्रायश्चित करने की घोषणा की है। पात्रा ने सोमवार को टेलीविजन चैनलों से बातचीत में कहा था कि राज्य के प्रतिष्ठित देवता भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भक्त हैं। पात्रा ने बाद में स्पष्ट किया था कि यह सिर्फ जुबान फिसलने के कारण हुआ और वह यह कहना चाहते थे कि प्रधानमंत्री भगवान जगन्नाथ के परम 'भक्त' हैं। पात्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि...इस गलती के लिए, मैं भगवान जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाकर क्षमा मांगता हूं। मैं इस गलती का प्रायश्चित करने के लिए अगले तीन दिन उपवास करूंगा।

पात्रा की टिप्पणी पर विवाद तब बढ़ गया जब ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटायक ने उनके बयान की कड़ी निंदा की ।

### संबित के बयानों के लिए माफी मांगें मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भगवान जगन्नाथ को लेकर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा की जुबान से निकले शब्द पर सियासत गहरा गई है। कांग्रेस ने इसे भगवान जगन्नाथ के भक्तों की भावनाओं से खिलवाड़ करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए देश से माफी मांगने को कहा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पात्रा के बयान की कड़ी निंदा की।







# मोबाइल डेटा के लिए बिभव को मुंबई ले गई दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली, एजेंसी

**मालीवाल मारपीट मामला**



- केजरीवाल के पीए ने मुंबई में फार्मेट कराया था अपना मोबाइल फोन

आप की नेता एवं सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को उनके आईफोन का डेटा पुनः प्राप्त करने के लिए मुंबई ले जाया जा रहा है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर राज्यसभा सदस्य मालीवाल पर हमले के आरोप में बिभव कुमार पांच दिन की न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस ने बताया कि कुमार ने मुंबई में अपने फोन को 'फॉर्मेट' कर दिया था या डेटा किसी अन्य उपकरण में भेज दिया था। कुमार की गिरफ्तारी के बाद उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया था लेकिन फोन को 'फॉर्मेट' किया जा चुका था। स्वाति मालीवाल ने 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया था ।

### भाजपा प्रत्याशी गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर रोक

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार करने पर 24 घंटे के लिए रोक लगा दी। निवार्चन आयोग ने गंगोपाध्याय की टिप्पणी को 'निचले दर्जे का निजी हमला' करार दिया और कहा कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आयोग का आदेश मंगलवार को शाम पांच बजे से प्रभावी होगा। आयोग ने गंगोपाध्याय को बनर्जी के खिलाफ असम्मानजनक टिप्पणी को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### कुकी उग्रवादी समूह के खिलाफ प्राथमिकी

**इंफाल।** मणिपुर भूमि संसाधन विभाग ने उग्रवादी संगठन 'कुकी नेशनल फ्रंट' के खिलाफ राज्य में दो समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। भूमि संसाधन विभाग के अवर सचिव मंगोलजाओ कामेई ने इंफाल थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# भीषण गर्मी में चरमराई प्रदेश की बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओबरा, ऊंचाहार समेत कई विद्युत उत्पादन इकाइयां ठप
- विकल्प के तहत एनर्जी एक्सचेंज से ली जा रही आपूर्ति

**अमृत विचार** : भीषण गर्मी में प्रदेश की बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। भारी मांग के कारण ओबरा की तीन इकाइयों समेत कुल पांच इकाइयां तकनीकी खराबी से ठप हो गई हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति ली जा रही है, पर स्थानीय खराबियों के कारण ज्यादातर क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित होने से लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ा रहा है।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बीते दिनों ओबरा बिजलीघर की दो-दो सौ मेगावाट क्षमता की तीन इकाइयां ठप हो गई हैं। इसके साथ ही, ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट व रोजा बिजलीघर की तीन सौ मेगावाट की एक इकाई में उत्पादन ठप हो गया है। 23 मई तक सभी बंद इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है। इन दिनों प्रदेश में बिजली की मांग 26 हजार मेगावाट से ऊपर पहुंच रही है। ऐसे में एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति संभाली जा रही है।

### दोषी अफसरों पर हो कार्रवाई : उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस साल ज्यादा तकनीकी खराबियां आ रही हैं। ट्रांसफॉर्मरों पर लोड संतुलित न होने व पुरानी लाइनों को न बदले जाने के कारण यह स्थिति बनी है। अंडरग्राउंड केबल में वैकल्पिक केबल न होने से बिजली आपूर्ति समय पर बहाल नहीं हो पा रही है। उन्होंने इस मामले में जांच कर दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि परिषद की ओर से बड़ी तकनीकी खराबियों के बारे में अध्ययन रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसे राज्य विद्युत नियामक आयोग व पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन से साझा किया जाएगा।

### यूपी समेत छह राज्यों में हीट वेव का अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश और गुजरात के मैदानी इलाकों में अगले पांच दिनों तक चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़े जैसी स्थिति जारी रहने का अनुमान जताया गया है। आईएमडी ने बुधवार को कहा कि 21 से 25 मई तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़े चलने का अनुमान है। 25 मई तक जम्मू, हिमाचल, गुजरात, मध्य प्रदेश, विदर्भ और महाराष्ट्र में लू चलने जैसी स्थिति बने रहेगी।



# क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर किया फोन, बेटे को छोड़ने के लिए मांगे रुपये

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पड़ोस में बैठा था बेटा जिससे ठगी का शिकार होने से बच गया व्यापारी
- एक अन्य व्यापारी को भी झांसे में लेकर 1.25 लाख रुपये भेजने को मांगा आइएफएससी कोड

**अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी आढ़ती उपेंद्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार दोपहर उनके मोबाइल पर किसी का फोन आया। जिसके व्हाट्सएप की डीपी पर पुलिस की वर्दी थी। उधर वाले व्यक्ति ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनका बेटा दिल्ली में पकड़ा गया है।

जिसे छोड़ने के लिए 50 हजार रुपये ट्रांसफर करो। वर्ना बेटे को जेल भेज दिया जाएगा। उस दौरान व्यापारी का बेटा उनके पास बैठा था। जिसके चलते वह झांसे में नहीं आए। वहीं पुरानी अनाज मंडी निवासी गणेश गुप्ता के पास भी किसी का फोन आया। उसने गणेश गुप्ता से एक लाख 25 हजार रुपये भेजने के लिए बैंक का आइएफएससी कोड मांगा। गणेश को शक हुआ तो उन्होंने उस व्यक्ति की डांट लगा दी। दोनों में फोन पर बहस हुई। जिसके बाद उस व्यक्ति ने फोन काटा और अपना फोन बंद कर लिया। गणेश भी जागरूक होने के चलते ठगी से बच गए।

### कवायद नहीं चढ़ रही परवान: प्रेरणा पोर्टल पर विभाग ने दर्ज कराया है आंकड़ा, कई विद्यालयों में तीन से चार शिक्षकों की तैनाती

# जिले के 27 स्कूलों में मात्र 10 से 30 बच्चे ही पंजीकृत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



- अधिकारी उम्र निर्धारण को बता रहे संख्या न बढ़ने की बजह

"जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या कम है। वहां नामांकन न होने का सबसे बड़ा कारण निजी स्कूलों की संख्या का अधिक होना है। कुछ ऐसे स्कूल ग्राम पंचायतों के मजरा में बने हैं। गर्मी की छुट्टियां बीतने के बाद स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। उस दौरान नामांकन में बढ़ोतरी की जाएगी।
-स्वाती भारती, बीएसए

**अमृत विचार:** निजी स्कूलों की तर्ज पर परिषदीय स्कूलों को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। इसके बाद भी इनमें पढ़ाई का स्तर नहीं सुधर रहा। हालात यह है जिले के 27 स्कूल ऐसे हैं जिनमें 10 से तीस बच्चे ही पंजीकृत हैं।

इस बात की पुष्टि प्रेरणा पोर्टल कर रहा है। इनमें कई स्कूल ऐसे हैं जिनमें तीन से चार शिक्षकों की तैनाती है। इसके बाद भी बेसिक शिक्षा विभाग स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने में कामयाब नहीं हो सका। कायाकल्प योजना के तहत परिषदीय स्कूलों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इनमें ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर पर काम कराए जा रहे हैं। स्कूलों में टायलीकरण, शुद्ध पेयजल, ईको फ्रेंडली शौचालय आदि की व्यवस्था की जा रही है।

500 से अधिक स्कूलों में पीएम श्री योजना के तहत काम कराया जा रहा है। इसके बावजूद स्कूलों में बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हो पाई।

दूसरी ओर निजी स्कूलों में बच्चों की भरमार है। प्रेरणा पोर्टल के अनुसार जिले के 27 स्कूलों में 10 से 30 बच्चों के एडमिशन हैं। बच्चों की संख्या कम होने पर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शासन द्वारा बच्चों की उम्र निर्धारण करने की वजह से बच्चों की संख्या नहीं बढ़ सकी है। छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों का प्रवेश नहीं लिया जा रहा है। कम उम्र के बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकन किया जा रहा है।

### इन स्कूलों में कम है बच्चों की संख्या

आसफपुर के प्राथमिक स्कूल बरगंवा में बीस बच्चे, बिसौली ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल नगला झाल 10, खुदागंज 20, नगला वैन में 21 बच्चे। नगर क्षेत्र बदायूं के सराय नाहरखा नंबर दो 21, लालपुल और सराय नंबर एक में 26-26, दहगवां ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल सौरापुर टप्पा में 21, नबावगंज प्राथमिक स्कूल में 30, ब्लॉक इस्लामनगर के प्राथमिक स्कूल उदयपुर 27, किशेरा प्राथमिक स्कूल में 18, ब्लॉक जगत के प्राथमिक स्कूल परसुरावादा में 26, चमरोलिया में 28, म्याऊं ब्लाक के प्राथमिक स्कूल शादीपुर और हर्ररामपुर उच्च प्राथमिक स्कूल में 30-30, ब्लॉक सहसवान उच्च प्राथमिक स्कूल समसपुर बल्लू 22, सिठौलिया पुख्ता 25, लोथर 29, प्राथमिक स्कूल हैदराबाद 30, सालारपुर ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल करौतिया, लोचनपुर में 26-26, भैसामई में 30, ब्लॉक उझानी के प्राथमिक स्कूल अल्लीपुर मढैया 13, गंगघोरा 16, नूरगंज 28, ब्लॉक उसावां ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल मौसमपुर में मात्र 30 बच्चे पंजीकृत हैं।

### छुट्टियों के बाद नामांकन बढ़ाने का दावा

परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या कम होने पर अधिकारियों का दावा है कि छुट्टियों के बाद बच्चों की संख्या बढ़ जाएगी। डीसी पीसी श्रीवास्तव का कहना है कि गर्मी के कारण बच्चे भी कम स्कूल आ रहे थे। साथ ही लोकसभा चुनाव के चलते शिक्षक स्कूल नहीं जा सके। गर्मी के छुट्टी के बाद स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ जाएगी।

## बिजली कटौती से नहीं चल रहे नलकूप सूख रहीं फसलें

- ग्रामीण क्षेत्रों 18 की बजाय लगभग 8 घंटे मिल रही बिजली

**बदायूं, अमृत विचार :** ग्रामीण इलाकों में 18 घंटे बिजली देने के आदेश हैं लेकिन आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है। बिजली की अंधाधुंध कटौती से ग्रामीण बेहाल है। देहात में मक्का, मैंथा और मूंगफली की फसल खेतों में तैयार हो रही हैं। ज्यादातर बिजली गुल रहने से नलकूप नहीं चल पा रहे जिससे फसलों में पानी नहीं लग पा रहा है। मक्का की फसल को ज्यादा नुकसान हो रहा है। गर्मी के कारण चौथे दिन पानी लगाना पड़ रहा है लेकिन अंधाधुंध बिजली कटौती के कारण पानी नहीं लग पा रहा है। किसान फसलों को लेकर चिंतित है।

अधिशासी अभियंता प्रथम संजीव कुमार ने बताया कि कई जगह पुराने तार हैं उन्हें बदला जा रहा है। शहर में भी मरम्मत का कार्य चल रहा है। सप्लाई को रोक कर ही काम किया जाता है। शासनादेश के तहत सप्लाई देने की कोशिश की जाती है लेकिन पुराने खंभे और जर्जर लाइनों से दिक्कत आ रही है। कुछ समय बाद स्थिति काफी हद तक ठीक हो जाएगी, उसके बाद सप्लाई नियमानुसार ही दी जाएगी।

# अस्पताल की बिजली गुल, नहीं हो सकी डायलिसिस और एक्सरे

### मंगलवार को बार-बार ट्रिपिंग की वजह से मरीजों को हुई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वार्डों के पंखे भी रहे बंद, हाथ वाले पंखे झलते रहे मरीज व तीमारदार



बिजली न होने से बंद पड़ी डायलिसिस यूनिट।

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली संकट भी गहराता जा रहा है। जिला अस्पताल में बिजली गुल रहने से डायलिसिस यूनिट में काम नहीं हुआ, और न ही पैथोलॉजी लैब में जांच हो सकीं। वार्ड में लगे पंखे बंद रहने से मरीज भी बेहाल नजर आए। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि इस वर्ष धन नहीं मिला है इसलिए जनरेटर नहीं चलाया जा रहा है।

जिला अस्पताल में बिजली संकट से हर दिन दिक्कत हो रही है। सबसे अधिक परेशानी मशीनी कार्य बंद होने से होती है। मंगलवार को सुबह आठ बजे सप्लाई शुरू हुई, नौ बजे तक सप्लाई ठीक तरह चली, उसके बाद हर एक मिनट में चार बार ट्रिपिंग होने लगी। ट्रिपिंग होने से डायलिसिस यूनिट में भर्ती मरीज दोपहर तक परेशान रहे। यूनिट मैनेजर ने मशीन बंद कर दी। बिजली नहीं आने पर परेशान होकर दो मरीज अपने घर चले गए। यहां पर तीन बेड हैं। इस बार में तीन मरीजों को डायलिसिस कराई जाती है। बिजली संकट कई दिनो से बना हुआ है। इसी तरह एक्सरे रूम में काम बंद रहा। बार बार बिजली के आने जाने से मशीने बंद रहीं।

डिजिटल एक्सरे मशीन भी बंद रही। एक्सरे रूम के बाहर मरीजों की भीड़ जुटी रही। पैथोलॉजी लैब में बिजली ट्रिपिंग के चलते ब्लड रिपोर्ट भी तैयार नहीं हो सकी। सुबह नौ बजे से मरीजों की लाइन लगी रही। दर्जनों में ब्लड रिपोर्ट लेने को इधर उधर बैठे रहे।

### जनरेटर चलाने को इस साल नहीं मिला पैसा

जिला अस्पताल में लगे कैमरों से स्वास्थ्य निदेशालय में निगरानी की जाती है। सोमवार की रात एक बजे लखनऊ स्थित स्वास्थ्य निदेशालय से सीएमएस को फोन पर निर्देशित किया गया कि बिजली सप्लाई बाधित हो रही है। वार्ड में भर्ती मरीजों को दिक्कत हो रही है। जनरेटर चला कर सप्लाई बहाल की जाए। रात को मरीज वार्ड से बाहर बैठे हैं। इस व्यवस्था को ठीक किया जाए। सीएमएस ने बताया कि पिछले एक साल से जनरेटर चलाने को धन नहीं मिला है। इसलिए जनरेटर की सुविधा नहीं दी सकी है।

"जिला अस्पताल में जनरेटर तो है मगर उसमें डीजल के लिए सरकार से धन नहीं मिला है इसलिए जनरेटर नहीं चलाया जाता है। बिजली की ट्रिपिंग हो रही है। यह समस्या अन्य जिलों में भी है। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को इस स्थिति से अवगत करा दिया गया है। दोपहर तक ट्रिपिंग होती रही उसके बाद एक बजे से सप्लाई मिली तो कुछ काम किया गया।
-डा. कप्तान सिंह, सीएमएस

## प्रबंधक और शिक्षक में विवाद, आईजीआरएस पर की गई शिकायत

**बिसौली, अमृत विचार :** मदनलाल इंटर कॉलेज में प्रबंधक और एक शिक्षक के बीच जमकर विवाद हो गया। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। प्रधानाचार्य ने प्रबंधक और उनके एक साथी पर शराब पीकर अभद्रता करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

प्रधानाचार्य एनपी सिंह ने बताया कि शनिवार को कॉलेज प्रबंधक राजीव गर्ग अपने साथी राहुल के साथ कॉलेज आए। किसी बात को लेकर उनका पीटीए शिक्षक रवि कुमार के साथ विवाद हो गया। किसी ने इस विवाद का वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद प्रधानाचार्य ने प्रबंधक पर शराब पीकर शिक्षक के साथ अभद्रता करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत उनके द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री से की है। कॉलेज प्रबंधक राजीव गर्ग ने बताया कि शराब पीने का आरोप निराधार है। स्कूल में तमाम अनियमितताएं हैं। इसी बात को लेकर प्रधानाचार्य से मनमुटाव चल रहा है।

# सूरज नहीं कर रहा रहम लू और गर्मी ढा रही सितम



गर्मी से बचने के लिए छाता लगाकर बाजार जातीं मां-बेटी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बेल का रस पीकर प्यास बुझाता व्यक्ति।

- 44 डिग्री तापमान के बीच सड़क पर चलना हो गया मुश्किल

**अमृत विचार:** तापमान 44 डिग्री के आसपास बना हुआ है। सूरज तेवर नरम करने को तैयार नहीं। भीषण गर्मी की वजह से लोगों का हाल बेहाल है।

सोमवार की तरह मंगलवार को भी सूरज ने सुबह से ही तेवर दिखाने शुरू कर दिये। 9 बजते ही गर्म हवाओं के साथ तापमान बढ़ने लगा। दोपहर 11 से 12 बजे के बीच अधिकतम तापमान 44 डिग्री पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते घर से जरूरी काम से बाहर निकले लोगों को तन झुलसता हुआ महसूस हुआ। शहर में शीतल पेय पदार्थों, गन्ना का जूस, फलों का जूस, बेल का जूस आदि जगहों पर लोगों की भीड़ दिखाई दी। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच दोपहर के समय शहर की प्रमुख सड़कों पर सन्नाटे वाली स्थिति नजर आई। वहीं तेज धूप के बीच पंखा और कूलर सभी फेल नजर आए। पंखा कूलर भी गर्म हवा फेंक रहे थे। लोगों को बढ़ते तापमान के बीच एसी से भी राहत नहीं मिल रही थी। जिला कृषि अधिकारी कहना है कि दो तीन दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। इसके बाद मौसम में नरमी आएगी। बारिश और आंधी की संभावना बन रही है।

## छोटे भाई के हत्यारोपी के खिलाफ पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

**बदायूं, अमृत विचार :** तकरीबन दो महीने पहले कहासुनी और मारपीट के बाद छोटे भाई की फावड़ा मारकर हत्या के आरोपी के खिलाफ विवेचना पूरी कर पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव नगरिया खनू निवासी नर सिंह के चार बेटे रामस्वरूप, पप्पू, हरवंश और हरिओम में पप्पू की20 मार्च को घर पर फावड़ा से हत्या कर दी गई थी। अगले दिन हरिओम ने पुलिस को तहरीर दी कि उनका बड़ा भाई रामस्वरूप शराब पीने का आदी है। अक्सर शराब पीकर घर आता है और झगड़ा करता है। 20 मार्च को भी शराब पीकर घर पर आया और गाली-गलौज करने लगा। पप्पू ने मना किया तो हाथापाई शुरू कर दी। परिजनों ने बीच बचाव किया था। इसके बाद हरवंश और हरिओम खेत पर चले गए। कुछ ही देर के बाद रामस्वरूप और शराब पीकर आया। चारपाई पर सो रहे पप्पू पर फावड़ा से वार करके हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी रामस्वरूप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने उसपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। 14 अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद लगभग दो महीने के बाद आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक लाख 25 सौ रुपये डाला जुर्माना, दो आरोपी सशर्त रिहा

**अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने आजीवन कारावास व एक लाख 25सौ रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। दो अन्य आरोपियों को सशर्त बरी किया गया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने थाना वजीरगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग लड़की 9 मार्च 2023 देर शाम घर पर थी। गांव निवासी अवनेश उसे अकेला देखकर घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। लड़की चिल्लाई। बेटी की आवाज सुनकर वह पत्नी के साथ घर पर आ गए। उस दौरान आरोपी अवनेश उनकी बेटी का हाथ पकड़कर गलत बातें कर रहा था। आरोपी उन्हें देखकर भाग गया। शिकायत करने के लिए युवक के घर गए। वहां मौजूद अशोक पाल, देवकी नंदन, अमरनाथ उर्फ लाल, अजय, विजय सिंह ने उनके साथ गाली-गलौज की। धमकाया कि अगर कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। डर की वजह से वह अपनी पत्नी के साथ घर लौट गए। उन लोगों ने आए दिन धमकी देना शुरू कर दिया।

इसके बाद अवनेश ने उनकी लड़की के साथ दुष्कर्म किया। न्यायालय में अवनेश पुत्र वासुदेव पर दुष्कर्म व अशोक पाल व विजय सिंह पर मारपीट, गाली-गलौज करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया। अभियोजन पक्ष की विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी माना और सजा सुनाई । आरोपी का सहयोग करने, गाली-गलौज करने और धमकाने के दो आरोपी अशोक पाल व विजय सिंह को एक साल तक सदाचार के साथ रहने की शर्त पर छोड़ा गया है।

## श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भावविभोर हो गए श्रद्धालु

**बिसौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव शरह बरौलिया में सिद्ध बाबा आश्रम पर सोई वाले महाराज स्व.पूज्यपाद विदेह नंदिनी शरण महाराज की स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक अनूप दास महाराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग का वर्णन किया। कहा कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। कथा में राम बहादुर शर्मा,अनिल आचार्य, अनिल कटिया,अनिल शंखधार,सत्यपाल शर्मा जी,श्रीकृष्ण फूल माली,हरद्वारी लाल कटिया,नेत्रपाल कटिया,गवेन्द्र पाठक,बृजेश शंखधार, श्रीपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



कथावाचक अनूप दास महाराज।

# जिले में 650 सहायता समूह बनेंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ग्राम पंचायत मौजमपुर में समूह गठन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- आजीविका मिशन विभाग को शासन से मिला लक्ष्य, विभाग ने शुरू की तैयारी

"महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए शासन कई योजनाएं चला रहा है। जिसका लाभ महिलाएं ले रही हैं। इस वर्ष 650 समूह गठित किए जाएंगे। समूह गठन का कार्य गांवों में शुरू करा दिया है।
-ब्रजेश कुमार, डीसी, स्वत: रोजगार

**अमृत विचार:** आजीविका मिशन विभाग को इस वित्तीय वर्ष में 650 स्वयं सहायता समूह का गठन करने का लक्ष्य मिला है। जिसकी तैयारी विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में गठित करीब 18300 स्वयं सहायता समूह में हजारों महिलाएं जुड़ी हुई हैं। अब इनके समूह में और इजाफा होगा। इस वित्तीय वर्ष में 650 समूह का गठन करने के लिए सरकार की ओर से लक्ष्य दिया गया है। जिसका काम शुरु हो गया है। ब्लॉक और जिला मिशन प्रबंधक द्वारा समूह गठित किए जा रहे हैं। एक समूह में कम से कम दस महिलाएं और अधिकतम पंद्रह महिलाएं को शामिल किया जा रहा है। गांव की महिलाएं रोजगार से जुड़ने के लिए स्वयं सहायता समूहों में शामिल होना पसंद कर रही हैं। जो महिलाएं जुड़ रहीं हैं। उन्हें प्रोत्साहन राशि भी विभाग द्वारा मुहैया कराई जा रही है।

जिला मिशन प्रबंधक सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में 18 हजार से अधिक समूह गठित हैं। इनमें जुडी ग्रामीण क्षेत्र की हजारों महिलाएं कोई न कोई व्यवसाय से जुड़ गई हैं। बैंकों से ऋण लेकर बकरी पालन, मुर्गी पालन के साथ ही गांव में जनरल स्टोर, सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें खोली गई हैं। कम ब्याज दर पर समूहों से मिलने वाले ऋण को प्रतिमाह अदा भी कर रही हैं। इस वर्ष 650 का लक्ष्य मिला है। समूह गठन का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## नवजात को मृत बता अस्पताल कर्मियों ने कूड़ेदान में फेंका

संवाददाता, सहसवान

- हंगामा होने पर कूड़ेदान से निकाला दूसरे अस्पताल में कराया भर्ती
- प्रसूता के स्वजनों ने अस्पताल पर कार्रवाई के लिए दी तहरीर

"सहसवान के निजी अस्पताल में नवजात को कूड़ेदान में फेंकने की जानकारी नहीं है। बुधवार को टीम भेज कर पता कराया जाएगा। घटना सही है तो कार्यवाही की जाएगी।
-डॉ. अब्दुल सलाम खान, सीएमओ

**अमृत विचार :** एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात को मृत बता कूड़ेदान में फेंक देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रसूता के हंगामा करने पर कूडेदान से नवजात को निकाला गया। पीड़ित परिवार ने अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्यवाही करने को तहरीर दी है।

नगर के मोहल्ला मोहद्दीनपुर निवासी कुंवर पाल की पुत्री माला की शादी बरेली के ग्राम भमोरा में के साथ हुयी है। गर्भवती माला मोहिउद्दीनपुर आई हुई थी। सोमवार को प्रसव पीड़ा होने पर माला को कस्बे के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। कुछ देर बाद माला ने एक पुत्र को जन्म दिया। स्वजनों का आरोप है कि नवजात को मृत घोषित कर नर्सिंग होम के स्टाफ ने कूड़ेदान में डाल दिया। प्रसूता ने पूछा तो स्टाफ ने कह दिया कि बच्चा मरा व गला था। इस बात पर परिजनों ने जब हंगामा किया तो कई अन्य लोग पहुंच गए। परिजनों ने कूड़ेदान में देखा तो नवजात की सांसें चल रही थीं। उन्होंने कूड़ेदान से नवजात को उठाकर जच्चा-बच्चा को बिसौली के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने नवजात को मशीन में रखा है। परिजनों ने बताया कि नवजात अब पूरी तरह स्वस्थ है। कुंवरपाल ने पुलिस को तहरीर दी है।

### एसएम पब्लिक स्कूल में पीटीएम का आयोजन

**बिल्सी।** कस्बा स्थित एसएम पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में समर वेकेशन से पूर्व पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें टीचर्स ने बच्चों के अभिभावकों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। पीटीएम से पूर्व बस्ता प्रतियोगिता कराई गई। विद्यालय अध्यक्ष प्रखर उपाध्याय व प्रधानाचार्य अवनेश कुमार शाक्य ने बच्चों को मासिक परीक्षा में पांच-पांच अंक बढ़ाने के लिए कहा। प्रशासक अमृतलाल शर्मा, उप प्रधानाचार्य मीनू सोलंकी, फरीन खान, मोहित बाबू, शिवानी मिश्रा, अंजली आदि मौजूद रही।

# स्वास्थ्य केंद्रों में अव्यवस्थाएं, अब टूटी नींद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



न्यू पीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ डा. अब्दुल सलाम खान। ● अमृत विचार

- सीएमओ ने किया मझारा की न्यू पीएचसी का औचक निरीक्षण
- दवाओं के अलावा ओआरएस की पर्याप्त मात्रा रखने का निर्देश

"गर्मियों में मरीज बढ़ रहे हैं। ऐसे में पीएचसी और सीएचसी पर दवाएं पर्याप्त मात्रा में रहें। डॉक्टर, कर्मचारी लापरवाही न करें। इसलिए हर दिन निरीक्षण किया जा रहा है। यदि कोई गैर हाजिर मिलता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।
-डा. अब्दुल सलाम खान, सीएमओ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य केन्द्रों पर अनियमितताओं की शिकायतों पर अब विभाग की नींद टूटी है। सीएमओ ने खुद ही स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। मझारा न्यू पीएचसी के निरीक्षण में तमाम खामियां मिलने पर चिकित्सक को फटकार लगायी। टूटी चारदीवारी को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए। दवाओं का भंडारण करने के साथ ही ओआरएस के पैकेट बांटने की हिदायत दी।

जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर अनियमितताओं की शिकायतें आम हैं। अधिकांश शिकायतें स्टाफ के गैरहाजिर रहने और उदासीनता की होती हैं। इन्हीं शिकायतों पर मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दुल सलाम खान और डिप्टी सीएमओ डा. मोहम्मद तहसीन ने ब्लॉक समरेर के ग्राम मझारा में न्यू पीएचसी का निरीक्षण किया। न्यू पीएचसी की चारदीवारी टूटी मिली, आस-पास घास और गंदगी से पीएचसी घिरी थी। अन्य तमाम अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं। ग्रामीणों ने बताया कि डॉक्टर और कर्मचारी देर से आते हैं और कुछ देर बैठने के बाद चले जाते हैं। उन्होंने स्टाफ को समय से आने की हिदायत दी। साथ ही पर्याप्त संख्या में दवाएं रखने, हर मरीज को दवा देने के अलावा गर्मी को देखते हुए ओआरएस के पैकेट भी जरूरत के हिसाब से लोगों को देने को कहा। सीएमओ ने कहा कि दीवार टूटी होने से जानवर भी अंदर आते रहते हैं। इसलिए सबसे पहले दीवार बनवाएं और मुख्य गेट को भी ठीक कराएं। डिप्टी सीएमओ डॉ. मोहम्मद तहसीन ने ग्रामीणों को सलाह दी कि बीमारी से बचाव के लिए गांव में घरों में आसपास सफाई बनाए रखें। मच्छरों को न पनपने दें।

## गन्ने पर चोटी बेधक कीटों का हमला, सूखने लगे पत्ते

- गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर ने जारी किया अलर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** गन्ना के पौधे पर इस साल भी बीमारी का संकट छाया हुआ है। चोटी बेधक कीट लगने से गन्ना सूखने लगा है। इस बीमारी से बचाव के लिए गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से अलर्ट जारी किया गया है।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर द्वारा बताया गया है कि इस साल गन्ने में चोटी बेधक बीमारी लगनी शुरू हो चुकी है। चोटी बेधक कीट सफेद रंग का होता है। पीछे से नारंगी रंग का होता है चांदी की तरह चमकता है। यह कीट गन्ने के पत्ते पर पनपता है जिससे पत्ता सूखने लगता है और फिर गन्ना नष्ट हो जाता है। स्थानीय स्तर पर भी गन्ना विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी तक यह बीमारी देखने को नहीं मिली है फिर भी बीमारी फैलने की आशंका व्यक्त की जा रही है। गन्ना परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि अभी बीमारी की कहीं से सूचना नहीं मिली है। फिर भी गन्ने पर दवा का छिड़काव करने की सलाह दी जा रही है। हां प्रदेश के कुछ जिलों में गन्ने में बीमारी फैलने की सूचना है। जनपद में करीब 20 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे में गन्ना किया जाता है। बीमारी कहीं भी लग सकती है।









# अल्ट्रासाउंड के दो सौ रुपये मांगे, नहीं दिए तो लौटा दिया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बाहरी लोग एप्रन पहन कर डयूटी करते हैं। करीब आधा दर्जन युवक युवतियां बाहरी हैं। यह बाहरी लोग मरीजों से रुपए ऐंठते हैं।

मंगलवार को शहर निवासी दीक्षा अल्ट्रासाउंड कराने जिला अस्पताल पहुंची। एप्रन पहने एक महिला ने दो सौ रुपए मांगे। नहीं दे सकी तो अल्ट्रासाउंड नहीं किया। भाई के साथ दीक्षा सीएमएस डा. कप्तान सिंह के पास पहुंची और रुपए मांगने की शिकायत की। दीक्षा ने रुपए मांगने वाली कर्मचारी का नाम भी बताया। सीएमएस ने कहा कि इस नाम की कोई कर्मचारी अस्पताल में नहीं है। बाहर के लोग घूमते रहते हैं जो रुपए की मांग करते हैं। उन्होने कहा कि इस मामले में कुछ नहीं कर सकते। पीड़ित भाई बहन ने कहा कि रुपए नहीं देने पर उसका अल्ट्रासाउंड भी नहीं किया गया।


शिकायत करते भाई-बहन।

- **जिला अस्पताल में रुपए मांगने की पीड़िता ने की सीएमएस से शिकायत**

## दो मई को ब्रेन हेमरेज के बाद जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था अनजान युवक

# खराब थी हालत, 16 दिन के बाद आया होश तो बताई पहचान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल युवक को 16 दिन बाद होश आया, तो उसने अपना और गांव का नाम बताया। इसके बाद परिवार का सूचना दी गई और युवक परिवार से मिल सका। आईसीयू के चिकित्सकों ने बताया कि युवक को ब्रेन हेमरेज हुआ था, अब वह खतरे से बाहर है।

दो मई को एक 31 वर्षीय युवक सड़क हादसे में घायल हो गया था। काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में युवक पूरी तरह बेहोश था। उसके पास मोबाइल या आधार कार्ड भी नहीं था। इसलिए युवक को अज्ञात में भर्ती किया गया। हालत गंभीर होने पर उसे रात को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया। डा. प्रदीप कुमार अग्रवाल, और डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने युवक का उपचार शुरू किया। डॉक्टरों की मशक्कत के बाद भी युवक को होश नहीं आया तो करीब आठ दिन पूर्व चिकित्सकों ने युवक को रेफर करने की बात कही जिस पर सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने युवक को यहीं पर भर्ती रखने के निर्देश दिए। कहा कि युवक के साथ कोई नहीं है, उसे बाहर कौन लेकर जाएगा। इसलिए युवक का यहीं पर उपचार करें।

डॉक्टर प्रयास करते रहे। 18 मई को युवक को कुछ होश आया तो चिकित्सकों में उम्मीद जगी। उसी रात को उसने आंखें खोलीं, और कुछ बोलने का प्रयास किया। यह चमत्कार देख चिकित्सकों के चेहरों पर भी मुस्कान आ गयी। 19 मई को युवक होश में आया तो उसने नाम नाम कमल सिंह पुत्र पुतू सिंह ग्राम सराय, दातागंज बताया। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गयी। परिजन दौड़े-दौड़े अस्पताल पहुंचे। परिजन 19 दिन से उसे इधर-उधर तलाश कर रहे थे। रिश्तेदारी, यार दोस्तों और जान पहचान वालों से जानकारी कर रहे थे।

गांव के लोगों ने मान लिया था कि कमल सिंह अब इस दुनिया में नहीं है। कमल सिंह को देख कर वे खुशी से झूम उठे। परिवार से मिल का कमल सिंह की भी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अब युवक ठीक है वह खाना भी खा रहा है। कमल सिंह के अस्पताल में होने की सूचना पर गांव के लोग उसे देखने को आ रहे हैं।


आईसीयू में भर्ती कमल सिंह।

- **रेफर कर रहे थे चिकित्सक पहचान न होने के चलते सीएमएस ने रोका**
- **16 दिन तक इलाज के बाद आया होश तो परिजनों के बारे में बता पाया युवक**

> घायल युवक को गंभीर हालत में भर्ती किया गया था। उसे सोलह दिन तक आईसीयू में रखा गया। दो चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। मेहनत रंग लायी जिससे युवक आज ठीक हो गया है। ब्रेन हेम्ब्रेज होने पर बचने की गुंजाइश बहुत कम होती है। यहां की आईसीयू की यह बड़ी उपलब्धि है जो सोलह दिन बाद युवक को होश आ गया। परिवार वाले भी खुश हैं। -**डा. कप्तान सिंह**, सीएमएस

## एक नजर

### ऋण बकाएदार की कुर्क की कृषि भूमि

**दातागंज।** गांव अमरोली में एक बाकीदार द्वारा बैंक लोन के 1,22,9000 रुपये जमा नहीं करने पर उसकी 42 बीघा कृषि भूमि तहसील प्रशासन ने कुर्क की है। एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने राजस्व वसूली सख्ती से करने के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार, संग्रह अमीन को निर्देश दिये। तहसीलदार आर पी सिंह ने सग्रंह अमीन को गावं अमरोली भेजकर बैंक बाकीदार अय्यूब खान पुत्र अख्तर द्वारा लोन के 1,22,9000 रुपये जमा न करने पर 42 बीघा कृषि भूमि को कुर्क करके खेत पा सूचना चस्पा करा दी है। प्रशासन की वसूली के प्रति सख्त रवैया अपनाये जाते से बाकीदारो में हड़कम्प मच गया है।

### गैर इरादतन हत्या का आरोपी जेल भेजा

**वजीरगंज।** गांव रोटा निवासी निर्दोष कुमार ने 16 अप्रैल को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि गावं निवासी परीक्षित पुत्र इतबारी लाल, गेंदनलाल, राजा उर्फ पुनीत और धर्मपाल ने उनके पिता शिशुपाल उर्फ सोपाली के साथ गाली-गलौज की। जान से मारने की धमकी दी और मारपीट करके छह से नीचे धक्का दे दिया। उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने आरोपी परीक्षित के खिलाफ मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। घायल को सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। जहां इलाज के दौरान 19 मई को शिशुपाल की मौत हो गई थी। पुलिस ने पहले से दर्ज रिपोर्ट में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाई थी। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी परीक्षित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# फर्जी दस्तावेज तैयार करके किसानों की जमीन हड़पने वाला गिरोह पकड़ा

## किसानों की जमीन की खसरा खतौनी निकलवाकर फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर किसानों की जमीन हड़पने वाला गिरोह पकड़ा है। आरोपी किसानों की खसरा खतौनी निकलवाकर फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे। जिसके आधार पर किसानों की जमीन हड़प लेते थे। शिकायतें मिलने पर पुलिस जांच कर रही थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य एकत्र किए। मंगलवार को एक ट्यूबवेल की कोठरी से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। सभी को जेल भेजा गया है।

एसएसपी आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर सिविल लाइन कोतवाली पुलिस किसानों से हो रही धोखाधड़ी की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस के सामने थाना अलापुर क्षेत्र के गांव अठर्रा और वर्तमान में शहर के बुद्धि बिहार निवासी बबलू पुत्र सियाराम, गांव नौशेरा निवासी अजय यादव उर्फ जगओम पुत्र छोटे लाल, इसी गांव के सत्यप्रकाश उर्फ साधु पुत्र हरपाल सिंह और अलापुर क्षेत्र के गांव कोठा निवासी बबलू उर्फ रंजीत पुत्र मैदान सिंह के नाम सामने आए।

चारों आरोपी किसान और उनकी जमीन के बारे में पूरी जानकारी करते थे। बाद में तहसील से जमीन की खसरा-खतौनी निकलवाते थे। फर्जी दस्तावेज, अभिलेख और फोटो तैयार करते थे। जिसके आधार पर किसानों की जमीन हड़प लेते थे।

पुलिस ने उनके फर्जीवाड़ा करने के साक्ष्य एकत्र किए। चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना, फर्जी दस्तावेज तैयार करने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई। मंगलवार को चारों आरोपियों को बदायूं-मथुरा राजमार्ग पर गांव नौशेरा निवासी साधू के चाचा के ट्यूबवेल की कोठरी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बबलू पुत्र मैदान के खिलाफ साल 2015 में गिरोहबंद अधिनियम, साल 2021 में आर्म्स एक्ट और आदतन चोरी करने के आरोप में पहले भी रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। गिरफ्तारी करने वालों में उपनिरीक्षक राजीव चौहान, हेड कांस्टेबल प्रतीक्ष प्रताप सिंह, कांस्टेबल रिंकू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रिंकू चौधरी रहे।


कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने के आरोपी।

- **शिकायतें प्राप्त होने के बाद जांच कर रही थी पुलिस**
- **मंगलवार को चार आरोपियों को दबोचा, जेल भेजा**

> कई दिनों से फर्जी दस्तावेज तैयार करके किसानों की जमीन हड़पने के गिरोह के सक्रिय होने की शिकायत मिल रही थीं। जांच की जा रही थी। मंगलवार को गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। आगे की जांच की जा रही है। - **गौरव विश्नोई**, सिविल लाइन कोतवाल।

# नौकरी की तलाश में गए युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** नौकरी तलाशने के लिए गए युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटनास्थल को लेकर उझानी और मुजरिया पुलिस उलझी रही। राजस्व विभाग की मदद से घटनास्थल तय हो सका।

उझानी के मिल कंपाउंड की इंद्रा कॉलोनी निवासी अरुण (32) पुत्र कालीचरन एटा में प्राइवेट नौकरी तलाशने की बात कहकर 19 मई को घर से निकले थे। 26 मई को वापस आने की बात कही थी। मंगलवार सुबह घर आने के लिए बरेली-कासगंज रूट की ट्रेन पर सवार हुए थे। रास्ते में बितरोई रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन से गिरकर उनकी मौत हो गई। उझानी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल मुजरिया क्षेत्र का बताते हुए वहां की पुलिस को सूचना दी। वहीं मुजरिया पुलिस ने घटनास्थल उझानी का बताया। पुलिस ने राजस्व विभाग की मदद से जानकारी की तो घटनास्थल मुजरिया थाना क्षेत्र का निकला। पुलिस ने युवक की जेब से निकले आधार कार्ड से शिनाख्त करके युवक के परिजनों को सूचना दी। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

# खेत पर बेसुध मिला टहलने गया युवक, अस्पताल में मौत

संवाददाता, इस्लामनगर/नूरपुर पिनौनी

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव विजयपुर निवासी एक युवक मंगलवार सुबह टहलने के लिए खेत पर गया। वह खेत पर बेसुध हो गया। युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां मौत हो गई। युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव विजयपुर निवासी अभिषेक शर्मा उर्फ रामजी (35) पुत्र चंद्रपाल खेतीबाड़ी में परिवार का सहयोग करते थे। वह रोज सुबह टहलने के लिए खेत पर जाते थे। मंगलवार सुबह लगभग पांच बजे वह टहलने के लिए खेत पर गए थे लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उन्हें फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। परिजन खेत पर पहुंचे लेकिन अभिषेक शर्मा का कहीं पता नहीं चला। सुबह लगभग आठ बजे गांव निवासी जुगेंद्र ने परिजनों को अभिषेक के खेत पर पड़े होने की जाकनारी दी। परिजनों को सर्पदंश का अंदेशा हुआ तो एक वैद्य के पास ले गए। हालत में सुधार न होने पर संभल के अस्पताल ले जाया गया। जहां युवक की मौत हो गई। डॉक्टर ने बताया कि युवक को सांप ने नहीं डसा था।

मृतक के भाई राजेश ने बताया कि वह जब खेत पर पहुंचे थे तो अभिषेक के गले और शरीर पर चोट के निशान थे। उनकी चप्पल दूर पड़ी थी। पास में ही खून से सना कपड़ा पड़ा था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। मृतक के भाई ने मौत का कारण जानने को पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। इस्लामनगर के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


मृतक अभिषेक शर्मा।

- **परिजनों के अनुसार गले और शरीर पर थे चोट के निशान**
- **मौत का कारण जानने के लिए की पोस्टमार्टम की मांग**

# ओवरहेड टैंक में घुसे सात बंदर निकल नहीं सके, भूख-प्यास से हो गई मौत

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंदपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाए गए ओवरहेड टैंक में सात बंदरों के शव मिले। ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस और पशु चिकित्सक पहुंच गए। पोस्टमार्टम कराकर बंदरों के शवों को दफन कराया गया। गांव के प्रधान ने जल जीवन मिशन के ठेकेदार और चौकीदार के खिलाफ तहरीर दी है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से गांव परमानंदपुर में ओवरहेड टैंक बनवाया गया है जो अभी खाली है। मंगलवार दोपहर एक ग्रामीण ओवरहेड टैंक पर चढ़ा। भीतर झांका तो बंदरों के शव देख उसके होश उड़ गए। उसने ग्राम प्रधान द्रोण कृष्ण सिंह को जानकारी दी। उन्होंने कुछ ग्रामीणों को ओवरहेड टैंक पर भेजा। भीतर सात बंदरों के शव पड़े थे।

प्रधान ने वन विभाग के रेंजर मनोज कुमार और आसफपुर के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दीप कुमार को सूचना दी। दोनों मौके पर पहुंचे। पुलिस भी आ गई। बंदरों के शव टैंक से बाहर निकलवाए। ग्रामीणों ने बताया कि शव को देखकर लग रहा है कि बंदर लगभग एक महीने से भीतर पड़े रहे होंगे। एक बार टैंक में घुसे लेकिन बाहर आने का रास्ता न मिलने के चलते भूख-प्यास से उनकी मौत हो गई। पानी भरा होता तो बाहर आ जाते। ग्राम प्रधान ने पुलिस को तहरीर दी कि जल जीवन मिशन के ठेकेदार और चौकीदार की लापरवाही की वजह से बंदरों की मौत हुई है। कुछ दिन पहले टैंक पर चढ़ते छोटे बच्चों का वीडियो वायरल हुआ था।


ओवरहेड टैंक में बंदरों के शव मिलने पर मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

- **ग्रामीण ने देखे शव तो प्रधान को बताया, बात फैली तो मची खलबली**
- **जल जीवन मिशन के ठेकेदार और चौकीदार के खिलाफ दी तहरीर**
- **पोस्टमार्टम कराने के बाद दफन किए बंदरों के शव**

> ओवरहैड टैंक में सात बंदरों के शव मिले थे। टैंक में पानी नहीं था। बंदरों की मौत भूख-प्यास से हुई थी। बंदरों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शवों को दफन किया गया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मांगेगी तो उपलब्ध कराएंगे। - **डॉ. दीप कुमार गुप्ता**, पशु चिकित्साधिकारी।

# दवा के धोखे में खाई कीटनाशक गोलियां महिला की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** एक महिला ने थकान मिटाने की दवा के धोखे में कीटनाशक गोलियां खा लीं। महिला को बरेली के अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां दो दिन के इलाज के बाद महिला ने दम तोड़ दिया।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव आजमगंज मड़िया निवासी नन्हें चौकीदार हैं। दो दिन पहले उनकी पत्नी गुड्डो देवी (35) घर पहुंची। वह बहुत थक गई थीं। थकान मिटाने की दवा के चक्कर में उन्होंने कीटनाशक की गोलियां खा लीं जिससे हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजनों ने महिला को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में मंगलवार को महिला की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना न देकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि महिला की मौत के बारे में जानकारी नहीं है।

# एडीएम और सिटी मजिस्ट्रेट को देख भागे दलाल


लोगों से पूछताछ करतीं एडीएम प्रशासन रेनू सिंह व सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार।


अधिकारियों के छापे के दौरान बंद दलालों की दुकानें। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एआरटीओ कार्यालय में दलाली का काम बंद नहीं हो पा रहा है। कुछ महीने पहले सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने छापामारी करके 14 दलालों को पकड़ा था। जिनके पास से लैपटॉप व ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित दस्तावेज और लोगों के आवेदन मिले थे। दलालों को जेल भेजा गया था। जिसके बाद से दलालों का कार्यालय आने का सिलसिला फिर शुरू हुआ है। मंगलवार को एडीएम प्रशासन और सिटी अरुण कुमार ने एआरटीओ कार्यालय पर अचानक छापा मारा। उन्हें देख दलाल दुकानें बंद कर भाग गए। एडीएम ने अनुपस्थित मिले एक कर्मचारी का स्पष्टीकरण के बाद ही वेतन जारी करने का निर्देश दिया।

मंगलवार दोपहर एडीएम प्रशासन रेनू सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार की गाड़ियां एआरटीओ कार्यालय के गेट पर रुकीं। अधिकारियों के वाहन देख कार्यालय के बाहर घूम रहे दलालों ने खेतों में दोड़ लगा दी तो कई बाइक उठाकर भाग निकले। दोनों अधिकारी दुकानों की ओर गए। एआरटीओ से दुकानों के बारे में जानकारी की। इसके बाद कर्मचारियों के केबिन में गए। कर्मचारियों से उनके पटल के बारे में पता किया। कार्यालय में खड़े लोगों से उनके आने का कारण और परेशानी के बारे में भी जानकारी की।

दोनों अधिकारियों ने उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। दो कर्मचारी अनुपस्थित थे। एक कर्मचारी अपनी कैंसर की दवा लेने गए थे जबकि वरिष्ठ सहायक अनुराग शुक्ला बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। एडीएम प्रशासन ने अनुपस्थिति लगाते हुए रजिस्टर पर लिखा कि कर्मचारी से स्पष्टीकरण तलब करने के बाद भी वेतन आहरित किया जाए। अधिकारियों के कार्यालय से जाने के बाद दलाल फिर आ गए और अपने काम में लग गए। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए खिड़की पर आवेदकों की लाइन लग गई। एआरटीओ प्रशासन रामवचन गुप्ता ने बताया कि अधिकारियों का निरीक्षण हुआ था। दो कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे। उनसे स्पष्टीकरण लिया जाएगा।

- **एडीएम रेनू सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने एआरटीओ कार्यालय पर मारा छापा**
- **अधिकारियों की गाड़ियां देखकर अपनी दुकानें बंद कर भाग गए दलाल**

> सिटी मजिस्ट्रेट के साथ एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया था। कर्मचारियों के अलावा कार्यालय आने वालों लोगों से जानकारी की थी। उस दौरान कोई भी बाहरी व्यक्ति कार्यालय में नहीं मिला। आगे भी औचक निरीक्षण किया जाएगा। - **रेनू सिंह**, एडीएम प्रशासन

# बाबट गांव में आधा दर्जन से अधिक नलकूपों में चोरी

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार:** चोरों ने गांव बाबट के जंगलों में स्थित आधा दर्जन निजी नलकूपों की दीवार काट कर मोटर आदि सामान चोरी कर लिया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव बाबट में किसानों ने फसलों की सिंचाई क लिए ट्यूबवेल लगा रखे हैं। सोमवार रात चोरों ने किसान राजवीर सिंह, अरविन्द पटेल, देशपाल सिंह, लोकपाल सिंह, रामदीन यादव, अशोक यादव, सुमित पटेल के निजी नलकूपों में कूमल लगाकर नलकूपों से स्टार्टर, हेल्पर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कापर केबल चोरी कर लिए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटनास्थल की स्थिति का जायजा लिया। किसानों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व चोरों ने भगवतीपुर, बरातेगदार, सिकरापुर, भजपुरा, दहेमी गांवों के किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते हुए मोटर आदि सामान चोरी कर लिया गया था। चौकी प्रभारी खेड़ा नवादा सुमित कुमार ने बताया कि कोई शिकायत पत्र नहीं मिला है। चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।


चोरों ने ट्यूबवेल की दीवार में लगाई सेंध।

# बिजली कर्मियों के साथ अस्पताल बंद कर संचालिका ने की मारपीट

संवाददाता, वजीरगंज

**अमृत विचार:** अफसरों के निर्देश पर शिवधाम कॉलोनी में जच्चा-बच्चा सेंटर पर निरीक्षण करने पहुंची बिजली विभाग की टीम के साथ संचालिका ने गेट बंद कर मारपीट की। बिजली कर्मियों ने अस्पताल की संचालक के खिलाफ तहरीर दी है। बिजली कर्मियों के साथ हुई मारपीट का वीडियो भी वायरल हो गया।

बिजली बिल बकाया वसूली करने के लिए विद्युत विभाग अभियान चला रहा है। मंगलवार को बिजली विभाग की टीम कस्बा स्थित शिवधाम कॉलोनी में संचालित निजी अस्पताल में जांच करने पहुंची। टीम ने मीटर रीडिंग चेक करने के बाद कनेक्शन नंबर मांगा। इसी दौरान अस्पताल संचालिका ने अपने सहयोगियों से मेन गेट बंद करा दिया गया। इसके बाद अस्पताल संचालिका ने सहयोगियों की मदद से कर्मचारियों के साथ मारपीट की। कर्मचारी किसी तरह गेट घोलकर वहां से भागे। जानकारी एसएसओ प्रमोद कुमार और एसडीओ कुशमेंद्र को दी। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने पुलिस को फोन का अस्पताल बुलाया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आरोपी अस्पताल संचालिका पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। वहीं अस्पताल संचालिका द्वारा भी विद्युत कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

- **बिजली कर्मियों की तहरीर पर अस्पताल संचालिका पर रिपोर्ट**
- **शिवधाम कॉलोनी में अस्पताल में जांच करने पहुंचे थे कर्मचारी**

> अस्पताल पर विभाग का 38 हजार रुपया का बिल बकाया है। घरेलू मीटर पर ही अस्पताल में बिजली चलाई जा रही है। जिसकी जांच करने पहुंची टीम के साथ अस्पताल संचालिका ने सहयोगियों की मदद से मारपीट की। अस्पताल संचालिका के खिलाफ तहरीर दी गई है। -**कुशमेंद्र गंगवार**, एसडीओ विद्युत विभाग

> बिजली कर्मियों की तहरीर पर अस्पताल संचालिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल मामले की गहनता से जांच कराई जा रही है। -**राकेश कुमार**, इंस्पेक्टर

# बाइकें टकराईं, बच्चा सहित पांच घायल

**सहसवान, अमृत विचार:** रोड पर दो बाइक आमने सामने से टकरा गई। जिसमें एक बच्चा और महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुडारी सिधारपुर निवासी विजय सिंह की मृत्यु हो गई थी। मंगलवार को उनके रिश्तेदार गांव आ रहे थे कि कछला मार्ग पर पैरामेडिकल कॉलेज के पास उनके रिश्तेदारों की बाइकें आपस में टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दलवीर सिंह, उनकी पत्नी कुसुमा, आशीष, उनकी आठ माह की पुत्री अनुष्का और आनंदी देवी पत्नी जहान सिंह घायल हो गईं। हादसे के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पांच लोगों के डूबने के बाद घोषित किया डेथ प्वाइंट

संवाददाता, कछला

**अमृत विचार :** कछला गंगा घाट पर एक ही जगह पर हुई पांच मौतों के बाद प्रशासन जागा है। अब एसडीएम ने गंगा घाट पर पहुंच कर उस स्थान को डेथ प्वाइंट घोषित करते हुए बेरिकेडिंग करने के निर्देश दिए हैं।

कछला गंगा घाट पर लोग स्नान करने को आते हैं। पिछले दिनों गंगा में एक जगह पर स्नान करते समय पांच लोगों की डूबने से मौत हो गयी। मंगलवार को एसडीएम सदर एसपी वर्मा ने गंगा घाट पर पहुंच कर निरीक्षण किया। जहां पर डूबने से मौतें हुई हैं उस स्थान को चिन्हित करते हुए डेथ प्वाइंट घोषित कर दिया। उसकी बेरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नाव पर दो गोताखोरों की तैनाती करने को निर्देशित किया गया है। कछला नगर पंचायत के ईओ अब्दुल सबूर को निर्देशित किया गया है कि स्नान के दौरान इस पर नजर रखें और सुरक्षा के प्रबंध करें। इस मौके पर चेयरमैन जगदीश सिंह, मेला प्रभारी कुलदीप कश्यप, ठेकेदार फजले अहमद, नसीम आदि मौजूद रहे।


कछला गंगा घाट का निरीक्षण करते एसडीएम एसपी वर्मा।

- **गंगा घाट पर बेरिकेडिंग कर लगाएं गोताखोर, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के दिए निर्देश**

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

# बाजार में वाहन बेलगाम, लगा रहता है जाम

## नगर पालिका की पार्किंग पड़ी खाली, बाजारों में जाम से लोगों के साथ दुकानदार भी परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में यातायात नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है। वाहन चालक कहीं भी रोड पर कार व आटो खड़े कर लेते हैं। बाजारों में ऑटो रिक्शा इधर-उधर खड़े मिलते हैं। वाहनों की लंबी कतार लगने से घंटों आवागमन बाधित रहता है। नगर पालिका की ओर से बनवाई गई पार्किंग का भी प्रयोग नहीं किया जा रहा।

यातायात नियमों के प्रति जागरुकता अभियान के बाद भी लोग मनमानी करते हैं। आलम यह है कि चार पहिया वाहन जगह-जगह सड़कों पर खड़े मिलते हैं। बदायूं छोटा शहर और घनी आबादी है। बाजार में सड़कें भी तंग हैं। ऐसे में बेतरतीब खड़े वाहन बड़ी समस्या खड़ी करते हैं। शहर के बीच एसके इंटर कॉलेज के गेट के सामने कारें खड़ी की जाती हैं। रोड पर कार खड़ी होने से स्कूली बच्चों को दिक्कत होती है वहीं बाजार आने वाले भी इधर-उधर से मुश्किल निकल पाते हैं।


एसके कॉलेज गेट के सामने खड़े बेतरतीब वाहन। ● अमृत विचार


बाजार में ऑटो रिक्शा से लगा जाम। ● अमृत विचार

- एसके इंटर कॉलेज के गेट के सामने खड़ी की जाती हैं कारें
- इंदिरा चौक रोड पर वाहन खड़े होने से होती हैं दिक्कतें

मुख्य बाजार में सकरी सड़कों पर ऑटो रिक्शा और अन्य छोटे वाहनों का कब्जा रहता है। जिससे सड़कों पर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। दुकानदार भी इन वाहन चालकों से परेशान हैं। इसी के साथ इंदिरा चौक रोड पर वाहन खड़े होने से दिक्कत होती है। कई बार यहां पर दोपहिया वाहनों को भी जाम में फंसना पड़ता है। यातायात पुलिसकर्मी सड़क किनारे खड़े वाहनों को नहीं हटा पाते।

इंदिरा चौक से दातागंज तिराहा और एसके इंटर कॉलेज मार्ग पर अस्पतालों के बाहर खड़े वाहन परेशानी का सबब बन रहे हैं। जिससे अक्सर जाम लगा रहता है। कचहरी से लालपुल को जाने वाले रोड पर यही हाल रहता है। एक अस्पताल के गेट पर दर्जनों वाहन खड़े रहते हैं। इस रोड से दिल्ली आगरा को रोडवेज बसों का आना-जाना रहता है। रोड पर वाहन खड़े होने के कारण बसों को भी दिक्कत होती है। शहरी आवागमन भी इस रोड पर अधिक रहता है। टीएसआई रामसेवक ने बताया कि चौराहों पर जाम लगने की सूचना पर जाते हैं। वाहनों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। जल्द ही अभियान चलाकर वाहनों का आवागमन दुरुस्त कराया जाएगा।


इन्द्रा चौक रोड पर वाहनों की कतार। ● अमृत विचार

# अंक पत्र के साथ पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे


सम्मान समारोह में मौजूद छात्र और शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, करियामई

**अमृत विचार :** करियामई में श्री जी कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को परीक्षा फल वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य कोमल कांत जौहरी ने करीब 27 मेधावी छात्र- छात्राओं को अंक पत्र के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय के समस्त स्टाफ को बधाई दी। विद्यालय में मौजूद अभिभावकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय स्टाफ की सराहना की। इस मौके पर रेखा जौहरी, योगेश शर्मा, अनुष्ठान गुप्ता, बिट्टू कुमार, मोनू शर्मा, रिंकी शर्मा, ज्योति शर्मा, खुशी ठाकुर सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# मतदान के बहिष्कार पर दिया आश्वासन बाद में बिजली समस्या की नहीं ली सुधि

संवाददाता, दबतरा

**अमृत विचार :** बिसौली क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव के लोग बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। गांव के लोग विभाग तथा प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार समस्या का समाधान कराने की मांग भी कर चुके हैं फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो

गांव भरतपुर, मुसीया नगला, वीधा नगला, दौलतपुर, लालू नगला, आदि गांवों के लोगों ने बिजली की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। गांव की जनता को समझाने पहुंचे विधायक आशुतोष मौर्या एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने जल्द समस्या का समाधान हो जाने का आश्वासन दिया था। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुयी है।बिजली नहीं आ रही है। भीषण गर्मी में दस दस घंटे बिजली गुल रहती है। जिससे फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। पानी के बिना मक्के की फसल सूख रही है। लोग परेशान हैं। किसानों ने कहा कि यदि मक्के की फसल सूख जाएगी तो ठीक नहीं होगा। ग्रामीणों ने कहा कि बिजलीघर नहीं बनने से पूरा इलाका परेशान है। जब तक बिजलीघर नहीं बन जाता है तब तक किसान परेशान रहेंगे।


क्षेत्र में करीब आठ साल से बिजली की समस्या बनी हुई है। सांसद-विधायक आश्वासन देकर चले जाते हैं किसी ने समस्या का समाधान नहीं किया है। किसान बेहद परेशान हैं। कई गांवों को परेशानी हो रही है। -बंटी सिंह


क्षेत्र में बिजली की समस्या एक गंभीर समस्या है। आज कल सब कुछ बिजली पर ही आधारित है। इस भीषण गर्मी में बिजली न आने से उपभोक्ता परेशान हैं। फसलें सूख रही हैं। -नवनीत सिंह


सांसद, विधायक एवं अधिकारियों सूचित किया। उसके बाद भी बिजली की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। स्थानीय स्तर पर विभाग की लापरवाही से लोग परेशान हैं। -अभय मिश्रा


करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों को बिजली संकट सता रहा है। शासन स्तर से बिजली देने के आदेश हैं फिर भी यहां मात्र आठ दस घंटे बिजली मिल पा रही है। दबतोरी में बिजली घर बनाया जाए। -अरुण शर्मा

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

## शाइनिंग स्टार स्कूल का मनाया गया वार्षिक उत्सव

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** शाइनिंग स्टार स्कूल की 10 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रबंधक हबीब रहमान ने मेधावी विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार राशि का चेक और प्रमाण पत्र भेंट किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर हबीब रहमान ने किया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से वार्षिकोत्सव समारोह को यादगार बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय की ओर से धनराशि का चेक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गाय। इस मौके पर प्रिंसिपल सबा नाज़,डायरेक्टर हबीब रहमान,डॉ सालीम,डॉ तनवीर,निदा खान, सिमरन, शाजिया, रिफा, निशा, अलीना, मुस्कान, स्नेहा,समेत आदि मौजूद रहे।

## गश खाकर सड़क पर गिरे बुजुर्ग की मौत

**बदायूं।** इस्लामनगर के मोहल्ला मठिया निवासी बुजुर्ग पंडित हरिओम शर्मा मंगलवार दोपहर किसी काम से शहर आए थे। वह जिला सिविल बार में अधिवक्ता मोहित अग्रवाल से कुछ देर बात करने के बाद दोपहर लगभग दो बजे जिला अस्पताल की ओर जा रहे थे। सिविल बार के सामने मंदिर के पास गश खाकर गिर पड़े। राहगीर हरिओम को जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनकी शिनाख्त करके परिजनों को सूचना दी। तकरीबन दो घंटे बाद उनके परिजन आ गए। पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव ले गए। सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। उनकी मौत हार्टअटैक से लग रही थी।

## सार-संक्षेप

### फ्यूचर लीडर्स स्कूल में एसडीएम ने किया समरकैंप आरंभ



**बिल्सी।** फ्यूचर लीडर्स स्कूल ने मंगलवार को समर कैंप का एसडीएम. प्रवर्धन शर्मा ने फीता काटकर आरंभ किया। समर कैंप 30 मई तक आयोजित चलेगा। विद्यालय के एमडी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के लिए एक सुरक्षित, आकर्षक और समृद्ध वातावरण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने कहा कि समर कैंप बच्चों में नई ऊर्जा और उनकी रचनात्मकता को उजागर करते हैं। एकेडमिक हेड सी.के. शर्मा, डिसिप्लिन इंचार्ज बृजेश पाल सिंह, जूनियर कॉर्डिनेटर परमेंद्र सिंह, प्री प्राइमरी कोर्डिनेटर राखी गुप्ता, केशव शर्मा, पूनम चौहान, रूबी मौर्य, अंशु वार्ष्णेय, रूमा सक्सेना, दीक्षा गुप्ता, साक्षी, ट्विंकल जैन, प्रशांत सिंह, अंजली सिंह, नाहिद सैफी, शिवानी गुप्ता, दीक्षा वार्ष्णेय, सुमी, निशा बी, विशेष चौहान, शिफा, रागिनी मिश्रा, दीक्षा यादव व अन्य उपस्थित रहे।

### बेहटा चैम्पियन ने दिल्ली टाइगर को हराया



**बेहटा गोसाई।** बिल्सी क्षेत्र के गांव बेहटा गोसाई में चल रहे बीजीपीएल 7 के तीसरे मुकाबले में बेहटा चैम्पियन ने दिल्ली टाइगर को हराया। बीजीपीएल 7 का मुख्य अतिथि सेठ भिखारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इसके बाद कन्याओं को भोज कराया। मौके पर दिनेश पुरी, नवलपुरी, दिग्विजय शर्मा, सुरेंद्र पाठक आदि मौजूद रहे।

### बदायूं से दवा लेने आए मजदूर की दुर्घटना में मौत

**अमरोहा।** बदायूं से अमरोहा दवा लेने आए युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। रोडवेज की बस से उतरते ही सोत नदी पुल के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसा मंगलवार सुबह जोया में हुआ। दरअसल, रोडवेज की बस से उतरकर सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसकी जेब से मिली पर्ची से उसकी शिनाख्त अरुण कुमार सिंह (50) वर्ष पुत्र महेंद्र सिंह निवासी मुझियाना थाना बिनावर जनपद बदायूं के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने बताया कि अरुण मजदूर था। वह काला पीलिया की दवा लेने अमरोहा आ रहा था। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन उसके शव को घर ले गए। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्घटना में पिकअप चालक बदायूं के युवक की मौत

**भमोरा।** सोमवार रात 12 :00 बजे बरेली- बदायूं मार्ग पर आलमपुर पर बने कट पर बाइक सवार युवकों ने पिकअप को ओवरटेक किया, जिसके चलते दोनों वाहन आपस में भिड़ गए। इस दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, जिससे चालक रामप्रकाश (32) निवासी फिरोजपुर बदायूं घायल हो गए, इलाज के लिए लेकर जाते समय उनकी मौत हो गई ।। वहीं बाइक सवार बंझा दातागंज निवासी श्याम पाल और रामसेवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## शहर में आज

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का छात्र विकास शिविर पटियाली के सरस्वती शिशु मंदिर में सुबह 10 बजे से।
- आम आदमी पार्टी की बैठक शहर के अशोक नगर स्थित शिक्षा प्रकोष्ठ कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- बौद्ध कथा का वाचन सहावर के गांव सुजानपुर में दोपहर 12 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

## एक नजर

### घर में घुसकर दंपती पर किया चाकू से हमला

**कासगंज।** शहर के मोहल्ला हुल्का में सोमवार देर रात कुछ दबंगों ने घर में घुसकर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। हुल्का निवासी संजय कुशवाह के बेटे का किसी बात को लेकर मोहल्ले के पुष्पेंद्र से झगड़ा हो गया था। इससे गुस्साए पुष्पेंद्र ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर संजय के घर में धावा बोलकर संजय व उसकी पत्नी के साथ मारपीट शुरु कर दी। पीड़ित ने मारपीट का विरोध किया तो पुष्पेंद्र ने चाकू से हमला कर दिया। संजय की पीठ पर चाकू से कई दफा बार किए, जिससे वह घायल हो गया। उसे बचाने पर उसकी पत्नी को भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल हालत में पीड़ित सदर कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सिढ़पुरा ने सूचना के आधार पर पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि ओमकार निवासी ग्राम दहेली खुर्द थाना सिढ़पुरा को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज था। वह अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में महिला गिरफ्तार

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने दहेज एक्ट के मामले में वांछित चल रही महिला को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि 0पान कुमारी निवासी ग्राम मधूपुरा थाना गंजडुंडवारा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्ता को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# डायरिया ने पकड़ी रफ्तार, अस्पताल में मरीजों की भरमार

## डिहाइड्रेशन, पेट दर्द, उल्टी-दस्त और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी, जिला अस्पताल के सभी वार्ड फुल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

**अमृत विचार:** चिलचिलाती धूप और लू चलने से डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है। जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी चिकित्सालयों में मरीजों की कतारें लग रही हैं। अस्पतालों में ज्यादातर पेट दर्द, उल्टी और दस्त के मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

मरीजों की भीड़ बढ़ने से जिला अस्पताल में बुरा हाल है। रोजाना सुबह से ही पर्चा बनवाने से लेकर चिकित्सकों को दिखाने और जांच कराने वालों की लंबी लाइनें लग जाती हैं। भीड़ के चलते कई बार डॉक्टरों और मरीजों के बीच नोकझोंक हो जाती है। कभी तेज धूप और कभी बादल छाने पर उमस भरी गर्मी लोगों की सेहत बिगाड़ रही है। इससे लोग डिहाइड्रेशन, उल्टी, सिरदर्द, तेज बुखार, पेट दर्द और डायरिया के शिकार हो रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है तेज गर्मी के कारण शरीर में इलेक्ट्रोलाइट के असंतुलित होने पर दस्त और रक्तचाप के कम होने की समस्या मरीजों में देखने को मिल रही है। डायरिया के मरीजों भी संख्या तेजी से बढ़ी हैं। इसका प्रमुख कारण गर्मी में खाद्य पदार्थों का खुले में रखना, दूषित पानी और कई दिनों तक रखे खाने-पीने के सामान में कीटाणु पनपना है। इसका सबसे अधिक प्रभाव बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। रोजाना डायरिया के 40 से 50 मरीज सामने आ रहे हैं।

जिला अस्पताल में महिला व पुरुष वार्ड के अलावा बच्चों के लिए बना एनआईसीयू वार्ड हैं। 100 बेड के हॉस्पिटल में पुरुष वार्ड में 38 बेड महिला वार्ड में 18 और इमरजेंसी वार्ड में 12 बेड की क्षमता है। एनआईसीयू में 10 बेड हैं। इनके अलावा 32 बेड का वार्ड ऊपर बनाया गया है। तेज गर्मी में बीमारियां बढ़ने से सभी वार्ड फुल हैं। ऐसे में उल्दी-दस्त के मरीजों को सर्जिकल व अन्य वार्डों में भर्ती करना पड़ रहा है।


जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर के सामने लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

> भीषण गर्मी के चलते लगातार मरीजों की संख्या में बढोतरी हो रही है। अस्पताल में डिहाइड्रेशन, पेट दर्द, उल्टी, दस्त, बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल की दूसरी मंजिल पर 32 बेड बने हुए हैं। बेड की कमी नहीं होने दी जाएंगी।
> **-डा. संजीव सक्सेना**, सीएमएस

**जिला अस्पताल में रोज पहुंचने वाले मरीजों की संख्या**

- 15 मई 1404
- 16 मई 1160
- 17 मई 1253
- 18 मई 1284
- 20 मई 1484
- 21 मई 1444


जिला अस्पताल में भर्ती डायरिया के मरीज। ● अमृत विचार


जिला अस्पताल में बेड फुल होने पर महिला को बेंच पर लिटाकर चढ़ाई जा रही ड्रिप।

# स्मैक और चरस समेत मामा भांजा गिरफ्तार, जेल भेजा

- आरोपियों के पास 1002 ग्राम स्मैक, 800 ग्राम चरस, दो मोबाइल, 11 सौ रुपये बरामद
- एसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रुपये पुरस्कार देने का किया ऐलान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सर्विलांस टीम की मदद से एसओजी और नगर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी समेत दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जो आपस में मामा-भांजे हैं। जिनके कब्जे से स्मैक, चरस, दो मोबाइल आदि बरामद हुए। पकड़ी गई स्मैक व चरस की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रुपये बताई जाती है। एसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। सीओ अजीत चौहान के नेतृत्व में पुलिस और एसओजी ने बड्डू नगर के रहने वाले 25 हजार के इनामी नाजिम पुत्र अब्दुल सलाम के घर छापा मारा। जहां से नाजिम व अब्दुल रहमान उर्फ लारिब पुत्र जमील अहमद निवासी अंसारिया स्कूल के पास सिकंद्रराराऊ को गिरफ्तार किया। पुलिस को मौके पर 1002 ग्राम स्मैक व 800 ग्राम चरस, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, दो पैकेट पैकिंग वाली पॉलिथीन, दो मोबाइल एवं 1100 रुपये नकद बरामद हुए है। नाजिम पर 25 का ईनामी घोषित है। न्यायालय से उसकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी था। उसके नेटवर्क का डाटा सर्विलांस के माध्यम से एकत्रित कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। दोनों को संबंधित धाराओं में पाबंद कर न्यायालय में प्रस्तुत किया किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।


पुलिस की गिरफ्त में मादक पदार्थ तस्कर मामा-भांजा। ● अमृत विचार

# श्रद्धालुओं की कार पेड़ से टकराई, कई घायल

संवाददाता, मोहनपुरा

**अमृत विचार :** खाटू श्याम के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होने के बाद सड़क किनारे जाकर पेड़ से टकरा गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सवारों को कार से निकाल कर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

यह हादसा मंगलवार सुबह करीब 5.30 बजे कस्बा मोहनपुरा में सलेमपुर तिराहे पर हुआ। कार सवार श्रद्धालु सिकंदराराऊ की तरफ से आ रहे थे। सामने की तरफ से वाहन गुजर रहे थे, अचानक सलेमपुर तिराहे से एक बाइक सवार आ जाने से कार चालक हड़बड़ा गया। जिससे कार बाइक से टकराकर अनियंत्रित हो गई और पेड़ में जा घुसी। कार को अमन पुत्र स्व. कृष्ण गोपाल निवासी सूरजपुर गदरपुर जनपद उधमसिंह नगर, उत्तराखंड चला रहा था। इस घटना में बाइक सवार श्याम वीर पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी उदयभान मुरसान जनपद हाथरस घायल हुआ है। वह मामूरगंज मोहनी में अपने किसी रिश्तेदार के यहां आया था। मोहनपुरा पुलिस चौकी प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि घायल युवक को जिला अस्पताल भेज दिया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है।

कार सवार लोगों को भी हल्की चोटें आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है। घटना की कोई तहरीर नहीं लिखी गई है, दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी पर खड़े किए गए हैं।


पेड़ से टकराने के बाद मौके पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

- खाटू श्याम के दर्शन करने के बाद अपने घर लौट रहे थे कार सवार

# अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


**अमृत विचार:** शहर में सरकूलर रोड किनारे नाले पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसका पता लगने पर प्रशासन ने मंगलवार को बुलडोजर से अवैध निर्माण ढहा दिया। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल रहा।

एसडीएम संजीव कुमार को शहर में सरकूलर रोड किनारे बिलराम गेट क्षेत्र में नाले के ऊपर अवैध रूप से निर्माण किए जाने की सूचना मिली। इस पर एसडीएम ने नगर पालिका और पुलिस टीम के साथ अतिक्रमण हटाने जा पहुंचे। इसके बाद नाले के ऊपर किया गया अवैध निर्माण जेसीबी से ढहा दिया।

जानकारी करने पर एसडीएम को पता चला कि संजीव कुमार नाम का व्यक्ति अतिक्रमण कर रहा था। इस दौरान अतिक्रमण करने वाला मौके पर नहीं आया।बुलडोजर से पूरा अतिक्रमण ढहा दिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई, यदि किसी ने नाले पर या प्रतिबंधित स्थान पर अतिक्रमण किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

**शहर के कई इलाकों में है अतिक्रमण :** शहर में सरकूलर रोड के अलावा कई क्षेत्रों में लोगों अवैध कब्जा कर रखा है। इस तरफ प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। तहसील और पालिका प्रशासन संयुक्त रूप से अभियान चलाए तब समाधान होगा।


शहर में नाले पर अवैध रूप से किए गए निर्माण को ढहाती जेसीबी।


अवैध निर्माण ढहाने के दौरान मौके पर मौजूद एसडीएम और पुलिस अधिकारी।

- शहर में सरकुलर रोड किनारे नाले पर किया जा रहा था अवैध निर्माण

> पता चला कि नाले पर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। यह अतिक्रमण के दायरे में है। तत्काल पालिका और पुलिस टीम करे बुलाकर अतिक्रमण हटवा दिया गया। कहीं भी अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएंगा।
> **– संजीव कुमार**, एसडीएम

# नियमित वेतन न मिलने से शिक्षक परेशान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को डीएम से मिले और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थायी वित्त लेखाधिकारी की तैनाती कराए जाने की मांग की।

डीएम सुधा वर्मा को दिए गए ज्ञापन में जिक्र करते हुए शिक्षको ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थायी वित्त लेखाधिकारी की तैनाती नहीं है।कासगंज कोषाधिकारी पर लेखाधिकारी का चार्ज सौंप दिया गया है। उन पर अन्य विभागों के साथ ही ट्रेजरी का कार्य का भी बोझ अतिरिक्त है। ऐसे में शिक्षक और कर्मचारियों को प्रत्येक माह का नियमित वेतन, भुगतान, एरियर, पेंशन, ग्रच्यूटी के भुगतान में काफी देरी होती है। जिससे शिक्षको को काफी पेरशानी का सामना करना पड़ता है। उनके कार्यालय में स्थायी वित्त लेखाधिकारी की तैनाती किए जाने से समस्या दूर हो जाएंगी। समय से भुगतान मिलने लगेगा। उन्होंने डीएम से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थायी वित्त एवं लेखाधिकारी की तैनाती हेतु शासन को पत्र लिखने एवं तब तक किसी अन्य वित्त एवं लेखाधिकारी को माध्यमिक शिक्षा विभाग का चार्ज दिलाए जाने की मांग की। मांग करने वालों में श्रवण कुमार कुशवाह, संजय कुमार, हजारी लाल यादव,शीतला प्रसाद तिवारी, प्रभात यादव सहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।


डीएम से मिलने पहुंचे माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- डीआईओएस कार्यालय में स्थायी वित्त लेखाधिकारी तैनात करने की मांग

# शादी पुरस्कार के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**कासगंज।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया कि दिव्यांग शादी पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दिव्यांग दंपती को शादी करने पर पुरुष दिव्यांग होने पर 15000 एवं महिला दिव्यांग होने पर 20000 तथा दोनों पति-पत्नी दिव्यांग होने पर 35000 रूपया प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इच्छुक पात्र लाभार्थी आवेदन ऑनलाइन वेबसाइट पर करते समय दंपती को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आयु का प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र एवं आधार सहित ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# खबर छपी तो ने शुरू कराई नालों की सफाई

फॉलोअप

संवाददाता, गंजडुंडवारा:

**अमृत विचार:** बारिश का मौसम आने में करीब एक महीना शेष है। नगर के नाले तमाम नाले-नालियां चोक हैं। नालों का सफाई न होने पर नगर वासियों को जलभराव से जूझना पड़ेगा। इस पर 18 मई के अंक में अमृत विचार ने नाले-नालियों की सफाई को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की। इस पर नगर पालिका की नींद टूटी और मंगलवार से नगर में सफाई अभियान शुरू कर दिया गया।

नगर में जलभराव की समस्या पुरानी है। पालिका प्रशासन इसका स्थायी समाधान करना तो दूर बारिश से पूर्व नाले नालियों की सफाई का कार्य तक आरंभ नहीं गया।अमृत विचार ने कस्बे के हनुमान गढ़ी चौराहा, गांधी रोड, सुदामापुरी रोड, थाना रोड, स्टेट बैंक रोड सहित अनेक स्थानों पर होने वाली जलभराव की समस्या की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद पालिका प्रशासन ने नालों की सफाई कराने की योजना बनाई। मंगलवार से अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार की निगरानी में नालों की सफाई का विशेष अभियान शुरु कर दिया गया। जलभराव वाले स्थानों के अलावा कस्बे में सफाई कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।


नगर में नाले की सफाई करते पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

- नगर में अधिशासी अधिकारी की निगरानी में शुरु हुआ सफाई अभियान

> सफाई व्यवस्था बेहतर बनाई जा रही है। कस्बे में जगह-जगह लगे कूड़ा के ढेर अभियान चलाकर उठवाए जा रहे हैं। गंजडुंडवारा नगर को क्लीन बनाने के लिए पालिका कर्मी हर संभव प्रयास कर रहे हैं। **– सुनील कुमार**, ईओ गंजडुंडवारा


अभी तक शुरू नहीं हो पाई नालों की सफाई

अमृत विचार में 18 मई को छपी खबर।

# गंगा की बाढ़ रोकने को महमूदपुर पुख्ता की तरह बनाएं बांध

**कासगंज, अमृत विचार:** बारिश के मौसम में बाढ़ आने पर हर साल कटान का खतरा मंडराता है। इस साल भी बाढ़ के खतरे की आशंका है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज ने मंगलवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा के बार-बार सरकारी धन गंगा कटान रोकने के लिए लगाया जाता है, लेकिन हर साल बारिश आने पर गंगा किनारे के गांव खतरे में घिरे रहते हैं। बरौना, मिहोला, कादरगंज पुख्ता और सहवाजपुर पर 12.5 करोड की लागत से बांध का कार्य चल रहा है, जो टिकाऊ नहीं है। बारिश में फिर गांव वाले बाढ़ की त्रासदी झेलने को विवश होंगे। सोरों ब्लॉक के गांव इस्माइलपुर-महमूदपुर पुख्ता पर 1980 में गंगा का कटान और बाढ़ से क्षेत्र को बचाने के लिए लोहे के जाल में फंसाकर पत्थरों की ठोकरों से बांध बनाया गया था। यह बांध पिछले 45 साल से जस का तस है। इसी तरह का काम गंगा कटान को रोकने के लिए किया जाए।

# पूरी निष्पक्षता से कराई जाएगी वोटों की गिनती

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- डीएम और एसपी ने प्रत्याशियों के साथ की समीक्षा बैठक
- मतगणना अभिकर्ताओं का कराया जाएगा सत्यापन

**अमृत विचार :** मतगणना को निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण ढंग से कराए जाने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। मंगलवार को डीएम सुधा वर्मा व एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने प्रत्याशियों के साथ बैठक की। डीएम ने कहा कि प्रत्याशियों के मतगणना अभिकर्ताओं का सत्यापन कराया जाएगा। इसके बाद ही उन्हें अनुमति पत्र जारी किए जाएंगे।

जिले में चार जून को होने वाली मतगणना के लिए मंडी समिति में अलग-अलग पांडाल बनाए गए हैं। कासगंज, अमांपुर एवं पटियाली विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना मतगणना मंडी समिति कासगंज में होगी। डीएम ने कहा कि सुबह 8 बजे से मतगणना आरंभ हो जाएगी। प्रत्येक विधानसभा वार 14 टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक मतगणना टेबिल पर प्रत्याशी का एक मतगणना अभिकर्ता रह सकता है। मतों की गणना अधिकतम 29 चक्रों में होगी। प्रत्याशियों व उनके मतगणना एजेंट के वाहन मंडी परिसर में प्रवेश नहीं करेंगे। डीएम ने बताया कि मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम चार जून को सुबह छह बजे प्रत्याशियों व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में खोले जाएंगे। मतगणना अभिकर्ता की आयु 18 वर्ष से कम न हो। आयोग के निर्देशानुसार मंत्री, वर्तमान सांसद, विधायक, एमएलसी, महापौर तथा सुरक्षा प्राप्त महानुभाव आदि को मतगणना अभिकर्ता नहीं बना सकते हैं। पास धारकों के अलावा अन्य कोई व्यक्ति मतगणना परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। किसी भी पास धारक सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति के साथ सुरक्षा कर्मी को मतगणना परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मतगणना पंडाल में एआरओ टेबिल पर एक समय में केवल प्रत्याशी अथवा उनका निर्वाचन अभिकर्ता ही उपस्थित रह सकता है।



प्रत्याशियों के साथ बैठक करतीं डीएम सुधा वर्मा व एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

### विजय जुलूस निकालने पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुधा वर्मा ने कहा कि किसी भी विजयी प्रत्याशी को जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी ने जुलूस निकालने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतगणना अभिकर्ता के पास एआरओ द्वारा जारी पहचान पत्र न होने की स्थिति में किसी भी दशा में मतगणना हाल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### मतगणना स्थल पर मोबाइल ले जाने पर रहेगा प्रतिबंध

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना अभिकर्ता को जारी पास अहस्तांतरणीय होगा। मतगणना अभिकर्ता को एक काउंटिंग हाल से दूसरे में जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना अभिकर्ता को आवंटित टेबिल के अतिरिक्त अन्य टेबिल पर जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना परिसर में मोबाइल, कलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, आई पैड, लेपटाप, कैमरा तथा बीड़ी, सिगरेट, माचिस एवं लाइटर आदि ले जाना पूरी तरह वर्जित है।

जैव विविधता दिवस पर विशेष | जिला प्रशासन और डब्लूडब्लूएफ की टीम कर रही संयुक्त प्रयास

# नहर व नदियों की धार से आर्द्र क्षेत्रों को मिलेगा नया जीवन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जैव विविधता के क्षेत्र में नित नए प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन और वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की टीम ने जिले में जैव विविधता को बनाए रखने की नई संभावना तलाशी है। नहर नदियों की धार से आर्द्र क्षेत्रों को नया जीवन देने की पहल की गई है। इसके लिए प्रस्ताव भी तैयार कर लिए गए हैं।

पृथ्वी पर पेड़, पौधे, नदियां हों या जीवजंतु। यह सभी जैव विविधता का अंग है। संरक्षण के अभाव में अस्तित्व विहीन होते इन क्षेत्रों से जैव विविधता खतरे में है। मगर जिले में जैव विविधता बनाए रखने के लिए ठोस पहल हो रही है। दरियावगंज झील पहले ही लीडिग झील के रूप में चयनित हो चुकी है। अब राम छितौनी झील को नया जीवन देने की कोशिश की जा रही है। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ) की टीम के अफसर दिल्ली से कासगंज पहुंचकर संभावनाएं तलाशने में जुटे हैं।

**क्या है जैव विविधता :** सभी पेड़-पौधों और जीव जंतुओं में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की प्रजातियों को जैव विविधता कहते हैं। इसके अंतर्गत सबसे छोटे बैक्टीरिया से लेकर बड़े पेड़ पौधे और जंतुओं तक की प्रजातियां शामिल रहती हैं।

**दरियावगंज झील को मिला जीवनदान :** इस झील को तीन वर्ष पहले लीडिग झील के रूप में चिह्नित किया गया, लेकिन संरक्षण के अभाव में यहां विदेशी परिंदे नहीं आए। इसको लेकर जिला प्रशासन चिंतित दिखा। इस झील का पानी सूख चुका था। इस पर गोरहा नहर से रास्ता बनाकर झील को जीवन दिया गया। अब यहां जीव जंतु और पेड़ पौधों का विकास हो रहा है।

**गंगा से जुड़ेगी राम छितौनी झील :** यह झील सहावर क्षेत्र में है। धीमे-धीमे यह संरक्षण के अभाव में अस्तित्वहीन होने लगी। जिला प्रशासन ने इसके संरक्षण भी मुहिम छेड़ी है। पिछले दिनों राजस्व विभाग की टीम ने इस झील से अतिक्रमण हटवाया गया। अब डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम ने इस झील की जैव विविधता को बनाए रखने के लिए आगे आई है। इस झील को गंगा नदी से जोड़कर नया जीवन देने की योजना बनाई जा रही है।



> डीएम व सीडीओ का प्रयास है कि जिले में जैव विविधता को बनाए रखने के लिए बेहतर प्रयास किए जाएं। दरियावगंज झील को नहर से पानी दिया गया है। राम छिनौती झील को गंगा से जोड़कर जीवन देने की संभावना तलाशी गई है। **– हिमांशु कुमार** रियोजना अधिकारी डब्ल्यूडब्ल्यूएफ

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त
ताकत
व
रुकावट
प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध
YouTube पर Search करें
गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड
Complex Fistula (जटिल भगन्दर)
पाइल्स तथा एनल फिसर एवं
Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा
पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत
क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा
एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर
निकलना मल द्वार के आस
पास बार-बार फोड़ा बनना
एवं फूटना, बार-बार मल
त्याग करना, मल द्वार में दर्द
एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से
सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी,
बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं,
जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट
का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon
पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# स्टेट बैंक के आधार केंद्र में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



हादसे के बाद मौके पर छानबीन करती कोतवाली पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



आग बुझाती फायर ब्रिगेड की टीम।

- दमकल कर्मियों ने बमुश्किल पाया आग पर काबू, कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर जला

**अमृत विचार:** मंगलवार सुबह स्टेट बैंक के आधार कार्ड केंद्र पटल पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इसकी सूचना मिलने पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। इस दौरान मौके पर भगदड़ जैसा माहौल रहा।

मंगलवार सुबह बैंक में आधार केंद्र पोर्टल पर कर्मचारी कार्य कर रहे थे। तभी अचानक शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकली से आग लग गई, जिससे कंप्यूटर सिस्टम प्रिंटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गए। आग की लपटें निकलती देख वहां खलबली मच गई। सूचना तत्काल दमकल केंद्र को दी गई। दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और बमुश्किल आग पर काबू पाया। इधर, बैंक में पहुंचे उपभोक्ता घबराए नजर आए। हालांकि, दस्तावेज नहीं जले हैं। जो आधार कार्ड बनाए गए थे वो सभी सुरक्षित हैं।

> हम कार्य कर रहे थे। तभी अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे प्रिंटर व कंप्यूटर सिस्टम जल गया। – अंकित कुमार कर्मचारी आधार कार्ड केंद्र

> आधार कार्ड केंद्र पर आग लगने की सूचना जैसे ही मिली तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई और दमकल टीम को बुला लिया गया। शॉर्ट सर्किट से आग लगने का मामला सामने आया है। कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। – राम वकील, इंस्पेक्टर

## पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को किया याद



**कासगंज, अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि मनाई। कांग्रेस कार्यालय पर अधिवक्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के जिला चेयरमैन सत्येंद्रपाल सिंह बैस ने कहा कि राजीव गांधी ने देश हित में कई ऐसे कार्य किए जो मील का पत्थर साबित हुए। देश में आईटी युग का जनक राजीव गांधी को माना जाता है। श्रद्धांजलि देने वालों में शिवकुमार सिंह, मुनाजिर रफी, केशव मिश्रा, राजकिशोर यादव, पंकज चुतर्वेदी, इरफान सोलंकी, अब्दुल हई, शशिकान्त पचौरी, महीपाल कश्यप, अरविन्द सिंह यादव, सुबोध यादव, जावेद खान, यशवीर यादव विकास यादव, अशीष दीक्षित, अमित कुमार यादव, सादाब, एसके मलिक, देवेन्द्र चौहान, धारासिहं, अन्जुम राहत मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**सोरोंजी।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर कांग्रेसियों ने उन्हें याद किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश पटियात ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी देश में कंप्यूटर क्रांति लाए थे। इस अवसर अनिल मित्तल, राधेश्याम भारद्वाज, देवेंद्र गुप्ता, सत्यनारायण उपाध्याय, वेदांत, गौरव माथुर, बबलू कश्यप, हर्षवर्धन, उमंग, आदि मौजूद रहे।

## वार्षिक परीक्षाफल घोषित, समारोह में मेधावी पुरस्कृत

**अमांपुर, अमृत विचार :** कस्बा के एटा रोड पर स्थित श्री वेदराम सिंह आवासीय इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डा. केतसिंह वर्मा रहे। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान पर 20, दूसरे स्थान पर 17, तीसरे स्थान पर 14 बच्चे रहे। परीक्षा में तीन ग्रुप बनाए गए। पहला ग्रुप कक्षा शिशु से द्वितीय, दूसरा ग्रुप कक्षा तृतीय से पंचम तथा तीसरे ग्रुप में कक्षा 6 से कक्षा 9 तक छात्र–छात्राएं शामिल किए गए। छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए अच्छे अंक प्राप्त करने वालों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य त्रिमल सिंह ने बताया कि विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। कार्यक्रम का संचालन आदित्य नंदन ने किया। इस दौरान संचालक आदित्य नंदन, प्रधानाचार्य उमेश यादव, उप प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह, उप प्रधानाचार्य संगीता, कार्यालय प्रमुख पूर्णनानंद, गमनेश राजपूत, नवनीत सर, प्रभा मेम, शीतल मेम, राजकुमार सर आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, एक घायल

कासगंज। कासगंज-अतरौली मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। घटना में बाइक सवार राकेश निवासी हरदुआगंज जिला अलीगढ़ घायल हो गया। राहगीरों ने ई-रिक्शा द्वारा घायल बाइक सवार को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# सीडीओ को निरीक्षण में 24 कर्मचारी अनुपस्थित मिले

## वेतन रोका, निरीक्षण पंजिका देखने पर सामने आई हकीकत

संवाददाता, एटा

• विकास भवन के 10 कार्यालयों में तैनात हैं अनुस्थित कर्मचारी

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी एके वाजपेयी ने सोमवार को विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों की उपस्थिति पंजिका देखी तो 10 कार्यालयों में कार्यरत 24 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इन कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

सीडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में अनंत प्रताप सिंह, दीपेन्द्र कुमार शर्मा, धीरज कुमार अनुपस्थित मिले। श्रम विभाग में अीम, बबलू, पूनम, मनोज नदारद थे। जिला पंचायती राज विभाग कार्यालय में दीपक, अरविंद गायब पाए गए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में मो. ईसा व जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में वीरेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी कार्यालय में विनोद, सहायक अभियंता लघु सिंचाई में नरेश, भॅवरपाल, मनोज कुमार, रेखा, सौरभ कार्यालय में नहीं मिले। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी कार्यालय में विनोद कुमार, अनुज, जिला कार्यक्रम विभाग में विकास, वेभव, प्रमिला, दिनेश और उपायुक्त श्रम रोजगार कार्यालय में मुशीर खां अनुपस्थित पाए गए।

इस पर सीडीओ ने अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन और मानदेय रोकने का निर्देश दिया है। उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को इस मामले में कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है।

## रोटरी क्लब के कैंप में 155 लोगों का हुआ फ्री स्वास्थ्य परीक्षण

**एटा, अमृत विचार:** रोटरी क्लब की ओर से बारहसैनी धर्मशाला पुरानी बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाया गया। इसमें लोगो की आंखों का परीक्षण किया गया। उनकी जरूरत के निःशुल्क चश्मे व दवाएं दी गईं। कैंप में महिला स्पेशलिस्ट, जनरल फिजिशियन, जनरल सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। कैंप में 155 लोगों का चेकअप किया गया। इस मौके पर आरएसएस के विभाग प्रचारक कुलदीप सिंह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष साजन देव, अमित गुप्ता, संजीव, प्रदीप महाजन, चंद्र मोहन, सन्नी जैन, प्रशांत, रंजीत, मनोज आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### जिला जज ने जेल का औचक निरीक्षण किया



**कासगंज, अमृत विचार :** जिला न्यायाधीश एवं अपर जिला जज ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद कारागार के अधिकारियों को व्यवस्थाओं को लेकर दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला जज सैय्यद माऊज बिन आसिम, अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार ने बंदियों की निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, बॉडी वार्न कैमरों तथा ड्रोन कैमरों द्वारा रिकार्ड की गयी फुटेज देखे। सीसीटीवी कैमरों से लगातार हो रही गतिविधियों को कंट्रोल रूम से लाइव देखा। बैरक, मेस, जेल परिसर में व्यवस्थाएं देखीं और बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। निर्देश दिए कि कारागार के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए। साफ-सफाई बनाए रखें। भोजन में गुणवत्ता व साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे जाने के भी निर्देश दिए। प्राधिकरण के सचिव द्वारा बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु जानकारी प्रदान की गयी। बंदियों को स्वस्थ रहने हेतु अपने दैनिक जीवन में प्रतिदिन योगा अभ्यास करने हेतु प्रोत्साहित भी किया और बताया कि शारीरिक व्यायाम से मानसिक विकृति एवं शारीरिक विकृति दोनों में अनेक फायदे मिलते हैं। जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**मिरहची, अमृत विचार :** कासगंज के ग्राम नवावगंज सराय निवासी रोहित की पत्नी रश्मि ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन मनोरमा की शादी नौ वर्ष पूर्व मिरहची कस्बा निवासी शीलेन्द्र के साथ की थी। 20 मई की रात मनोरमा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद पहुंचे मायके वालों ने आरोप लगाया कि मनोरमा की ससुरालीजों ने जहर देकर हत्या की है। जबकि ससुराल पक्ष का कहना था डायरिया से मनोरमा की मौत हो गई।

### अधिवक्ता ने फंदे पर लटककर जान दी

**एटा, अमृत विचार :** शहर के आगरा रोड स्थित चुंगी के पास रहने वाले 75 वर्षीय अधिवक्ता केके भारद्वाज करीब दो साल से मानसिक रूप से परेशान थे। सोमवार रात 11 बजे उन्होंने घर में फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक उन्होंने कई बार नहर में कूदने का प्रयास किया। कार के सामने गिरकर आत्महत्या का प्रयास किया।

### युवती के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**एटा, अमृत विचार :** सकीट क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 17 मई को कोतवाली देहात के गांव नगला रनुआ में देवेन्द्र पुत्र यतेन्द्र समेत दो लोगों ने उसकी 19 वर्षीय बेटी का गांव से अपहरण कर लिया। आरोप है कि देवेन्द्र ने पीड़ित की पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया और विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज किया है।

### हत्या के इरादे से चलाई गोली

**मिरहची, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम नवीनगर निवासी प्रवीन ने पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव मुखरना निवासी मोनू पुत्र सत्येन्द्र समेत नौ नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है। आरोप है कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एमकेडी होटल जीटी रोड पर पीड़ित के भाई व दोस्त को पकड़कर लाठी व नाजायज असलाहों से मारपीट की और हत्या के इरादे से गोली चलाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर जैथरा के गांव नगला खूबी निवासी मुनेश पुत्र जयराम सिंह का आरोप है कि गांव के मंजेश पुत्र कामता प्रसाद समेत चार लोगों ने पीड़ित को गाली गलौज करते हुए मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी है।

### शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने एक शातिर किस्म के अपराधी को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव इस्माईलपुर निवासी बजरुल अली पुत्र महेराज अली शातिर किस्म का है। उसके खिलाफ साल 2017 से लेकर अब तक चोरी, डकैती, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट, जुआ आदि की 25 रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। उपनिरीक्षक प्रेमवीर और हेड कांस्टेबल राजकमल सिंह ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हत्या का आरोप

**जलेसर, अमृत विचार:** जलेसर के गांव सालवाहनपुर निवासी दुष्यंत कुमार उर्फ छोटू की पत्नी पूनम की सोमवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल पक्ष ने बताया कि पूनम ने फंदे पर लटककर खुदकुशी की है।

वहीं, मृतका के पिता लेखराज निवासी भूडगढ्ढा थाना फरिहा जिला फिरोजाबाद ने बताया कि उन्होंने पूनम की शादी 26 जून 2023 को दुष्यंत के साथ की थी। बाद में उसके ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने फांसी लगाकर हत्या कर दी।

## ट्राली में पीछे से घुसी बाइक, युवक की मौत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** निधौलीकलां थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक पीछे से ट्राली में घुस गई। इसमें गंभीर चोटें आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

सोमवार को निधौलीकलां थाना क्षेत्र के ग्राम नगला अकोला निवासी पंकज कुमार पुत्र रमेश चन्द्र और वहीं प्रवेश व करन एक ही बाइक पर निधौली कस्बा गए थे। वहां से रात 8:30 बजे अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में सौरखा स्थित पेट्रोल पंप के समीप उनकी बाइक सड़क किनारे चकोरी से भरी ट्राली में पीछे से घुस गई। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने पंकज को मृत घोषित कर दिया।

### पूर्णागिरि धाम जा रही मैक्स पलटी, 9 श्रद्धालु घायल

**टनकपुर।** मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को जा रही बस और मैक्स वाहन की टक्कर से मैक्स अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस घटना में नौ श्रद्धालु घायल हो गए। हादसा बस को ओवरटेक करने के दौरान हुआ। घायल सभी श्रद्धालु कासगंज के रहने वाले हैं। मंगलवार दोपहर टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के ककराली गेट के पास तड़ागी पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर बस (यूके 07पीए, 3776) श्रद्धालुओं को लेकर पूर्णागिरि जा रही थी। इस बीच श्रद्धालुओं को लेकर पीछे से आ रही मैक्स गाड़ी ( यूके 03 टीए 0170 )ने बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान मैक्स वाहन बस के आगे के हिस्से से टकराकर सड़क पर पलट गया। इस घटना में मैक्स वाहन का टायर भी फट गया। मैक्स में 19 यात्री सवार थे। हादसे में 9 लोग घायल हो गए जबकि 10 बाल-बाल बच गए। घटना के बाद बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाव में जुट गए। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपजिला अस्पताल टनकपुर पहुंचाया। घायलों में सुशीला देवी (55) पत्नी स्व. दिनेश चंद्र, दिनेश राजपूत (35) पुत्र प्रेमराज सिंह, मानवती (60) पत्नी प्रेमराज सिंह, रामबेटी (50) पत्नी दीपक सिंह, कृष्णा (8) पुत्री दिनेश कुमार, रुबी (32) पत्नी दिनेश कुमार, राकेश (34) पुत्र गोपीचंद, शिखा (14) पुत्री अवधेश पाल, वंशिका (14) पुत्री सुराज सिंह शामिल हैं।

**कार व आटो भिड़ंत में तीन लोग घायल :** सकीट से आ रहा ऑटो कवार गांव के पास ईको से भिड़ गया। इसमें सकीट के गांव कवार निवासी रविकांत की पत्नी आशादेवी, राजेन्द्र का पुत्र मुनीष कुमार, गांव कुल्लाहबीबपुर निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र महेन्द्र सिंह घायल हो गये।

## मंडी समिति में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी मतगणना

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** एटा लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा सदर, मारहरा एवं फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा अलीगंज, आगरा लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा जलेसर की मतगणना चार जून को मण्डी समिति में सम्पन्न कराई जाएगी। मंगलवार को डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना को लेकर राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मतगणना शांतिपूर्ण और पूरी तरह निष्पक्ष कराई जाए।



बैठक में डीएम प्रेम रंजन सिंह, अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि। • अमृत विचार

डीएम ने कहा कि मतगणना कार्मिक मण्डी समिति में जीटी रोड गेट से प्रवेश करेंगे। कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतगणना सम्पन्न होगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल, वीडियो कैमरा व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। मतगणना एजेंट व मीडिया कर्मी अलीगंज रोड गेट से प्रवेश करेंगे। मण्डी समिति के दोनों प्रवेश द्वारों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी रहेगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा की मतगणना 14-14 टेबल पर की जाएगी। प्रत्येक चक्र की गणना होने के उपरान्त एनाउंस कराया जाएगा। सभी प्रत्याशियों को टेबलवार एक-एक एजेंट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। मतगणना के दौरान कार्मिकों, एजेंटों को मोबाइल व अन्य किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री निषेध की गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## आज होना था भंडारा, मातम में बदलीं खुशियां

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** रेखपुर गांव में धार्मिक आयोजन होने से खुशियों भरा माहौल था। मगर तीन श्रद्धालुओं की मौत की खबर पहुंची तो पूरे गांव में मातम छा गया। हादसे के बाद मंगलवार को कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले।

ब्रह्मदेव मंदिर में रामायण के अखंड पाठ के बाद श्रद्धालु कलश विसर्जन व स्नान के लिए गोरहा नहर पर गए थे। यहां देखते ही देखते महिला श्रद्धालु पानी में डूबने लगी। दो को तो बचा लिया गया, जबकि तीन की मौत हो गई। हर कोई नहर की ओर दौड़ पड़ा। ग्रामीण भी काफी परेशान दिखाई दे रहे थे। भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बॉबी कश्यप और पुलिस प्रशासन के अधिकारी ग्रामीणों को सांत्वना दे रहे थे। उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया जा रहा था, लेकिन फिर भी परिजन बेहद द्रवित थे और उनकी आंखों के आंसू कम नहीं हो रहे थे।



पोस्टमार्टम हाउस पर विलाप करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

पिछले साल कछला गंगा घाट पर कलश विसर्जन के लिए सोरों क्षेत्र के गांव लोग ट्रैक्टर से पहुंचे। यहां स्नान करने के दौरान दो श्रद्धालुओं की गंगा में डूबकर मौत हो गई थी। कादरगंज घाट पर वर्ष 2022 में कलश विसर्जन के लिए दौरान तीन महिलाएं डूबी थीं, जिनमें एक की जान चली गई थी।

> यह घटना बेहद दुखद है। पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है। पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।
> – केपी सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष

## गलत ट्रेन में बैठ गए बदायूं के दंपती उतरते समय घायल

**बरेली, अमृत विचार :** हरिद्वार जाने के लिए बरेली जंक्शन पर पहुंचे दंपती गलती से दूसरी ट्रेन में चढ़ गए। उतरते समय वे गिरकर घायल हो गए। हादसा मंगलवार शाम 8: 30 बजे हुआ। अवीश कुमार निवासी म्याऊं थाना अलापुर बदायूं व उनकी पत्नी पुष्पा को देहरादून जनता एक्सप्रेस से हरिद्वार जाना था। इस बीच 13307 गंगा सतलुज एक्सप्रेस जंक्शन पर आ गई। गलती से परिवार के लोग इस ट्रेन में सवार हो गए, लेकिन जब पता चला कि वे गलत ट्रेन में बैठ गए हैं। चलती ट्रेन से उतरने के दौरान अवनीश का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि पुष्पा का पैर कट गया।

सम्मन वास्ते प्रकाशन हेतु
व अदालत उपजिलाधिकारी फरीदपुर, जिला बरेली
वाद सं. T202312130303967 न् 2023
मो० अजीम बनाम कृष्णपाल सिंह
मुद्दालय बनाम कृष्णपाल सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह, निवासी ग्राम गांगेपुरा, परगना व तहसील फरीदपुर, जिला बरेली व शाहिद खाँ पुत्र इब्राहीम खाँ, निवासी ग्राम पढेरा, परगना व तहसील फरीदपुर जिला बरेली व गाँव सभा सराय कस्बा Z-A परगना व तहसील फरीदपुर जिला बरेली द्वारा अध्यक्ष नगरपालिका परिषद फरीदपुर जिला बरेली
चूंकि मुसम्मी मो० अजीम आपके नाम एक नालिश वास्ते धारा 116 U.P.R.C के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 07/06/2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूवी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।
आज तारीख 10/05/2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
न्यायालय उप जिलाधिकारी
फरीदपुर, बरेली

## बच्चों में बदलाव लाकर पूरी दुनिया में बदलाव संभव

**बदायूं, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र कादरचौक के ग्राम धनुपुरा में श्री राम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस संस्था की ओर से एकात्म अभियान के अन्तर्गत ध्यान शिविर के समापन पर ग्राम वासियों ने बहुत ही लगन और उत्साह के साथ ध्यान सत्र में प्रतिभाग किया। जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्र ने कहा कि बच्चों में बदलाव लाकर हम बीस वर्षों में पूरी दुनिया को बदल सकते हैं, और इस कार्य को मां अच्छी तरह से कर सकती है। उन्होंने इस बदलाव के लिए अभ्यास रिलेक्शेसन, ध्यान, सफाई एवं प्रार्थना को अपने दैनिक जीवन में अपनाने पर बल दिया। राशन कार्ड के सम्बन्ध में कहा कि छूटे हुए यूनिट को जोड़ने का कार्य शीघ्र किया जाएगा। केंद्र समन्वयक संतोष सक्सेना ने कहा कि हार्टफुलनेस की सहज मार्ग पद्धति द्वारा हृदय में ईश्वरीय प्रकाश का सूक्ष्म विचार के साथ ध्यान करना अत्यंत सरल हो जाता है। एकात्म अभियान शिविर की सफलता में जोनल कोऑर्डिनेटर अनुज सक्सेना, प्रशिक्षक लखन सिंह, अमित पाराशर, अवनीश्वर सिंह, चरन सिंह, नवीन कुमार, रामसिंह एवं दिवाकर शर्मा मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैं नदीम पुत्र बन्ने, निवासी नई बस्ती, वार्ड नंबर 13, कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी, बरेली का निवासी हूँ। मैंने अपना नाम नदीम से बदलकर नदीम फारुकी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### कुत्ते पर चाकू से किया हमला

**बदायूं।** पीपुल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष ने जालंधरी सराय निवासी युवक पर कुत्ते पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

K.M.CONVENT COLLEGE
REQUIRED
To Teach/Office for Primary & Junior Section(N.C.to VIII)
Sub: Science, Maths, English, Social Science, Sports Teacher, Music Teacher, Computer Operator, (Nuns also can apply) etc.
: Qualification :
Trained Graduate/Post Graduate /B.Ed & Fluent in English.
Salary upto 40000/- PM
Can send their biodatas within one week to the following address/ Whatsapp
CHAIRMAN
8171114080, 9627496037
Sarauri Bagrain Near Saidpur, Badaun

Telephone : (0581)-2510628
Fax : (0581)- 2511283
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
भविष्य निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website: www.epfindia.gov.in | E-mail: ro.bareilly@epfindia.gov.in
No. 120062EPFO/RO/BLY/ADM प्रेस विज्ञप्ति Date: 21/05/24
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशन धारकों एवं नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु क्षेत्रीय कार्यालय बरेली द्वारा इस माह विभिन्न जिलों में दिनांक 27.05.2024 को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 के आयोजन स्थलों की जानकारी निम्नवत् है:-

| जनपद | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|
| बरेली | रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज कैम्पस, बरेली 243122 |
| मुरादाबाद | आर्यन्स इंटरनेशनल स्कूल, बुद्धि बिहार, फेस-1, सेक्टर-02, खुशालपुर रोड, मुरादाबाद 244001 |
| रामपुर | चड्डा पेपर प्राइवेट लिमिटेड, नैनीताल रोड, तहसील-बिलासपुर, रामपुर- 244921 |
| शाहजहांपुर | शिव शंकर इंटरप्राइजेज, मोहल्ला दिलाजक, निकट राम बाबू की डेरी, शाहजहांपुर 242001 |
| बदायूं | बाबा इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर बुजुर्ग, निकट गवर्नमेंट हॉस्पिटल |
| जे.पी.नगर | जगदीश शरण हिन्दू डिग्री कॉलेज, अमरोहा, जे.पी. नगर- 244221 |
| संभल (भीमनगर) | बेसिक शिक्षा अधिकारी, संभल, भीम नगर- 202410 |
| पीलीभीत | जे.सी. रिवरडेल सेकेण्डरी स्कूल, पूरनपुर, पीलीभीत- 262121 |

अनिल कुमार
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी अधिकारी

# आधी सीटों पर सीधी, एक तिहाई में त्रिकोणीय लड़ाई

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। प्रदेश में अब जिन 27 सीटों पर अगले दो चरणों में लोकसभा चुनाव होना है, उसे पूर्वांचल का रण कहा जा रहा है। यहां जातीय गोलबंदी के बीच आधी सीटों पर सीधी तो एक तिहाई में तिकोनी लड़ाई की तस्वीर उभर रही है। 2019 के परिणाम के मुताबिक इन 27 सीटों में भाजपा ने 18, अपना दल ने दो यानी एनडीए गठबंधन ने 20 सीटें जीती थीं। आजमगढ़ की सीट भाजपा ने उपचुनाव में सपा से छीन ली थी। इस तरह एनडीए के पास वर्तमान में 21 सीटें हैं, जबकि छह सीटें बसपा के पास हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। इस बार सपा ने कांग्रेस से गठबंधन किया है, जबकि बसपा अकेले चुनाव मैदान में है। बसपा ने 2019 के चुनाव में जौनपुर, घोसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, अंबेडकर नगर तथा लालगंज लोकसभा सीटों पर सफलता पाई थी।

अंतिम दो चरणों में मतदान वाली 27 लोकसभा सीटों में भाजपा ने 24 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। दो सीटों पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) और एक सीट पर ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा का प्रत्याशी मैदान में है। इसके मुकाबले सपा ने 22 सीटों पर उम्मीदवार उतार रखे हैं। चार सीटों पर गठबंधन के तहत कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव लड़ हैं। एक सीट भदोही से टीएमसी का उम्मीदवार मैदान में है। बसपा के प्रत्याशी सभी 27 सीटों पर ताल ठोंक रहे हैं।

भाजपा के सामने मिशन-80 की कामयाबी के लिए इन 27 सीटों पर क्लीन स्वीप करने की चुनौती है, तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने आजमगढ़ सीट भाजपा से वापस लेने के साथ अपने पीडीए फॉर्मूले की सफलता सुनिश्चित करनी है। बसपा प्रमुख मायावती की सबसे बड़ी चुनौती अपनी पार्टी का सियासी आधार कायम रखना है, तो कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली के बाहर अपना वजूद तलाशने की चुनौती से जूझना है।

**25 मई को14 सीटों पर पड़ेंगे वोट:** प्रदेश में छठे चरण में 14 सीटों सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर व भदोही लोकसभा सीट पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। सातवें चरण का मतदान एक जून को 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज में होगा।

### अगले दो चरणों में 27 लोकसभा सीटों पर पूर्वांचल का रण जीतने की जंग







**27** लोकसभा सीटों पर प्रदेश में चुनाव रह गया शेष

**14** सीटों पर छठे चरण में 25 मई को होगा मतदान

**13** सीटों पर अंतिम चरण में पहली जून को वोटिंग

### 2019 का परिणाम




(आजमगढ़ की सीट सपा उपचुनाव में भाजपा से हार गई थी)

**इंडिया ब्लॉक**
- 22 – सीटों पर सपा ने उम्मीदवार उतारे
- 04 – सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव
- 01 – एक सीट भदोही से टीएमसी का उम्मीदवार
- 27 – सभी सीटों पर बसपा प्रत्याशी ठोंक रहे ताल

**कौन कितनी सीट पर मुकाबले में (एनडीए)**
- 24 – लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी
- 02 – सीटों पर अपना दल (एस) के उम्मीदवार
- 01– सीट पर सुभासपा का प्रत्याशी मैदान में

### चुनावी चक्रव्यूह का छठा द्वार भाजपा पांच सीटें गई थी हार

- छठे चरण की अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, लालगंज और जौनपुर सीट साल 2019 के चुनाव में बसपा ने जीती थी तो आजमगढ़ में सपा ने जीत दर्ज की थी, हालांकि अब इस सीट पर उसका कब्जा नहीं है। ऐसे में इस बार भाजपा के लिए इन पांच सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, जो आसान काम नहीं है। इसकी वजह, पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर जातीय समीकरणों का मकड़जाल है। यहां आधी से ज्यादा सीटों पर पिछड़ों का प्रभाव है। वही हार जीत तय करते हैं। इसके कारण ही अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी जैसे छोटे दल पिछड़े वर्ग के मतदाताओं में खास जाति के आक्सीजन पर ही चल रहे हैं। इसी तरह करीब एक तिहाई सीटों पर सवर्ण विशेष रूप से ब्राह्मण और ठाकुर मतदाता प्रभाव रखते हैं। इसे देखते हुए सभी दल अपने आधार वोट बैंक को जातीय वोटों के साथ जोड़कर प्रत्याशी उतारते रहे हैं।

## पहले जाति-बिरादरी फिर पार्टी : पूर्वांचल में छठे चरण की वे छह सीटें जिन पर आर-पार का मुकाबला

### लालगंज में सात चुनावों में एक बार जीती भाजपा

- लालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट पर पिछले सात चुनावों में चार बार बसपा, दो बार सपा जबकि भाजपा ने सिर्फ एक बार 2014 में जीत दर्ज की है। इससे पहले 2009 में बसपा जीती थी और 2019 में सपा के साथ गठबंधन में जीत हासिल की थी। बसपा की संगीता आजाद को 54 .01 तो भाजपा की नीलम सोनकर को 37 .19 प्रतिशत मत मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी लगभग दो प्रतिशत वोट ही हासिल कर पाया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटें जीत ली थी। इस बार भाजपा ने फिर से नीलम सोनकर पर ही भरोसा जताया है। सपा ने पुराने समाजवादी दरोगा सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है, तो बसपा ने डॉ. इंदु चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है।

**2019** — बसपा 54.01% · भाजपा 37.19%

### जौनपुर में आठ चुनावों में भाजपा तीन बार जीती

- जौनपुर सीट पर 1996 से भाजपा और बसपा को तीन–तीन बार जीत मिली है। सपा यहां दो बार जीती है। 2019 के चुनाव में बसपा के श्याम सिंह यादव ने भाजपा के सांसद कृष्ण प्रताप सिंह को 60 हजार मतों से हराया था। कांग्रेस के देवव्रत मिश्रा 27 हजार वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। 2014 में भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह वोटों के बंटवारे से जीत गए थे। उन्हें 3 .67 लाख वोट मिले थे। बसपा के सुभाष पांडे को 2 .20, सपा के पारसनाथ यादव को 1.80, निर्दलीय धनंजय सिंह को 64 हजार, आप पार्टी के डॉ. केपी यादव को 43 हजार और कांग्रेस के रविकिशन को भी करीब 43 हजार मतों मिले थे। इस मर्तबा यहां बसपा से सांसद श्याम सिंह यादव, भाजपा से कृपाशंकर सिंह, सपा से पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा मैदान में हैं।

**2019** — बसपा 50.08% · भाजपा 42.30%

### आजमगढ़ में बीते नौ चुनावों में दो बार ही खिल पाया कमल

- आजमगढ़ लोकसभा पर 1996 से अब तक हुए नौ लोकसभा चुनावों में चार बार सपा, तीन बार बसपा और दो बार भाजपा को जीत मिली है। 2019 के चुनाव में समाजवादी पारेटी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ को 2 .60 लाख मतों से हराया था। अखिलेश के इस्तीफा देने पर 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा से दोबारा उतरे निरहुआ आठ हजार वोटों से जीत गए थे। इस चुनाव में सपा के धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को 2 .66 लाख वोट मिलना था। इस बार सपा ने धर्मेंद्र यादव, भाजपा ने दिनेश लाल यादव निरहुआ को उतारा है, तो बसपा से मशहूद सबीहा अंसारी चुनाव मैदान में हैं।

**2019** — सपा 60.04% · भाजपा 35.10%

### पिछली बार सिर्फ 181 मतों से ही मिली थी जीत

- मछलीशहर लोकसभा सीट पर नजर डालें तो तीन दशक के चुनाव में भाजपा ने चार बार, सपा ने दो बार और बसपा ने बार जीत हासिल की है। 2019 के चुनाव में यहां दिल की धड़कनें रोक देने वाला मुकाबले में भाजपा के बीपी सरोज ने बसपा के त्रिभुवन राम को 181 मतों से हरा दिया था। 2014 में भाजपा से रामचरित्र निषाद वोटों का बंटवारा होने से जीत गए थे। राम चरित्र को 4 .38 लाख, बसपा के बीपी सरोज को 2 .66 लाख, सपा के तूफानी सरोज को 1 .91 लाख, कांग्रेस के तूफानी निषाद को 36 हजार और भाकपा के सुभाष चंद्र को 18 हजार से ज्यादा मत मिले थे। इस बार भाजपा से सांसद बीपी सरोज, सपा ने अपने तीन बार के सांसद तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज, बसपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी कृपाशंकर सरोज पर दांव लगाया है।

**2019** — बसपा 47.17 % · भाजपा 47.19%

### श्रावस्ती में जीत का आधार बना ब्राह्मण कार्ड

- श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र ब्राह्मण–मुस्लिम बहुल है। 2008 में बनी इस सीट पर तीन चुनावों में कांग्रेस, भाजपा व बसपा एक–एक बार जीती है। 2019 में बसपा के रामशिरोमणि शर्मा ने भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा को 5,320 मतों से हरा दिया था। कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप सिंह 58 हजार मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। बसपा ने इस बार मुइनुद्दीन अहमद खान को मैदान में उतारा है। 2014 में जीते भाजपा के दद्दन मिश्रा को मिले 3 .45 लाख मतों के मुकाबले सपा के अतीक अहमद को 2 .60, बसपा के लालजी वर्मा को 1 .94 लाख, पीईसीपी के रिजवान जहीर को 1 .01 लाख वोट मिले थे। इस बार यहां भाजपा ने राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पुत्र साकेत मिश्र को उतारा है। सपा से सांसद रामशिरोमणि वर्मा और बसपा से मुइनुद्दीन अहमद हैं।

**2019** — बसपा 44.31% · भाजपा 43.78%

### अंबेडकरनगर में आठ में छह चुनाव बसपा ने जीते

- अंबेडकर नगर लोकसभा सीट से बसपा सुप्रीमो मयावती 2019 में बसपा के रितेश पांडेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को 96 हजार मतों से हरा दिया था। इससे पहले 2014 में भाजपा के हरिओम पांडे 4 .32 लाख वोट पाकर जीते थे। लेकिन बसपा के राकेश पांडेय को 2 .92 लाख, सपा के राममूर्ति वर्मा को 2 .34 लाख और कांग्रेस के अशोक सिंह को 23 हजार मत मिले थे। इस बार यहां भाजपा ने बसपा से आए सांसद रितेश पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। रितेश के पिता 2009 में बसपा से यहां से सांसद चुने गए थे, 2014 में हार गए थे। बसपा ने जलालपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कमर हयात तो सपा ने छह बार के विधायक लालजी वर्मा पर भरोसा जताया है।


**2019** — बसपा 51.75% · भाजपा 42.95 %

---

**गुरुग्राम लोकसभा सीट पर रोचक हुआ चुनावी संग्राम**

## हरियाणवी खून और बब्बर शेर के बीच कर गई चुल्ल


राज बब्बर।


राव इंद्रजीत सिंह।


राहुल फाजिलपुरिया।

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** देश का प्रमुख आईटी व इनोवेशन केंद्र गुरुग्राम इस समय रोचक चुनावी संघर्ष का नजारा देख रहा है। यहां कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सिने अभिनेता राज बब्बर जिन्हें कांग्रेसी 'बब्बर शेर' बता रहे हैं, का मुकाबला 2019 में जीत की हैट्रिक लगा चुके भाजपा के केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से हो रहा है। राव इंद्रजीत सिंह ने 2009 में कांग्रेस से चुनाव जीता था और 2014 के चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा से मतभेद के चलते भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा यहां राजबब्बर को बाहरी बताकर 'हरियाणवी खून' के लिए वोट मांग रही है। लेकिन इन दोनों के मुकाबले में तीसरी कड़ी बनकर तेजी से उभरे हैं, जेजेपी के प्रत्याशी बॉलीवुड रैपर हरियाणवी गायक राहुल फाजिलपुरिया। वह 2016 में आई फिल्म 'कपूर एंड संस' के गाने 'कर गई चुल्ल' में आवाज देकर मशहूर हुए थे। इन तीनों प्रत्याशियों के बीच चौथा कोण भी है, इंडियन नेशनल लोकदल ने यहां मुस्लिम मतदाताओं की अच्छी तादाद देखते हुए हाजी सोहराब खान को मैदान में उतार रखा है।

गुरुग्राम 25,78,523 मतदाताओं के साथ हरियाणा का सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। शानदार चमक-दमक वाले इलाकों के साथ मेव मुस्लिम बहुल पिछड़ा नूंह क्षेत्र भी इस लोकसभा सीट का हिस्सा है। यहां 19% के साथ सबसे बड़ा वोट बैंक मेव मुस्लिम हैं। अहीरों की आबादी 17% है, जाट यहां आबादी का 8% हिस्सा हैं और सामान्य श्रेणी में सबसे बड़ा समुदाय हैं। इनके बाद पंजाबी करीब 7% हैं। दलित आबादी 15% है।

भाजपा प्रत्याशी इंद्रजीत सिंह अपनी चौथी जीत के लिए चुनाव को मूल बनाम बाहरी लड़ाई बता रहे हैं। उनकी बेटी आरती सभाओं में हरियाणवी खून के लिए वोट मांग रही हैं। लेकिन राव इंद्रजीत सिंह की राह इस बार आसान नहीं दिख रही है। उन्हें इस भाजपा की गुटबाजी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के बड़े नेता भी उनके प्रचार में सिर्फ खानापूरी के लिए ही आते-जाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में राव इंद्रजीत ने अपने प्रचार अभियान में मोदी का गारंटी के साथ विकास पर फोकस कर रखा है। वह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण, एम्स रेवाड़ी की आधारशिला रखने और कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देकर वोट मांग रहे हैं। 2019 में राव इंद्रजीत सिंह ने लगभग चार लाख वोटों से कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन अजय यादव को हराया था। इसके मुकाबले कांग्रेस के राज बब्बर अपने पंजाबी समुदाय के साथ मुस्लिम मतों पर भरोसा करते हुए स्टारडम का फायदा उठाते हुए अन्य वर्गों को साधने में मेहनत कर रहे हैं।

## भोजपुरी गीत और बदलाव को कसी मुट्ठियां

चुनाव डेस्क

● **दिल्ली की नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला**

**अमृत विचार।** दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों में नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट लगातार सबसे हॉट बनी हुई है। यहां भोजपुरी गीतों की धूम के बीच बदलाव के लिए कसी मुट्ठियों का जोश टकराता नजर आ रहा है। जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे कन्हैया कुमार जो राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा करके उनके भरोसेमंद बन चुके हैं, इस सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी का समर्थन मिला हुआ है। कन्हैया का मुकाबला दो बार के भाजपा सांसद भोजपुरी सिनेमा के गायक और सुपरस्टार मनोज तिवारी से हो रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी भले ही बिहार से हैं, लेकिन इनकी राजनीति दिल्ली में ही शुरू हुई है। इस कारण मुकाबला और रोचक हो गया है। इस सीट पर अधिकतर मतदाता पूर्वांचल से जुड़े हैं। ऐसा माना जाता है कि पूर्वी यूपी और बिहार के लोग ही यहां चुनाव का नतीजा तय करते हैं। इन लोगों की मुख्य मांगों में कॉलोनियों का नियमितीकरण, नौकरी की सुरक्षा, किफायती आवास और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता शामिल है। पूर्वांचल और बिहार के इन मूल निवासियों का कहना है कि राजधानी में कई साल बिताने के बाद भी उनके साथ दोयम दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता है। वे ज्यादातर छोटे आवासों में रहते हैं, जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। लेकिन इन सारी समस्याओं के बावजूद ये मतदाता बड़ा वोट बैंक हैं, जिन्हें लुभाने के लिए मनोज तिवारी की चुनावी सभाओं में 'रिंकिया के पापा' जैसे भोजपुरी गानों की धूम सुनी जा सकती है। दिल्ली की इस लोकसभा सीट पर पूर्वांचल और बिहार के मतदाताओं के साथ ही महिला वोटर के हाथ में जीत की कुंजी मानी जाती है। इसकी वजह इस लोकसभा सीट पर महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से ज्यादा होना है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र में 10 विधानसभा सीटें हैं। इनमें अधिकतर पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है, जो कांग्रेस से गठबंधन के चलते कन्हैया कुमार के साथ खड़ी है।



**जीत का भरा जोश** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को धनबाद निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के समर्थन में बोकारो जिले में चुनाव प्रचार किया।

---

**सुल्तानपुर सीट से दूसरी जीत दर्ज करने पर नौ बार सांसद चुने जाने का रिकार्ड बना देंगी भाजपा नेता**

## मेनका गांधी पिछली बार जैसे संघर्ष में ही उलझी दिख रहीं

**सुल्तानपुर लोकसभा सीट**

चुनाव डेस्क



**अमृत विचार।** आठ बार की सांसद मेनका गांधी सुल्तानपुर से दूसरी बार चुनाव जीतने के साथ ही डीबी राय के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। राय भी नौ बार सांसद बने थे। वैसे सबसे ज्यादा बार लोकसभा में पहुंचने का रिकार्ड इंद्रजीत गुप्ता के नाम है, जो 11 बार चुनाव जीते थे। 10 बार सांसद बनने वालों में अटल बिहारी वाजपेई, सोमनाथ चटर्जी और पीएम सईद का नाम है। 2019 का लोकसभा चुनाव जीतने के लिए सुल्तानपुर में भाजपा की प्रत्याशी मेनका गांधी को खासा संघर्ष करना पड़ा था। कांटे के मुकाबले में उन्होंने बसपा उम्मीदवार चंद्रभद्र सिंह को 14 हजार वोटों से हराया था। इस जीत के साथ ही मेनका गांधी सुल्तानपुर की पहली महिला सांसद भी बन गई थीं। उनसे पहले यहां से कोई महिला उम्मीदवार जीत नहीं हासिल कर पायी थी।

भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के लिए सुल्तानपुर में इस बार का चुनाव भी आसान नहीं नजर आ रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में निषाद मतदाता बड़ी संख्या में हैं। सपा ने इसी जातीय समीकरण को साधने के लिए तमाम आंतरिक कलह के बाद राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा है। वह पहले बसपा फिर भाजपा में रह चुके हैं।

2007 में बनी बसपा सरकार में मत्स्य राज्य मंत्री थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़े थे। बसपा से इस बार नए और युवा चेहरे के रूप में उदराज वर्मा क्षेत्र में मेहनत करते नजर आ रहे हैं। पिछले तीन चुनावों में यहां बसपा दूसरे नंबर पर रही है, ऐसे में बसपा की चुनौती को कमजोर करके नहीं आंका जा सकता है। जानकार इस बार त्रिकोणीय संघर्ष होना मान रहे हैं। दरअसल, बसपा ने यहां कुर्मी समाज पर दांव खेला है, जिनकी मतदाता संख्या एक लाख से ज्यादा है। बसपा की रणनीति कुर्मी और करीब साढ़े तीन लाख दलित मतों के सहारे मुकाबले में आकर मुस्लिम मतों को भी अपनी झोली में डालना है। उधर, सपा ने भी लोकसभा क्षेत्र में दो लाख से अधिक गिने जाने वाले निषाद मतदताताओं के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग और एम वाई समीकरण के तहत यादव और मुस्लिम मतों के सहारे जीत की उम्मीद लगा रखी है।

**कांटे के मुकाबले में 2019 में 14,526 मतों से मिली थी जीत :** 2019 के चुनाव में मेनका गांधी को 4,59,196 वोट मिले थे। बसपा के चंद्र भद्र सिंह ने 4,44,670 मत पाए थे। मेनका गांधी चुनाव 14,526 वोटों के अंतर से जीतने में सफल रही थीं। इससे पहले 2014 में मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी यहां से भाजपा के सांसद चुने गए थे। वरुण ने बसपा के पवन पांडेय को 1,78,902 वोटों से हराया था। सपा के शकील अहमद तीसरे और 41 हजार वोट पाकर कांग्रेस की अमिता सिंह चौथे स्थान पर पिछड़ गई थीं। 2009 का चुनाव कांग्रेस के डॉ. संजय सिंह ने जीता था, तब बसपा के मोहम्मद ताहिर दूसरे स्थान पर थे। भाजपा से उतरे सूर्यभान सिंह 44 हजार वोटों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए थे।

### अकेले ही संभाल रखी है प्रचार की कमान

- मेनका गांधी सुल्तानपुर के गांवों में लगातार प्रचार में जुटी हैं। वह प्रतिदिन सैकड़ों लोगों से संपर्क कर रही है। अभी भाजपा के किसी बड़े नेता की सभा उनके समर्थन में नहीं हुई है। सुल्तानपुर लोकसभा में सुल्तानपुर, जयसिंहपुर सदर, लम्भुआ, कादीपुर और इसौली विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से इसौली को छोड़कर जहां से सपा के मो. ताहिर खान विधायक हैं, बाकी चार विधानसभाओं में भाजपा का कब्जा है। जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर के चेयरमैन पद पर भी भाजपा काबिज है। मेनका गांधी के साथ सीधे तौर पर कोई जातीय समीकरण नहीं है, लेकिन विधायकों और संगठन के माध्यम से भाजपा सभी वर्ग के मतदाताओं तक मोदी की गारंटी, विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के साथ राष्ट्रवाद का संदेश पहुंचा रही है।

## अप्रैल में घरेलू हवाई यातायात बढ़कर 1.32 करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** अप्रैल महीने में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या सालाना आधार पर 3.88 प्रतिशत बढ़कर 1.32 करोड़ हो गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले साल अप्रैल में घरेलू हवाई यातायात का आंकड़ा 1.28 करोड़ था। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के मुताबिक, एयरलाइंस ने 1,370 यात्रियों को विभिन्न वजहों से उड़ान भरने की मंजूरी नहीं दी और इस पर दिए जाने वाले मुआवजे एवं सुविधाओं पर 1.36 करोड़ रुपये खर्च किए गए। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में कुल 32,314 उड़ानें रद हुईं जिसकी वजह से एयरलाइंस को मुआवजे एवं सुविधाओं पर 89.26 लाख रुपये खर्च करने पड़े। पिछले महीने कुल 1,09,910 उड़ानें तय समय से देरी से रवाना हुईं। इससे जुड़ी यात्री सुविधाओं पर एयरलाइंस ने 1.35 करोड़ रुपये खर्च किए। समय पर प्रदर्शन के मामले में अकासा एयर 89.2 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रही। इसके बाद एआईएक्स कनेक्ट (79.5%), विस्तारा (76.2%), इंडिगो (76.1%), एयर इंडिया (72.1%), स्पाइसजेट (64.2%) और एलायंस एयर (49.5%) का स्थान रहा।

- **अप्रैल में 32,314 उड़ानें रद होने की वजह से मुआवजे एवं सुविधाओं पर 89.26 लाख रुपये खर्च करने पड़े**

# अचानक कार्रवाई से कम हो रहा भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में पिछले 10 साल में सरकारी नीतिगत प्रोत्साहन उपायों के कारण मूल्य के संदर्भ में मोबाइल फोन विनिर्माण 21 गुना बढ़कर 4.1 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। हालांकि, प्रवर्तन एजेंसियों की अचानक से होने वाली कार्रवाई भरोसे में कमी ला रही हैं, इसपर लगाम लगाने की जरूरत है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने यह बात कही है।

आईसीईए के अध्यक्ष पंकज महेंद्रू ने पिछले 10 साल में मोबाइल उद्योग की उपलब्धियों के बारे में कहा कि देश में विकास का अगला चरण निर्यात से आएगा और सरकार की आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत इसमें घरेलू स्तर पर अगुवा कंपनियां बनाने की जरूरत है। महेंद्रू ने कहा, प्रवर्तन एजेंसियों की कुछ कार्रवाइयों से व्यापार करने में आसानी के मामले में अस्थिरता आई है। इसको रोकने की जरूरत है। हमें प्रवर्तन एजेंसियों और उद्योग के बीच विश्वास का माहौल बनाने की जरूरत है। उन्होंने सोमवार शाम केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर द्वारा आयोजित एक आउटरीच कार्यक्रम में यह बात कही। प्रवर्तन निदेशालय ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो से जुड़े 62,000 करोड़ रुपये के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लावा के पूर्व प्रबंध निदेशक हरिओम राय के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को एम्स में कथित तौर पर राय के नाम का दुरुपयोग करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। राय चिकित्सा आधार पर जमानत पर बाहर थे। ईडी ने बृहस्पतिवार को उच्च न्यायालय को कथित रूप से नाम का दुरुपयोग करने और धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी। इसके बाद राय की जमानत बढ़ाने से इनकार कर दिया गया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। लावा बाजार में एकमात्र भारतीय मोबाइल कंपनी बची है। चन्द्रशेखर ने कहा कि विनिर्माण उद्योग की ओर से चीजों को सरल बनाने का अनुरोध है।

- **आईसीईए अध्यक्ष ने प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई पर रोक की जरूरत बताई**

### दस साल में मोबाइल फोन विनिर्माण 21 गुना बढ़ा

आईसीईए अध्यक्ष ने कहा मोबाइल फोन का उत्पादन 201415 में 18,900 करोड़ रुपये का था। वह बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 4,10,000 करोड़ रुपये का हो जाने का अनुमान है। इसका कारण पीएलआई (उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना) जैसे सरकारी नीतिगत उपाय हैं। इसने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईसीईए के अनुसार, पिछले एक दशक में मोबाइल फोन उद्योग के निर्यात में 7,500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके सदस्यों में एप्पल, फॉक्सकॉन, डिक्सन टेक्नोलॉजीज आदि कंपनियां शामिल हैं।

## जयराजन की हत्या की साजिश मामले में सुधाकरन बरी

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) प्रमुख के. सुधाकरन को 1995 में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के मौजूदा संयोजक ईपी जयराजन सहित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कुछ वरिष्ठ नेताओं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में मंगलवार को बरी कर दिया। उच्च न्यायालय ने सुधाकरन और मामले के एक अन्य आरोपी राजीवन को यह कहते हुए बरी कर दिया कि आंध्र प्रदेश पुलिस पहले ही उनके खिलाफ आपराधिक साजिश के आरोपों की जांच कर चुकी है। ऐसे में उन्हीं आरोपों पर केरल में दर्ज की गई दूसरी प्राथमिकी उचित नहीं थी। जयराजन ट्रेन में यात्रा कर रहे थे और आंध प्रदेश के चिराला इलाके में ट्रेन में गोली लगने से घायल हो गए थे।

# दुर्लभ मस्तिष्क संक्रमण से पांच साल की बच्ची की मौत

**मल्लपुरम, एजेंसी**

- **तालाब में नहाने के बाद से बीमार हो गई थी बच्ची**

केरल के मलप्पुरम जिले में दूषित पानी में पाए जाने वाले अमीबा के कारण हुए दुर्लभ मस्तिष्क संक्रमण अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस से पीड़ित पांच वर्षीय बच्ची की मृत्यु हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कोझिकोड मेडिकल कॉलेज के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान में उसका एक सप्ताह से अधिक समय से इलाज चल रहा था। बच्ची मून्नियुर पंचायत की निवासी थी। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, मेनिंगोएन्सेफलाइटिस संक्रमण तब होता है जब मुक्त-जीवी, गैर-परजीवी अमीबा बैक्टीरिया दूषित पानी से नाक के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं। सूत्रों ने बताया कि बच्ची एक मई को पास के तालाब में नहायी थी। जिसके बाद 10 मई तक उसमें बुखार, सिरदर्द और उल्टियां होने के लक्षण नजर आने लगे।

### दूषित पानी पीने के बाद एक युवक की मौत

**मैसुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मैसुरु जिले के एक गांव में सोमवार को दूषित पानी पीने के बाद एक सालुंडी गांव में दूषित पानी पीने के बाद कनकराज (20) की मौत हो गयी और कई अन्य लोग बीमार पड़ गये। पुलिस के मुताबिक, प्रभावित व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने संबंधित प्राधिकारियों को मामले की जांच और अस्पताल में भर्ती मरीजों को उचित उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### बल्लभगढ़ से अपहृत व्यापारी नोएडा में बरामद

**नोएडा।** हरियाणा के बल्लभगढ़ से अगवा किए गए एक व्यापारी को गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है और अपहरण करने वाले बदमाश मौके से भाग गए। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार देर रात थाना नॉलेज पार्क पुलिस गश्त कर रही थी, तभी एक स्कॉर्पियो गाड़ी को रुकवाने का प्रयास किया तो कार चालक उसे वहां से तेजी से ले जाने लगा और इस दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। कार के अंदर एक व्यक्ति सीट के नीचे लेटा था और उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। इस दौरान गाड़ी में सवार अपहर्ता भाग गए। अधिकारी के अनुसार उस व्यक्ति की पहचान व्यापारी राजीव मित्तल के रूप में हुई है जिन्होंने पूछताछ में पुलिस को बताया कि देर रात हरियाणा के बल्लभगढ़ से अज्ञात बदमाशों ने उनकी स्कॉर्पियो कार सहित उन्हें बंधक बना लिया था। बदमाश हरियाणा से उन्हें ग्रेटर नोएडा ले आए थे।

### अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**सीहोर।** मध्यप्रदेश की सीहोर पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे 60 लाख रुपए से अधिक का माल बरामद कर आज न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के अनुसार पकड़े गए आरोपियों से एक डंपर, दो कार, मोबाइल फोन, वाईफाई कैमरा, डोंगल सहित करीब 60 लाख रुपए का चोरी का माल बरामद किया गया है। आरोपियों की पहचान जैद मेव, जैकम मेव, साकून मेव, शाहिद और रहीश के रूप में हुयी है। इनमें चार आरोपी हरियाणा के तथा एक आरोपी देवास का निवासी बताया गया है। सभी को आज न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### उप राज्यपाल सिन्हा से मिले अमिताभ कांत

**श्रीनगर।** भारत के जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने मंगलवार को यहां राजभवन में उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। श्री कांत जम्मू-कश्मीर हस्तशिल्प की रिब्रांडिंग पर विचार-विमर्श सत्र के लिए जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। उन्होंने श्री सिन्हा के साथ बातचीत में केंद्र शासित प्रदेश के हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र में विकास और नवाचार को बढ़ावा देने पर अपने विचार साझा किए।

# धनशोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में सिसोदिया की जमानत नामंजूर

## दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- सत्ता के दुरुपयोग, सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन का है मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किए गए धनशोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि सिसोदिया कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सहित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने में शामिल थे। उच्च न्यायालय ने कहा कि सिसोदिया दिल्ली सरकार के सत्ता गलियारे में एक बहुत शक्तिशाली और प्रभावशाली व्यक्ति हैं क्योंकि उनके पास 18 विभाग थे।




- **कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सहित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने में शामिल थे : कोर्ट**

अदालत ने कहा कि यह मामला आवेदक द्वारा सत्ता का गंभीर दुरुपयोग और सार्वजनिक विश्वास का उल्लंघन किए जाने का है, जो दिल्ली के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत थे। अदालत ने आदेश सुनाते हुए कहा कि आबकारी विभाग सहित 18 विभागों वाले मंत्री के रूप में सिसोदिया को दिल्ली के लिए एक नयी शराब नीति तैयार करने का काम सौंपा गया था। हालांकि जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री से पता चलता है कि प्रथम दृष्टया सिसोदिया ने अपने पूर्व निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सार्वजनिक प्रतिक्रिया गढ़कर आबकारी नीति बनाने की प्रक्रिया में गड़बडी की।

### हर हफ्ते बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति

सिसोदिया के अंतरिम राहत के आवेदन पर अदालत ने कहा कि उन्हें अधीनस्थ अदालत द्वारा तय किए गए समान नियमों और शर्तों पर हर हफ्ते हिरासत में अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दी जाएगी। उच्च न्यायालय ने 14 मई को आम आदमी पार्टी के नेता, सीबीआई और ईडी की दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सिसोदिया ने अधीनस्थ अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। अधीनस्थ अदालत ने अब समाप्त की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को तैयार करने और इसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज किए गए भ्रष्टाचार तथा धनशोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इस बीच, विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मंगलवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी।

## सारण में चुनाव बाद हिंसा में एक की मौत, तीन घायल

**छपरा, एजेंसी**

- **मतदान के दौरान गड़बड़ी को लेकर भाजपा और राजग समर्थकों में हुआ था विवाद**

बिहार के सारण जिले में मंगलवार सुबह चुनाव बाद हुई हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार हिंसा की यह घटना भिखारी ठाकुर चौक के पास बड़ा तेलमा इलाके में हुई। इलाके में सोमवार को हुए मतदान के दौरान अनियमितताओं के आरोपों को लेकर भाजपा और राजद के कथित समर्थकों के दो समूहों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान गोलियां भी चलीं। मृतक की पहचान चंदन यादव (25) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने बताया, घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उनमें से दो को बेहतर इलाज के लिए पटना स्थानांतरित कर दिया गया। मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। हिंसा की इस घटना के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। एहतियात के तौर पर इलाके में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

### इंटरनेट सेवा की गई बंद

भाजपा और राजद समथकों के बीच हुए विवाद और गोलीबारी की घटना के बाद पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जिले में इंटरनेट भी निलंबित कर दिया गया है। बता दें किसारण लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी सांसद राजीव प्रताप रूडी से है।

## कुख्यात मानव तस्कर को एनआईए ने हिरासत में लिया

**अगरतला।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले हफ्ते गिरफ्तार किए गए कुख्यात मानव तस्कर हन्नान मिया (41) को हिरासत में ले लिया है। एनआईए की टीम उसे स्थानीय अदालत से प्रत्यर्पण की अनुमति लेकर गुवाहाटी ले गयी है, उसे मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा। इससे पहले, एनआईए ने त्रिपुरा पुलिस के खुफिया जानकारी के आधार पर पिछले छह महीनों में दो छापे में सीमावर्ती स्थानों से राज्य के करीब 29 निवासियों को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों के रोहिंग्या, बांग्लादेशी नागरिकों और गरीबी-पीड़ित परिवारों से महिलाओं की तस्करी में शामिल थे। हन्नान मिया पर पिछले साल मानव तस्करी मामले का आरोप लगाया गया था और एनआईए ने उसको ढूंढने के लिए एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी।

## महाराष्ट्र के लातूर में अवैध होर्डिंग लगाने के 15 मामले दर्ज

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर शहर में अवैध रूप से होर्डिंग लगाने के संबंध में कम से कम 15 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 11 मामले एक ही दिन में दर्ज किए गए। नगर निकाय अधिकारियों ने बताया कि लातूर नगर निगम के अधिकारियों ने सोमवार को शहर से दो होर्डिंग और 15 बैनर हटाए। मुंबई में 13 मई को एक अवैध होर्डिंग के गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। इसी हादसे की पृष्ठभूमि में यह कार्रवाई की गई। लातूर नगर निकाय ने शहर से अवैध होर्डिंग हटाने के लिए रविवार तक की समय सीमा दी थी। समय सीमा समाप्त होने के बाद सोमवार को अवैध होर्डिंग से संबंधित 11 मामले दर्ज किए गए। नगर निकाय ने कहा कि पिछले सप्ताह से अब तक (मुंबई में होर्डिंग दुर्घटना की घटना के बाद से) कुल 15 मामले दर्ज किए जा चुके हैं।



लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान 25 मई को होना है। इसके चलते जम्मू कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्थास बढ़ा दी गई है। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी में एरिया डोमिनेशन रूट मार्च करते सुरक्षा बलों के जवान। ● एजेंसी

## झारखंड से लाया गया पांच करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की 'एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स' (एजीटीएफ) ने अजमेर जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र में एक ट्रक से 30 क्विंटल 263 किलोग्राम अफीम डोडा पोस्त (मादक पदार्थ) की खेप पकड़ी है जिसकी कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में आरोपी ट्रक चालक रामनारायण बिश्नोई (55) को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध) दिनेश एमएन ने एक बयान में बताया कि किशनगढ़ थाना क्षेत्र में नाकेबंदी के दौरान सोमवार देर रात एक ट्रक की तलाशी ली गई। प्लास्टिक के 147 कट्टों में 30 क्विंटल 263 किलोग्राम डोडा पोस्त मिलने पर उसे जब्त किया गया तथा ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया।

## जालसाजों के फर्जी खाते खोले, बैंक कर्मी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा से सटे गुरुग्राम की साइबर पुलिस ने निजी क्षेत्र के एक बैंक के उप प्रबंधक को मुंबई से गिरफ्तार किया है। बैंक कर्मी पर लक्ष्य पूरा करने के लिए जालसाजों के लिए कथित तौर पर फर्जी खाते खोलने का आरोप है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंक कर्मी ने कथित तौर पर करीब पांच फर्जी खाते खोले जिनमें साइबर ठगों ने लाखों रुपये जमा कराए। अधिकारियों ने बताया कि निजी बैंक की मुंबई शाखा में बतौर उप प्रबंधक कार्यरत युसूफ मोहम्मद को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। एसीपी (साइबर) प्रियांशु दीवान ने बताया, साइबर ठगों ने आरोपी बैंक उप प्रबंधक द्वारा उन्हें मुहैया कराए गए खाते में फर्जी तरीके से 19 लाख रुपये जमा कराए। अबतक आरोपी ने साइबर ठगों को करीब पांच खाते मुहैया कराए हैं। अब तक इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुके हैं।

# वोटों के लिए तमिलों को बदनाम नहीं करें मोदी

**चेन्नई, एजेंसी**

- **तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर जताई आपत्ति**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एमके स्टालिन ने ओडिशा में भगवान जगन्नाथ मंदिर के कोषागार की गायब चाबियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक टिप्पणी पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि यह वोटों की खातिर तमिलों को बदनाम करने का प्रयास है।

प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में एक रैली में कहा था कि भगवान जगन्नाथ मंदिर के कोषागार की चाबियां तमिलनाडु चली गई हैं। स्टालिन ने यहां एक बयान में कहा कि मोदी को तमिलों की छवि खराब करने वाली इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की चाबियां पिछले छह साल से गायब होने पर चिंता जताते हुए सोमवार को ओडिशा में नवीन पटनायक नीत बीजू जनता दल (बीजद) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था, पुरी में भगवान जगन्नाथ का मंदिर भी इस सरकार के हाथों में सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा था कि ओडिशा जानना चाहता है कि बीजद ने रत्न भंडार चाबियों पर न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को क्यों दबाया। मोदी ने कहा था, मामले में बीजद की भूमिका संदिग्ध है। भाजपा सरकार 10 जून को सत्ता में आने के बाद रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी। उन्होंने कहा था कि ऐसा कहा जा रहा है कि रत्न भंडार की चाबी तमिलनाडु चली गयी हैं। स्टालिन ने आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि मोदी अपने नफरत भरे भाषणों से लोगों के बीच दुश्मनी और राज्यों के बीच गुस्से की भावना पैदा कर रहे हैं।

## बांग्लादेश के रास्ते ईंधन लाने पर काम कर रही त्रिपुरा सरकार

**अगरतला, एजेंसी**

- **असम के जतिंगा में मालगाड़ी के पटरी से उतरने के बाद ईंधन संकट का करना पड़ा था सामना**

त्रिपुरा सरकार बांग्लादेश के रास्ते ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को मजबूत बनाने की व्यवस्था पर काम कर रही है। एक मंत्री ने यह जानकारी दी। परिवहन मंत्री सुशांत चौधरी ने कहा कि त्रिपुरा में ईंधन और सामान लाने की यह एक वैकल्पिक व्यवस्था होगी।

असम के जतिंगा में एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के बाद त्रिपुरा को गंभीर ईंधन संकट का सामना करना पड़ा था। असम-अगरतला राजमार्ग और पड़ोसी राज्य को जोड़ने वाले रेल लिंक पर मानसून के दौरान भूस्खलन के कारण यातायात बाधित होना बेहद आम है। परिवहन मंत्री सुशांत चौधरी ने सोमवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, असम के जतिंगा में हाल ही में रेल परिचालन में हुए व्यवधान के मद्देनजर हम बांग्लादेश के रास्ते ईंधन और माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था पर काम कर रहे हैं। अगले छह महीने से एक साल के बीच अगरतला-गंगासागर रेल ट्रैक माल परिवहन के लिए तैयार होगा। इसके बाद हम बांग्लादेश के रास्ते सीधे कोलकाता से ईंधन और सामान ला सकते हैं। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने हाल ही में कहा था कि अगरतला और गंगासागर के बीच रेल सेवा जल्द ही शुरू हो जाएगी। चौधरी ने कहा कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ईंधन भंडारण के लिए सिपाहीजला जिले के सेकरकोटे में एक बड़ा ईंधन डिपो बनाने पर भी काम कर रही है।

## पुल से गिरी निजी बस, दो की मौत

**राजगढ़ (मप्र)।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में मंगलवार तड़के एक निजी बस के पुल से गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई और 40 घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना देर रात करीब 1.30 बजे पचोर शहर के पास हुई जब 55 यात्रियों को लेकर बस पुल पार कर रही थी। पचोर पुलिस थाना प्रभारी आकांक्षा शर्मा ने कहा कि बस चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह नीचे गिर गई। उन्होंने बताया कि दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 40 घायल हो गए। घायलों में से 19 को गंभीर चोटें आईं और उन्हें इंदौर रेफर कर दिया गया, जबकि बाकी का शाजापुर, ब्यावरा और पचोर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान हरजत सिंह (28) के रूप में हुई है जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो सकी।

# बुजुर्ग मां को गुजारा भत्ता देगी बेटी

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

- **इंदौर के कुटुम्ब न्यायालय ने पीड़िता को हर महीने तीन हजार रुपये देने का दिया आदेश**
- **कोविड लॉकडाउन के दौरान बुजुर्ग मां को प्रताड़ित कर बेटी ने घर से निकाल दिया था**

इंदौर के कुटुम्ब न्यायालय ने अहम फैसले में 55 वर्षीय महिला को आदेश दिया है कि वह अपनी 78 साल की मां को हर महीने गुजारा भत्ते के तौर पर तीन हजार रुपये अदा करे। विधवा महिला ने अपनी इकलौती संतान के खिलाफ कुटुम्ब न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए आरोप लगाया था कि उसकी विवाहित बेटी ने उसकी जमा-पूंजी हड़पने के बाद उसे कोविड-19 की तालाबंदी के दौरान प्रताड़ित करके घर से बाहर निकाल दिया था।

अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश माया विश्वलाल ने 78 वर्षीय महिला की याचिका मंजूर करते हुए 17 मई को फैसला सुनाया। कुटुम्ब न्यायालय ने फैसले में कहा, प्रार्थी (बुजुर्ग महिला) की ओर से पेश साक्ष्य के आधार पर प्रमाणित है कि प्रतिप्रार्थी (बुजुर्ग महिला की बेटी) अपने मकान में स्थित दुकान में अपने पुत्र के साथ व्यवसाय करती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रतिप्रार्थी इस दुकान के जरिये व्यवसाय करके आमदनी अर्जित करती है और अपनी माता का भरण-पोषण करने में सक्षम है। बुजुर्ग महिला ने कुटुम्ब न्यायालय को बताया कि उसकी बेटी घर में साड़ियों की दुकान चलाती है। बुजुर्ग महिला के पति राज्य सड़क परिवहन निगम में चालक के तौर पर पदस्थ थे और उनका 2001 में निधन हो गया था। महिला के मुताबिक उनके पति के निधन के बाद उनकी विवाहित बेटी ने उन्हें बहला-फुसला कर उनका पुश्तैनी मकान बिकवा दिया और उन्हें अपने परिवार के साथ रहने के लिए बुला लिया था। बेटी ने उनके दिवंगत पति की भविष्य निधि की राशि और पुश्तैनी मकान की बिक्री से मिली रकम बैंक खाते से यह झांसा देते हुए धीरे-धीरे निकलवा ली कि वह उन्हें अपने घर में रखकर उनकी पूरी देखभाल करेगी।

### संपत्ति पर बराबर अधिकार तो देखभाल भी करे बेटी

महिला का आरोप है कि उनकी जमा-पूंजी हासिल करने के बाद बेटी ने उन्हें प्रताड़ित कर मार्च 2020 में घर से उस वक्त निकाल दिया, जब कोविड-19 के प्रकोप के कारण सरकार के आदेश पर तालाबंदी की गई थी। याचिकाकर्ता की अधिवक्ता शैल राजपूत ने बताया, हमने कुटुम्ब न्यायालय के सामने तर्क रखा कि जब कोई महिला अपने माता-पिता की संपत्ति पर बराबर के अधिकार का दावा कर सकती है तो यह उस का कर्तव्य भी है कि वह अपने बुजुर्ग माता-पिता की पूरी देखभाल करे।

## 2014 से पहले देश की स्थिति बिगाड़ने वालों के बारे में सोचना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आधार पर काम करने का लगाया आरोप**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर देश में भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आधार पर काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि 2014 से पहले देश की स्थिति बिगाड़ने वालों के बारे में जनता को सोचना होगा। श्री शर्मा ने लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत सोमवार को नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के समर्थन में मोती नगर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में एक से बढ़कर एक भ्रष्टाचार हुए। इस स्थिति को देखकर राष्ट्रवादी लोगों की आंखो में आंसू आ जाते थे। 2014 से पहले देश में आमजन ने आतंकवाद और विभिन्न प्रदेशों ने नक्सलवाद की घटनाओं को झेला, लेकिन आज आतंकवाद एवं नक्सलवाद नजर नहीं आता। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि देश में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आधार पर काम किया। वर्ष 1984 में सिखों के साथ दंगे हुए और दोषियों को बचाने का काम कांग्रेस ने किया। उन्होंने कहा कि आज देश की स्थिति क्या है और 2014 से पहले देश की स्थिति बिगाड़ने वाले कौन लोग थे इसके बारे में सभी को सोचना पडेग़ा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद देश में परिवर्तन आया है। आज बढ़ता हुआ भारत नजर आ रहा है। 2014 से पहले देश की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी, वह अर्थव्यवस्था आज दुनिया में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है और आने वाले समय में तीसरे स्थान पहुंचेगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से,
और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

## संपादकीय

# रईसी के बाद ईरान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत से पश्चिम एशिया सदमे में है। राष्ट्रपति की मौत ईरान के सबसे चुनौतीपूर्ण समय में हुई है। ईरान पहले से ही अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से त्रस्त अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए जूझ रहा है और सामाजिक तनाव को शांत करने की कोशिश कर रहा है। परमाणु समझौता खत्म हो चुका है। गाजा युद्ध में हालिया वृद्धि ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है और कई साजिश सिद्धांतों को हवा दी है। ईरान और इज़राइल के बीच तनाव बहुत बढ़ा हुआ है और ईरान, अपने रूस और चीन जैसे साझीदारों के साथ सत्ता की खेमेबंदी के नए दौर में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश के रूढ़िवादी हलकों में रईसी के व्यापक प्रभाव ने उन्हें ईरान के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बना दिया था। ईरान के सवाल को लेकर क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तनावों के बावजूद, इब्राहिम रईसी का निधन, इस क्षेत्र में ईरान की अपनी नीतियों से कहीं ज्यादा उसकी अंदरूनी सियासत पर असर डालने वाला है। इब्राहिम रईसी की अचानक मौत के बाद, अगले 50 दिनों के दौरान जब तक ईरान नया राष्ट्रपति चुनेगा, वो ईरान की राजनीति के लिहाज़ से बेहद महत्वपूर्ण होंगे।

नए चुनाव होने तक उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर कार्यवाहक राष्ट्रपति रहेंगे। आगे चलकर ईरान की सियासत में सत्ता के तमाम केंद्र अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए आपस में खींचतान करेंगे। भू-राजनैतिक तनावों के मद्देनजर, रईसी की मौत से साजिश के सिद्धांतों को भी बढ़ावा मिल सकता है जिससे इस इलाके में आग और भड़क सकती है। इस हादसे का असर पश्चिम एशिया की राजनीति पर गहराई से पड़ेगा। ईरान और भारत के बीच गहरे संबंध हैं। रईसी की मौत भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के संचालन को लेकर हुए समझौते के बाद हुई है। इस समझौते के बाद भारत को चाबहार के संचालन का अधिकार अगले 10 सालों के लिए मिल गया है। समझौते के बाद अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी। जिस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि यह बंदरगाह पूरे क्षेत्र को लाभान्वित करेगा और अमेरिका को इस मामले में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिए। हो सकता है कि रईसी की मौत की वजह से होने वाले सत्ता परिवर्तन का उसकी भू-सामरिक योजनाओं पर बहुत व्यापक या सीधा असर न पड़े। घरेलू, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों की पृष्ठभूमि के बीच हुई रईसी की मौत के सदमे से ईरान को उबरने में वक्त लगेगा। रईसी की मौत से क्षेत्र में और अस्थिरता पैदा होने का खतरा है, ऐसे में ईरान के सामने भी नाजुक स्थिति से निपटने की चुनौती है।

# कोवैक्सीन और स्यूडो-साइंस की मनोवृत्ति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

इस वैक्सीन को (बीबीवी अर्थात, भारत बायोटेक वैक्सीन) भारत बायोटेक कंपनी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी (एनआईवी-भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्) ने संयुक्त रूप से विकसित किया था और कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिरक्षा हेतु भारत में इसकी करोड़ों खुराक व्यस्क व्यक्तियों को लगाई गई थी।

'कोवैक्सीन' का टीका मनुष्य को लगाने के बाद स्वास्थ्य पर दीर्घकाल में होने वाले विपरीत प्रभावों पर 'लांग टर्म सेफ्टी एनालिसिस ऑफ़ बीबीवी-152 कोरोना वायरस वैक्सीन इन एडोलिसेंट्स एंड एडल्ट्सः फाइंडिंग्स फ्रॉम ए वन-इयर प्रोस्पेक्टिव स्टडी इन नार्थ इंडिया' शीर्षक से एक अध्ययन को 'ड्रग सेफ्टी' जर्नल के 13 मई 2024 के अंक में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से संबद्ध इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में कार्यरत दस विज्ञानियों ने प्रकाशित किया है। उक्त टीका ग्रहण करने के बाद के दुष्प्रभावों का अध्ययन किशोर, युवा और वयस्कों पर किया गया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में इस अध्ययन को इस आधार पर खारिज किया कि इस शोध की प्रक्रिया दोषपूर्ण है। भारत और विदेश के मीडिया हलकों में इसे बहुत गंभीरता से देखा गया है। शोध की गुणवत्ता पर आरोप लगने के बाद लेखकों ने संदर्भ हेतु परिषद् का नाम इस्तेमाल करने पर खेद व्यक्त किया है।

इस वैक्सीन को (बीबीवी अर्थात, भारत बायोटेक वैक्सीन) भारत बायोटेक कंपनी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी (एनआईवी-भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्) ने संयुक्त रूप से विकसित किया था और कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिरक्षा हेतु भारत में इसकी करोड़ों खुराक व्यस्क व्यक्तियों को लगाई गई थी। कोवैक्सीन को 78 प्रतिशत तक प्रभावी पाने के बाद आपातकालीन उपाय के रूप में 3 जनवरी सन 2021 को भारत सरकार ने और नवंबर सन 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे आमजन के लिए प्रयोग करने की अनुमति प्रदान की थी। कोवैक्सीन टीका विकास में लगे हुए शोधकर्मियों ने बड़ी संख्या में पहले तो कोरोना वायरस प्रयोगशाला में पैदा किया, फिर बीटा-प्रोपिओलेक्टोन का इस्तेमाल करके इन्हें निष्क्रिय किया गया। निष्क्रिय किए गए इस वायरस में वायरस की रचना और वृद्धि के जरूरी प्रोटीन्स और 'स्पाइक्स' (वायरस की सतह पर मौजूद रिसेप्टर्स) को क्षति नहीं पहुंची। इन विषाणुओं की खेप को एल्युमीनियम के एक कंपाउंड से लेप दिया गया ताकि इसे शरीर में इंजेक्ट करने के बाद हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाएं इनके विरुद्ध सक्रिय होकर आवश्यक संख्या में प्रतिपिंडों का निर्माण करके हमारी रक्त वाहिकाओं के जरिये कहीं भी सर्कुलेट कर सकें और संक्रमण से रक्षा हो सके।

ड्रग्स और वैक्सीन्स को तत्परता से आपातकाल में इस्तेमाल करने के प्रोटोकॉल और तकनीक पिछले दसेक साल से बदल गई हैं। पुरानी पद्धति में क्षीण किए हुए (इटेन्युएटेड) या मृत (किल्ड होल वायरस) विषाणु का इस्तेमाल करके टीका विकसित किया जाता था जैसे कि वैक्सिनिया वायरस का इस्तेमाल करके चेचक के विरुद्ध प्रतिरक्षा किए जाने के लिए विकसित किया गया टीका। इसमें कई वर्ष लगते थे। टॉक्सिसिटी स्टडीज के बाद फेज़ 2 से फेज़ 4 तक मनुष्य पर क्लिनिकल परीक्षण के लिए सेफ्टी प्रोटोकॉल, एथिकल कमेटी की क्लीयरेंस और स्टडी का 'डबल ब्लाइंड' होना जरूरी समझा गया। डबल ब्लाइंड स्टडी में न तो ह्यूमन सब्जेक्ट्स को और न ही शोधकर्मियों को मालूम होता है कि किसे वास्तविक दवा या टीका लगाया गया है और किसे 'प्लेसिबो' दिया गया है। इसके लिए 'एक्सपेरिमेंटल' और 'कंट्रोल' दो ग्रुप बनाए जाते हैं। कंट्रोल ग्रुप के व्यक्तियों को प्लेसिबो और एक्सपेरिमेंटल ग्रुप को वास्तव में ही सही दवा दी जाती है। दवा और प्लेसिबो पर कोडमार्किंग होती है। बाद में एनालिसिस होती है जिसमें मेडिकल स्टेटिस्टिशियंस जांच करके दवा की एफिकेसी अर्थात प्रभावोत्पकता को प्रतिशत में अभिव्यक्त करके स्टडी को वेलिडेट करते हैं। यह डाटा 'स्टेटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' होना चाहिए जिसका अर्थ गहरा होता है और यह निर्णय करने में महत्वपूर्ण होता कि ड्रग या वैक्सीन को आमजन में इस्तेमाल करने के लिए जारी करना उपयुक्त है या नहीं। भारत में मनुष्य पर क्लिनिकल परीक्षण करने से पहले क्लिनिकल परीक्षण रजिस्ट्री में ट्रायल से संबंधित डाटा जमा करके अनुमति लेनी होती है। देखा जाता है कि एथिकल कमेटी ने किस आधार पर क्लिनिकल परीक्षण की अनुमति दी है। ऐसा करते हुए स्टडी डिजाइन को देखना बहुत जरूरी है जो ड्रग डेवलपमेंट और बायो-सेफ्टी एक्सपर्ट्स देख लेते हैं। इसका पालन करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की सन 2005 में जारी 'हैंडबुक फॉर गुड क्लिनिकल रिसर्च प्रैक्टिस' को न केवल फॉलो करना होता है बल्कि भारत में आईसीएमआर द्वारा अप्रैल 2020 में जारी की गई कोविड संबंधी शोध के लिए विशेष तौर से तैयार 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर एथिक्स कमेटीज़ रिवियुइंग बायोमेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च ड्यूरिंग कोविड-19 पैंडेमिक' के साथ-साथ सन 2017 में जारी की गई 'नेशनल एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायो मेडिकल रिसर्च इन्वोल्विंग चिल्ड्रन' एवं इसी साल संशोधित रूप से जारी की गई 'नेशनल एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायो मेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च इन्वोल्विंग ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को अनिवार्य रूप से नियमपूर्वक मानना जरूरी किया गया।

कोवैक्सीन के विकास के तुरंत बाद इस पर भारत में ही सन 2021 में बहुत से क्लिनिकल परीक्षण इसकी इम्यूनोजेनेटिसिटी और सेफ्टी एंड एफिकेसी को लेकर हुए। इस बारे में इन्टरनेट रिसोर्सेज पर काफी साहित्य उपलब्ध है। यह खेद की बात है कि मीडिया के अपने अधिकतर लोग और अनेक शोधकर्मी देश के सबसे पुराने, भरोसेमंद और नियमित रूप से प्रकाशित विख्यात बायो-मेडिकल जर्नल'इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च' के अंक नहीं देखते-पढ़ते और ऐसी सूचनाओं के लिए विदेशी मीडिया पर निर्भर करते हैं जो कि भारत के लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित होती हैं। ऐसे बहुत से भारतीय पत्रकारों को मैं जानता हूं जो विदेश के साइंस मीडिया के लिए काम करते हैं और पहली रिपोर्ट उन्हें ही देते हैं। इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (बीएचयू) के शोधकर्मियों ने टीकाकरण होने के बाद 1023 व्यक्तियों को एक साल तक निगरानी में रखने की सहमति ली। हम इस अध्ययन को पूरे तौर से क्लिनिकल परीक्षण नहीं कह सकते क्योंकि शोधकर्मियों ने इसे खुद ही 'प्रोस्पेक्टिव ओब्सेर्वेशनल स्टडी' अर्थात एक 'संभावना की जांच हेतु अध्ययन' कहा है। इससे पहले निश्चित रूप से इन्होंने ख्याति प्राप्त मेडिकल और बायो-मेडिकल जर्नल्स में से वे अधिकतर अध्ययन जरूर देखे-पढ़े होंगें जिनमें कोरोना वायरस और इसके विभेदों के कारण उत्पन्न हुए संक्रमण के प्रभावों के अलावा टीकाकरण के उपरांत उत्तर भारत में टीकाकृत व्यक्तियों में हुए शारीरिक विषमताओं की बाबत रिपोर्ट हुई। इनके बारे में मेडिकल जर्नल्स में अध्ययन भी प्रकाशित हुए। आईसीएमआर ने तो इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च में कोविड-19 के बारे में अनेक पहलुओं से अनेक लेखों का प्रकाशन सन 2020 के बाद से किया है। ये सभी अध्ययन भारतीय लोगों पर किए गए हैं और इनमें महामारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा है। इन अध्ययनों का प्रकाशन विद्वत्त समीक्षा के उपरांत ही किया गया है। बीएचयू के अध्येताओं उपिन्दर कौर, आकांक्षा जायसवाल और साथियों ने टीकाकरण के उपरांत जनवरी 2022 से अगस्त 2023 के बीच 1023 सभी रेक्रुइट्स में से इन्हें कुल 926 व्यक्तियों का रेस्पोंस मिला जिनसे सिर्फ टेलीफोन पर बातचीत की गई थी। अर्थात, इनके मेडिकल रिकार्ड्स नहीं देखे गए, क्लिनिकल जांच की व्यवस्था नहीं की गई और डाटा एनालिसिस का क्या तरीका अपनाया गया इसकी कोई जानकारी भी दर्ज नहीं है। हो सकता है मौखिक बताए गए शारीरिक दोषों की वजह कुछ और रही हो। वेरिएबल्स को या और स्टैटिस्टिकल दोषों को किस पद्धति को अपनाकर निरस्त किया गया यह स्पष्ट नहीं किया गया।

'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' से संबंधित स्पष्टीकरण इस शोध अध्ययन में दिया गया। इस अध्ययन के डिजाइन में अगर खोट था तब इस बात को लेकर ताज्जुब है कि इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज की आचार संहिता कमेटी ने इसकी एप्रूवल 'डीन/2021/ईसी /2526' और 'डीन/2022/ईसी/3210' की मार्फ़त कैसे दी? दूसरी प्रमुख बात यह कि अध्ययन को प्रकाशित करने वाले 'ड्रग सेफ्टी' जर्नल के जिन सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स को यह पेपर रिव्यु के लिए भेजा गया था इनकी कमेंट्स के बारे में कोई सूचना उपलब्ध क्यों नहीं है। क्या विद्वत्त समीक्षकों ने लापरवाही की है? ऐसे पेपर्स स्यूडो-साइंस के दायरे में आते हैं। इससे जर्नल की ख्याति पर ही नहीं भारत बायो-टेक, आईसीएमआर की प्रतिष्ठा, भारत में बायो-मेडिकल अनुसंधान कार्यों की गुणवत्ता पर अंगुली उठाए जाने का मौक़ा मिलने के अलावा देश की फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री की कार्य प्रणाली और ड्रग रेगुलेटर पर भी पर शक होने का ख्याल किसी के मन में आ सकता है। इससे हमारे देश में औषधि और टीका विकास एवं निर्माण और इनकी मार्केटिंग पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। जाहिर है शोध अध्ययन की प्रक्रिया में सतर्कता नहीं बरती गई।

## प्रसंगवश

# बेपरवाही और आत्ममुग्धता

भीषण गर्मी है। आरामतलब मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए घर घर संपर्क की जरुरत है। मगर घोर शांति है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

इतना मौन तो मतदाता कभी न था। दरअसल वह एक उलझनभरी मनःस्थिति का शिकार है। एक तरह की किंकर्तव्यविमूढ़ता! क्या करे? कहां जाय? एक ओर मोदी मैजिक है दूसरी ओर खड़े किए गए प्रत्याशियों का नकारापन। एक तीसरा पहलू है विकल्पहीनता की स्थिति। विपक्ष धराशायी सा है। ऐसे हालात में मतदाता त्रिशंकु की बेबसी लिए अगले चरण के मतदान की तारीख को पास आता देख रहा है। अनिश्चय में है।

प्रत्याशियों के नकारेपन के अनवरत फीडबैक के चलते एक हालिया इन्टरव्यू में मोदी जी को स्पष्ट करना पड़ा कि उनका प्रत्याशी और कोई नहीं केवल कमल है और मतदाता बस कमल पर मुहर लगाएं। यह एक पावरफुल संदेश है किंतु कितना कारगर होगा नतीजे बताएंगे।

मगर कई प्रत्याशियों का नकारापन इस बार हावी होता दिख रहा है। ऐसे प्रत्याशी जो जीते तो कभी जनता के बीच नहीं गए। ये ऐसी शख्सियतें हैं कि इनकी नकारात्मकता मोदी मैजिक पर भी भारी पड़ रही है। यह मोदी युग के इस तीसरे चुनाव का एक उल्लेखनीय ऐंगल है। दूसरी ओर विपक्षी खेमा चुनाव के बढ़ते चरणों में उत्तरोत्तर उत्तर प्रदेश में हावी होता दिख रहा है। संविधान बदलने का खतरा और कोविड वैक्सीन की मारकता। और भी अल्ल बल्ल फैलाया जा रहा है। कमल ही प्रत्याशी है यह वाक्य कितना कारगर होगा? यह मंत्र कितने मतदाताओं तक पहुंचा है? और यह जिम्मेदारी किसकी है कि मोदी का यह संदेश घर घर तक जा पहुंचे। समर अभी शेष है। भीषण गर्मी है। आरामतलब मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए घर घर संपर्क की जरुरत है। मगर घोर शांति है। जैसे मुतमईन हों भाजपा प्रत्याशी कि मोदी जी इस बार भी चुनावी वैतरणी पार करा ही देंगे। क्यों पसीना बहाना? लू के लपेटे में क्यों आना? ऐसी बेपरवाही, आत्ममुग्धता के परिणाम क्या अच्छे होने हैं?

# बढ़ता तापमान आर्थिकी के लिए घातक



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।

वर्ष 2023 भारत के लिए अब तक का दूसरा सबसे गर्म वर्ष था। अब तक का सर्वाधिक गर्म साल 2016 रहा है। अगर वैश्विक स्तर पर बात करें तो पिछले बारह महीनों (अप्रैल 2023 - मार्च 2024) में वैश्विक औसत तापमान 1991-2020 के औसत से 0.70 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया है। वर्ष 2024 में वैश्विक सतह का तापमान 20 वीं सदी के औसत तापमान से 1.35 डिग्री सेल्सियस अधिक है। एक शोध के अनुसार इस बात की 55 फीसदी आशंका है कि 2024 इतिहास में सबसे गर्म वर्ष के रूप में रिकॉर्ड हो सकता है। वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) और जलवायु परिवर्तन का किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर मूलतः दो तरीकों से प्रभाव पड़ता है।

बढ़ते तापमान और बेमौसमी बारिश से फसलों को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे उपज कम हो जाती है और बाजार में मांग बढ़ती है। जिसका सीधा संबंध महंगाई से है। उसके अलावा ऐसे नुकसान से निपटने के लिए राहत और बुनियादी ढांचे पर जो खर्च होता है उसका नतीजा तमाम लोगों के लिए करों में वृद्धि के रूप में निकलता है। फिर फसलों की कम पैदावार हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को भी प्रभावित करती है। क्योंकि सरकार उन फसलों के निर्यात पर पाबंदी लगा देती है जिनकी उपज कम होती है। साल 2022 में बढ़ते तापमान की वजह से गेहूं का उत्पादन कम हुआ था और इस कारण से भारत ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। जनवरी 2024 तक भारत में चीनी उत्पादन 5.28 प्रतिशत कम आंका गया है। जिसका प्रमुख कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की उपज का कम होना माना गया है। भारत पिछले छह वर्षों से चीनी का निर्यातक रहा है। लेकिन अब विश्लेषक कयास लगा रहे हैं कि शायद अगले साल तक भारत को चीनी आयात भी करनी पड़ सकती है। बढ़ती गर्मी और विभिन्न चरम मौसमी घटनाओं का सीधा असर श्रम प्रधान क्षेत्रों पर बहुत ज्यादा पड़ेगा। इससे खेती-बाड़ी निर्माण गतिविधियों परिवहन और पर्यटन कारोबार खासे प्रभावित हो सकते हैं। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर असर हो सकता है। 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' का अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव का सबसे अधिक सामना कृषि और निर्माण श्रमिकों को करना पड़ेगा। भारत में बढ़ती गर्मी के परिणामस्वरूप 2030 तक काम के घंटों में 5.8 प्रतिशत तक की गिरावट आने का अनुमान है। जो करीब 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के नुकसान के बराबर होगा। इससे जीडीपी में अनुमानित 2.50 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। बढ़ता तापमान कच्चे माल यानी कृषि उपज और श्रम पर प्रभाव डालने के साथ औद्योगिक विकास को भी प्रभावित कर सकता है। इसमें महत्वपूर्ण औद्योगिक बुनियादी ढांचे को प्रत्यक्ष नुकसान मानव संसाधन की उपलब्धता एवं उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव और कच्चे माल के भंडारण से सम्बंधित परिचालन लागत में वृद्धि शामिल है। उद्योगों को पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में अधिक निवेश करना पड़ सकता है। जिससे उत्पादन की लागत बढ़ जाएगी। इसके अतिरिक्त समुद्र का बढ़ता स्तर बाढ़ चक्रवाती तूफ़ान भूस्खलन आदि सड़क रेलवे और समुद्री मार्गों जैसे परिवहन साधनों को सीधे प्रभावित करेंगे। जिससे भी आपूर्ति श्रंखला बाधित हो सकती है। पिछले वर्ष 4 अक्टूबर को सिक्किम के चुंगथांग में 1200 मेगावाट की तीस्ता जलविद्युत परियोजना का 60 मीटर ऊंचा कंक्रीट बांध हिमानी झील के फटने से आई बाढ़ में ढह गया था। इस तरह की घटनाओं की आशंका और भी बढ़ेगी जिसका असर समग्र विकास पर पड़ेगा। वस्तुतः किसी भी गंभीर समस्या का समाधान राजनीतिक इच्छाशक्ति के बगैर संभव नहीं है। हमारे देश की राजनीतिक चेतना में जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान का मुद्दा कितने हाशिये पर है इसे समझने के लिए दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों पर नजर डाली जा सकती है। सत्तारूढ़ भाजपा ने पर्यावरण को अपने घोषणा पत्र में पेज नंबर 71 पर जगह दी है। यह उसके घोषणा पत्र का समापन बिंदु है। वहीं कांग्रेस ने इसे अपने घोषणा पत्र में पेज 41 पर जगह दी है। जो उसका आखिरी अध्याय है।

गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। और 2050 तक 20 फीसदी देश जल संकट से घिर सकते हैं। इसके साथ ही 2030 तक बढ़ते तापमान के कारण 2,50,000 लोगों की मौतें हो सकती हैं। वस्तुतः गर्मी बढ़ने से ऊर्जा की मांग बढ़ेगी जिससे वायु प्रदूषण फैलेगा। एक और अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग से 20 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हो सकता है। कृषि पैदावार में गिरावट आने से भुखमरी बढ़ेगी और अकाल जैसे हालात बन सकते हैं।

## सोशल फोरम

# सत्तर के दशक तक



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

गांव के इक्का दुक्का लोग या तो फौज में भर्ती हो जाते थे या मास्टर हो जाते थे। नौकरी के पीछे भागने का चलन 1970 के आसपास शुरू हुआ और इसने पलायन की गति बढ़ा दी। इसका कारण रोजगार की कमी भी थी। कल गेहूं की उपज का अनुमान लगा रहा था और जैसा कि गणित के मास्टर की आदत होती है कि लाभ हानि का हिसाब भी लगा रहा था। उप्र सरकार की प्रांतीय सिविल सेवा में ज्वाइन करने से पहले मल्ला डौणू, तल्ला डौणूं, दशौली और भदीना के चारों गांव की अपनी जमीन आबाद करना एक चुनौती थी और इसे बखूबी निभाया जाता था। धीरे-धीरे सब छूटता गया।

2006 (मां के देहान्त) तक दूध, दही घी और सब्जी या आटा चावल दाल शायद ही कभी बाहर से खरीदना पड़ा हो। मेरे बाहर निकल जाने के बाद दशौली के खेत द्वारी की जमीन और तल्ला डौणूं के खेत पिता श्री ने अपने हिसाब से सौंप दिए। आज तो मैं यह भी नहीं पूछता कि इन जमीनों पर कब्जा किसका है क्योंकि तल्ला डौणूं के खेत पिछले नवंबर में अथक प्रयास के बाद भी मुझे बंजर ही छोड़ने पड़े। लुब्बो लुबाब यह है कि जितनी जमीन दशावली (पाठकों की दशौली) में सिविल सेवा में जाने से पहले खेती बाड़ी में थी आज उसका दसवां भाग भी आबाद कर पाना मुश्किल हो रहा है। मौद्रिक लाभ को शून्य मान लिया जाए तो भी गांव में कामकाजी महिलाओं के लिए इतनी छोटी सी खेती में पंद्रह दिन का रोजगार सृजन हुआ ही है और मुझे शुद्ध आर्गेनिक गेहूं छः सात महीने के लिए मिल गया है। आगे लगभग पंद्रह बीस दिन तक खेती बाड़ी की गतिविधियां कम हैं इसलिए कल खेतों में घूम रहे आवारा छोकरों को कहा है कि सप्ताह में एक दिन हर परिवार से एक आदमी कुदाल फावड़ा बेलचा लेकर आए और ऊपर जंगल में जाकर जलसंचय के लिए खाईयां बनाने में योगदान करे। इस बार जाड़ों में बर्फबारी न होने के कारण जल स्रोतों का निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। यह व्यवस्था आगामी वर्षों के लिए करनी है।पशु पक्षी के लिए भी जल का अभाव होने लगा है।

-फेसबुक वॉल से

# यादें राजीव गांधी की शव यात्रा की



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

राजीव गांधी की अंत्येष्टि वाले दिन भीषण गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद शवयात्रा के मार्ग पर भारी भीड़ थी। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए दक्षिण एशिया समेत संसार के अनेक देशों के नेता और अहम शख्सियतें दिल्ली आईं थीं।

सच में मुट्ठी में पकड़ी रेत की तरह से निकल जाता है वक्त। राजीव गांधी की दर्दनाक मौत को 33 साल हो गए। 21 मई 1991 को हुई हत्या से सारी दुनिया हिल गई थी। पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और संजय गांधी की शव यात्राओं में भी जनता की भागीदारी बहुत थी। पर राजीव गांधी की शवयात्रा को बहुत बड़ी शवयात्रा के रूप में याद किया जाता है। हालांकि इस लिहाज से दिल्ली में महात्मा गांधी से बड़ी शव यात्रा किसी ने नहीं देखी।

राजीव गांधी की अंत्येष्टि वाले दिन भीषण गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद शवयात्रा के मार्ग पर भारी भीड़ थी। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए दक्षिण एशिया समेत संसार के अनेक देशों के नेता और अहम शख्सियतें दिल्ली आईं थीं। पाकिस्तान से प्रधानमंत्री नवाज शऱीफ और उनकी राजनीतिक विरोधी बेनजीर भुट्टो भी आए। ये दोनों हमवतन तब एक दूसरे से दूर-दूर रहे। पर अब शरीफ के छोटे भाई शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री हैं और बेनजीर भुट्टो के पति देश के राष्ट्रपति हैं। यानी गुजरे दौर के शत्रुओं ने अपनी राजनीतिक अदावत को भुला दिया है। वे अब साथ-साथ हैं।

राजीव गांधी का पार्थिव शरीर जनता के दर्शनों के लिए तीन मूर्ति भवन में रखा था। राजीव गांधी की अंत्येष्टि 24 मई, 1991 को हुई थी। उसमें बांग्लादेश की तब की प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया और फिलीस्तीन मुक्ति संगठन के प्रमुख यासरअराफात ने भी भाग लिया था। अराफात तो बार-बार फफक कर रो भी पड़ते थे। उनके गांधी परिवार से व्यक्तिगत संबंध थे। 24 मई से पहले ही राहुल गांधी अमेरिका से वापस भारत आ चुके थे। राहुल उन दिनों अमेरिका में ही पढ़ते थे। राजधानी में शक्तिस्थल पर अंत्येष्टि की तैयारियां पूरी हो गईं थी।

राजीव गांधी ने 20 मई,1991 को दिल्ली के निर्माण भवन में अपना लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाला था। अब भी देश को वह तस्वीर याद है, जब राजेश खन्ना कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गांधी और सोनिया गांधी को उनका वोट डलवाने में मदद कर रहे हैं। वह राजधानी में राजीव गांधी की अंतिम तस्वीर थी। उसके अगले ही दिन यानी 21 मई, 1991 को राजीव गांधी की एक बम धमाके में हत्या कर दी गई थी। घटना तमिलनाडू के श्रीपेरम्बदूबर में हुई थी। देश ने इस जगह का पहले कभी नाम भी नहीं सुना था। धमाके में राजीव गांधी का शरीर छलनी हो गया था। उसके आसपास कुछ और शव भी पड़े। राजीव गांधी की मौत से सारा देश सन्न था। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और परिवार के मित्र सुमन दूबे वगैरह चैन्नई (तब मद्रास) से राजीव गांधी के शव को लेकर दिल्ली आ गए थे। तय हुआ कि उनका अंतिम संस्कार 24 मई, 1991 को होगा।

और अब वक्त आ गया था राजीव गांधी को अलविदा कहने का। शाम सवा पांच बजे अपार जनसमूह के सामने अंत्येष्टि वैदिक मंत्रोचार के बीच शुरू हुई। सोनिया गांधी काला चश्मा पहने अपने पुत्र राहुल को अपने पिता की चिता पर मुखाग्नि देने के कठोर काम को सही प्रकार से करवा रहीं थीं। जो भी उस मंजर को देख रहा था, उसका कलेजा फट रहा था। अमिताभ बच्चन भी वहां पर थे। तब तक उनके गांधी परिवार से मधुर संबंध थे। अंत्येष्टि के दौरान बनारस से खासतौर पर आए पंडित गणपत राय राहुल गांधी और अमिताभ बच्चन को बीच-बीच में कुछ समझा रहे थे। राजेश खन्ना लगातार रो रहे थे। करीब डेढ़ घंटे तक चली थी अंत्येष्टि। राजीव गांधी को अंतिम विदाई देने के कई दिनों के बाद भी देश में उदासी छाई रही थी।

# अतिशय नवनीत लेपन शुभ नहीं



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भारतीय राजनीति में ज्यों-ज्यों लोकतंत्र पुराना होता जा रहा है, व्यक्ति पूजा और चाटुकारिता बढ़ती जा रही है। पहले कांग्रेस सत्ता में रही है, तो रीतिकालीन दरबारी कवियों की भांति मुख्य नेता के इर्द गिर्द रहने वाले मुसाहिब उसके नवनीत लेपन करते थे। कवियों को राजे महराजे पुरस्कार देते थे और लोकतांत्रिक सत्ताधारी चाटुकारों को पद, प्रतिष्ठा प्रदान करते हैं। एमरजेंसी खत्म होने के बाद हुए चुनावों में जनता पार्टी सत्ता में आ गई थी, जो 27 महीने सरकार चला पाई। बाद में फिर चुनाव हुए, तो कानपुर के फूलबाग (गणेश उद्यान) की एक सभा में पं.कमलापति त्रिपाठी ने कहा था कि माफी इंदिरा जी को नहीं, जनता को उनसे मांगनी चाहिए, जिसने विगत में उन्हें अपदस्थ किया। मालूम हो कि जनतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है।

काग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने "इंदिरा इज़ इंडिया" का नारा बुलंद किया था। यूपीए शासन काल में सोनिया गांधी को दुर्गा के रूप में चित्रित और मूर्तिमन्त किया गया तथा एक वैश्विक फुटबाल प्रतियोगिता में इटली और फ्रांस के बीच होने वाले मैच के समय भारत में इटली के पक्ष में हवन किए गए और कहा गया कि वह राहुल की ननसाल है। ज्ञातव्य है कि भारत इस प्रतियोगिता में पहले ही हार चुका था। खैर! अब भारतीय जनता पार्टी भी इस कार्य में कांग्रेस को पीछे छोड़ रही है। नरेंद्र मोदी के दूसरे सत्ता-काल में यह ज्यादा ही बढ़ गया है। कभी अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में मोदी को प्रधानमंत्री पद पर प्रतिष्ठित करने वाले राजनाथ सिंह कहते हैं कि 'मोदी जी ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक करने का निर्णय 10 मिनट में ले लिया था'और कभी कहते हैं, 'देश की जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है'। शासन में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव के पीएम प्रत्याशी के रूप में अभी से प्रोजेक्ट कर रहे हैं। हद तो तब हो गई जब पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पुरी( ओडिसा) से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी संवित पात्रा ने कहा कि 'भगवान जगन्नाथ भी मोदी जी के भक्त हैं'।

बताते चलें कि हिरण्यकशिपु, महिषासुर, कंस आदि भगवान की सत्ता को न मानकर अपने को ही भगवान घोषित करते और पूज्य मानते थे, लेकिन भगवान द्वारा अपने को पूजनीय और उनका आराध्य नहीं बताते थे, किन भाजपाई अब इससे आगे बढ़कर चाटुकारिता की सभी हदें पार कर रहे हैं। इस कथन की तीखी आलोचना हो रही है और गाढ़े समय में भाजपा के मददगार बनते रहे ओडिसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने संवित पात्रा के कथन की कड़ी निंदा की। लोकतंत्र के लिए अतिशय नवनीत लेपन शुभ नहीं है।

## सार-संक्षेप

### आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री राकेश धर त्रिपाठी को मिली राहत, कोर्ट ने जमानत दी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री राकेश धर त्रिपाठी को बड़ी राहत देते हुए उनकी सजा स्थगित कर उन्हें जमानत दे दी है। मालूम हो कि 16 मई 2024 को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। 18 जून 2013 को पूर्व मंत्री के खिलाफ प्रयागराज के मुट्ठीगंज थाने में आय से अधिक संपत्ति मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मंत्री पर आरोप था कि बसपा सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने ज्ञात आय से अधिक की संपत्ति अर्जित की। इसके अलावा उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कॉलेज को मान्यता देने सहित कई फर्जीवाड़ी भी किए। लोकायुक्त की जांच में वर्ष 2010 में अपने पद का गलत प्रयोग कर त्रिपाठी द्वारा कई कॉलेजों को मान्यता देने का खुलासा किया गया है। इसी मामले में एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट, प्रयागराज ने राकेश धर को दोषी मानते हुए तीन साल के कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसे वर्तमान याचिका में चुनौती दी गई थी।

### अफजाल अंसारी की अपील पर आज भी होगी सुनवाई

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी की अपील पर 21 मई यानी मंगलवार को 2 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान अंसारी के अधिवक्ताओं ने पक्ष रखते हुए सजा खत्म करने की मांग की, साथ ही कोर्ट को बताया गया कि लंबित मुकदमे के कारण अफजाल अंसारी के चुनाव लड़ने को लेकर संशय बना हुआ है। अत: कोर्ट से सजा रद करने की मांग की गई। हालांकि राज्य सरकार और भाजपा विधायक रहे कृष्णानंद राय के पुत्र पीयूष राय के अधिवक्ताओं ने अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग की। समयाभाव के कारण कोर्ट ने मामले को 22 मई के लिए स्थगित कर दिया। अब बुधवार को होने वाली सुनवाई अंसारी के चुनाव लड़ने या ना लड़ने का फैसला करेगी। मालूम हो कि गाजीपुर एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा मिली 4 साल की सजा के खिलाफ अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है।

### रंगदारी व धमकी केस में रिजवान सोलंकी को जमानत

**कानपुर, अमृत विचार :** सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी को रंगदारी व धमकाने के मामले में दर्ज मुकदमें में हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। इस मामले में आरोपी शौकत अली को भी जमानत मिल गई। रिजवान और शौकत के खिलाफ आगजनी मामले में गवाह विष्णु सैनी ने धमकाने व रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए नंवबर 2023 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी के मामले में गवाह विष्णु कुमार सैनी ने जाजमऊ थाने में सात नंवबर 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विष्णु ने बताया था कि आगजनी मामले में वह बयान देने कोर्ट पहुंचा तो पेशी पर आए रिजवान सोलंकी व शौकत अली ने उन्हें धमकाया और रंगदारी की मांग की। जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामले में जाजमऊ पुलिस ने रिजवान, शौकत अली समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। रिजवान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसपर वे हाईकोर्ट गए थे।

### कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले की अगली सुनवाई 24 को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड तथा हिंदू पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद मामले को शुक्रवार 24 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हुई। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने अपने तर्कों में कहा कि 12 अक्टूबर, 1968 को हिंदू पक्ष और वक्फ बोर्ड के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके माध्यम से विवादित संपत्ति शाही ईदगाह को सौंपी गई थी। वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता ने कहा कि वर्ष 1974 में तय एक दीवानी वाद में भी इस समझौते की पुष्टि की गई है, साथ ही इस समझौते को करने वाले संस्थान में कई नामी व्यक्ति सदस्य थे। चूंकि दोनों पक्षों के बीच कई मुकदमे चल रहे थे, इसलिए उन्होंने समझौता करने का निर्णय किया और तब से मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा वहां नमाज अदा की जा रही है।सुन्नी वक्फ बोर्ड की दलील पर आपत्ति करते हुए हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि मुस्लिम पक्ष का स्वयं का कथन है कि समझौते में वक्फ बोर्ड और शाही ईदगाह के किराएदार शामिल थे जो दर्शाता है कि हस्ताक्षर करने वाले संपत्ति के स्वामी नहीं थे, बल्कि वे किराएदार थे।

### दबंगों ने लाठी डंडो से पीट पीटकर युवक की हत्या

**रायबरेली, अमृत विचार :** सोमवार की देर शाम लाठी डंडों से लैस लगभग आधा दर्जन लोगों ने युवक पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए युवक चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन दबंगों की दहशत के आगे आसपास के स्थानी लोग युवक को बचाने की हिम्मत तक नहीं जुटा पाए। इसी दौरान पोलिंग बूथ से वापस आ रही पुलिस की गाड़ी को देखते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने भाग रहे आरोपियों को पकड़ने की जहमत तक उठाना जरूरी नहीं समझा। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। भदोखर थाना क्षेत्र के जफरपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार (25) पुत्र पुत्तीलाल बाजार से शाम लगभग छह बजे घर वापस जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे लगभग आधा दर्जन लोगों ने युवक पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित युवक बचाव के लिए इधर-उधर भागता रहा, लेकिन दबंगों ने लाठी डंडों से इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

### पहली बार अयोध्या में होगी प्री-स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता

**अयोध्या, अमृत विचार :** उप्र स्टेट रायफल एसोसिएशन के तत्वावधान में 22 वीं प्री-स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता जिले की भवदीय शूटिंग रेंज में आयोजित होगी। वरिष्ठ शूटिंग कोच शनि कुमार वर्मा ने मंगलवार को बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में सैकड़ों शूटिंग खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। महिला व पुरुष वर्ग के विभिन्न कैटेगरी में होने वाली प्रतियोगिता में एयर रायफल व एयर पिस्टल के उप्र के अलावा अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे। इसमें यूपीएसआरए की ओर से नियुक्त ऑफीसियल, निर्णायक व रेफरी प्रतियोगिता में निष्पक्ष निर्णय देंगे। इसके लिए यूपीएसआए के निर्देशन में प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पहली बार आयोजित होने वाली प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता से क्वालीफाई खिलाड़ी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे। अभी तक दिल्ली, नोएडा, पश्चिमी क्षेत्र, जयपुर आदि में ही प्री-स्टेट प्रतियोगिता आयोजित होती रही है। भवदीय ग्रप के प्रबंधक अवधेश वर्मा ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि उप्र के पूर्वी क्षेत्र राम नगरी अयोध्या में यह प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें देश के लगभग तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों के प्रतिभागिता की संभावना है।

# तेज रफ्तार कार ने 4 महिलाओं को रौंदा, मौत

## फतेहपुर से आ रही थी कार, चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर फ्लाईओवर के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जबरदस्त टक्कर के बाद करीब 200 मीटर घसीटती ले गई कार
- मृतकों में दो बहनें, एक ननद और एक बेटी शामिल



प्रयागराज हाईवे पर क्षतिग्रस्त वाहन।

**अमृत विचार :** महाराजपुर थानाक्षेत्र स्थित चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर हाथीपुर फ्लाईओवर के पास मंगलवार शाम फतेहपुर से आ रही तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहीं किशोरी समेत चार महिलाओं को रौंद दिया। हादसे में चारों की मौत हो गई।

कार की चपेट में आकर महिलाएं करीब 200 मीटर तक घिसटती हुई चली गईं। एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल है। उसे हैलट अस्पताल भेजा गया है। कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की सूचना पर डीसीपी पूर्वी समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। श्याम नगर निवासी पूनम पांडेय (50) मंगलवार सुबह नीलवाली गली निवासी बेटी चंचल द्विवेदी (30) के साथ महाराजपुर थाना क्षेत्र निवासी ननद सरिता द्विवेदी (53) व रूपा तिवारी (38) के घर गई थीं। सरिता के पति जितेंद्र ने बताया कि शाम करीब साढ़े छह बजे पत्नी सरिता अपनी बेटी अपर्णा (17) व रूपा, पूनम और चंचल को कुछ दूर छोड़ने के लिए उनके साथ जा रहीं थीं। वह चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर रोड पार करने लगीं तभी फतेहपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ईको कार ने सभी को जोरदार टक्कर मार दी।

कार की चपेट में आकर पूनम, सरिता, चंचल व रूपा करीब 200 मीटर दूर घिसटती हुई चली गईं। हाथीपुर फ्लाईओवर के पास कार अनियंत्रित होकर दो बार पलट गई। हादसे के बाद क्षेत्रीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने पूनम, रूपा व सरिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद चंचल व अपर्णा को हैलट रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान चंचल की भी मौत हो गई। सूचना पर डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार समेत कई थानों का फोर्स व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार जब्त कर घटनास्थल पर साक्ष्य संकलित किए।

# मंत्री के साथ सेल्फी लेने में मतदान अधिकारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- बीएसए ने कहा, कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन किया

**अमृत विचार :** विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को मतदान के दौरान वोट डालने के बाद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ सेल्फी लेने के मामले में मतदान अधिकारी प्रथम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बीएसए का कहना है कि यह कार्य कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने की श्रेणी में आता है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने उमरी विद्यालय के सहायक अध्यापक आशीष कुमार की ड्यूटी मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में लगाई थी। इन्होंने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर के मतदेय स्थल 112 में मतदान कराया।

यहां का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें आशीष कुमार ने मतदान के दौरान मतदाताओं की फोटो खींची और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ सेल्फी ली जो सरासर गलत है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ब्लाक संसाधन केंद्र मुस्करा में संबद्ध किया गया है।

# जानबूझकर किया गया अपमान एससी/एसटी एक्ट में अपराध नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत होने वाले अपराधों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जानबूझकर अपमान या धमकी देने का कथित कृत्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(आर) के तहत अपराध तभी माना जाएगा, जब यह सार्वजनिक रूप से किया गया हो।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी.चौहान की एकलपीठ ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत पिंटू सिंह उर्फ राणा प्रताप सिंह और दो अन्य के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई को रद करते हुए पारित किया। नवंबर 2017 में याचियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और एससी/एसटी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। याचियों पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने शिकायतकर्ता के घर में घुसकर जाति आधारित टिप्पणी की और परिवारीजनों पर हमला किया। कोर्ट ने अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि एससी/ एसटी एक्ट का यह प्रावधान सार्वजनिक स्थान पर अनुसूचित जाति या जनजाति के सदस्य को अपमानित करने या उसे डरने के उद्देश्य से जानबूझकर किए गए अपराध पर लागू होता है।

# चार युवक सरयू में डूबे, एक लापता

**अयोध्या, अमृत विचार :** सरयू नदी का जलस्तर भले ही घट गया हो, लेकिन आए दिन डूबने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मंगलवार सुबह नदी में स्नान करने गए चार युवक गहरे पानी में डूबने लगे। जल पुलिस ने युवकों को बचाने की कोशिश की, जिसमें तीन युवक आकाश सिंह, एस श्रीवास्तव और राहुल को बचा लिया गया, जबकि प्रिंस साहनी (19) निवासी कौशलपुरी को बाहर नहीं निकाल पाए। जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कर रही है। जल पुलिसकर्मी नित्यानंद ने बताया सुबह जल पुलिस गश्त कर रही थी कि अचानक गुहार मची। तीन युवक को बाहर निकाल लिया।

# किशोरी ने पिता को गला रेतकर मार डाला

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- सोते समय दिया घटना को अंजाम भाई पर भी किया जानलेवा हमला

**अमृत विचार:** परिवार प्रेम प्रसंग में बाधा बना तो किशोरी ने भयानक योजना बना डाली। इसके तहत रात के समय जब पिता सो रहे थे उसने धारदार हथियार से उनका गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद भाई पर भी जानलेवा हमला कर दिया लेकिन वह समय रहते जाग गया इसलिए जान बच गई।

शोरशराबा सुनकर परिवार के और लोग दौड़ पड़े और हमलावर हुई किशोरी को किसी तरह से काबू किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। साथ ही किशोरी को हिरासत में ले लिया। कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर चौकी के करमुल्लापुर निवासी अजय पाल राजपूत सौरिख विकासखंड में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। वह पत्नी मोनी (48), बेटों सिद्धार्थ (18),अमन (14) और बेटी (17) के साथ गांव में ही रह रहे थे। सोमवार की शाम परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर गहरी नींद में सो गए।

रात करीब दो बजे बेटी जो कक्षा 12 की छात्रा है, ने धारदार हथियार से पिता की गला रेत कर हत्या कर दी। इसके कुछ देर बाद भाई के पास पहुंच उसकी गर्दन पर पैर रख कर हथौड़े से प्रहार करना चाहा लेकिन वह जाग गया और बहन की गर्दन पकड़कर दबोच लिया। इस पर किशोरी ने भाई के पैर और हाथ में काट लिया। चीखपुकार सुन पड़ोस में रहने वाले परिजन दौड़े और किशोरी को काबू कर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उच्चाधिकारियों को सूचना देने के साथ ही किशोरी को हिरासत में ले लिया। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली और किशोरी को कोतवाली भेज दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण में एसपी अमित आनंद का कहना है कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गोमती और इंदिरा नहर में नहाने गए दो लोग डूबे, मौत

**लखनऊ, अमृत विचार :** ठाकुरगंज पीपे वाले पुल के पास नहा रहे बाबू (14) की डूबने से मौत हो गई। दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। वहीं गोसाईंगंज स्थित इंदिरा नहर में दोस्तों के साथ नहा रहे यूसुफ (18) की डूबकर मौत हो गई। उधर गोमतीनगर रिवर फ्रंट पर ओमप्रकाश (47) ने कूदकर जान दे दी। मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी गौतम विश्वास मछली का व्यापार करते हैं। गौतम के मुताबिक, बेटा बाबू बाबा ठाकुरदास स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र था। मंगलवार सुबह अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था।

# भातखंडे संगीत विद्यापीठ की रजिस्ट्रार मीरा माथुर का निधन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुरादाबाद में जन्म हुआ था संगीतज्ञ मीरा माथुर का



**अमृत विचार :** भातखंडे संगीत विद्यापीठ की रजिस्ट्रार, संगीतज्ञ मीरा माथुर (74) का मंगलवार को लखनऊ के न्यू हैदराबाद स्थित आवास पर निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार थीं। उनकी संगीत साधना के मद्देनजर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने 2011 में उन्हें कला उन्नयन सम्मान से अलंकृत किया था।

मुरादाबाद में 16 अप्रैल 1950 को जन्मी मीरा माथुर ने एमए(संगीत) के अलावा कम्प्यूटर साइंस में एमएससी व एलएलबी की डिग्री भी हासिल की। उन्होंने संगीत की विधिवत शिक्षा उस्ताद शराफत हुसैन खां, पं. जगदीश मोहन, सुजीत देवघरिया और प्रोसेनजीत देवघरिया से हासिल की। उन्होंने लर्न कथक डांस, थ्योरी ऑफ़ भरतनाट्यम आदि के छह सॉफ्टवेयर विकसित किए। देश -विदेश में अनेक संगीत समारोहों में उन्होंने अपनी गायन कला का शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें वामा सम्मान, सहयोग रत्न अवार्ड, स्वरश्री सम्मान और संगीत कला निधि सम्मान हासिल हुए।

### बर्ड फ्लू : जांच में सैंपल मिले निगेटिव फिर भी अलर्ट बरकरार

**लखनऊ।** प्रदेश में बर्ड फ्लू की जांच के लिए जिलों से भेजे गए पक्षियों के सैंपल निगेटिव आए हैं। स्थिति सामान्य होने पर पशुपालन विभाग ने राहत की सांस ली है। लेकिन, प्रदेश में अलर्ट जारी है। झारखंड के रांची में राजकीय पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू वायरस मिलने पर उत्तर प्रदेश में पशुपालन विभाग ने अलर्ट जारी किया था। साथ ही जिलों पर टीमें बनाकर सर्विलांस कर पोल्ट्री फार्म से पक्षियों के सैंपल लेने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में अप्रैल में सभी जिलों से 20-20 सैंपल लेकर भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली परीक्षण के लिए भेजे थे। निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि सभी सैंपल निगेटिव आए हैं। प्रदेश में स्थिति सामान्य है। रोकथाम के प्रयास जारी हैं।

# अखिलेश की सभा में सपा समर्थकों का उपद्रव

एजेंसी

- भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठियां चलानी पड़ीं

**आजमगढ़ :** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव की आजमगढ़ जिले की पहली जनसभा में ही मंगलवार को बेलगाम कार्यकर्ताओं ने जमकर उपद्रव किया और जनसभा स्थल पर लगाई गई कुर्सियों को तोड़कर एक दूसरे के ऊपर फेंका। मंच से अखिलेश यादव खुद भी समझाते रहे ,लेकिन बेलगाम कार्यकर्ताओं का उपद्रव जारी रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था में लगाये गए पुलिस कर्मियों को भी मोर्चा संभालना पड़ा।

मंच के करीब पहुंचने के लिए सपा कार्यकर्ता आपस में ही हाथापाई करने लगे। इन बेकाबू कार्यकर्ताओं को संभालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्क़त करनी पड़ी और लाठियां भी चलानी पड़ीं। पुलिस द्वारा काफी देर तक लाठियां चलाने के बाद किसी तरह स्थिति पर काबू पाया गया। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण का मतदान हो चुका है। छठे चरण के मतदान में 25 मई को आजमगढ़ में मतदान होना है। इसी के मद्देनजर आजमगढ़ जिले की लालगंज लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी दरोगा प्रसाद सरोज के पक्ष में सपा सुप्रीमो सरायमीर के खरेवा मोड पर एक जनसभा को संबोधित करने आए थे। इस दौरान बेलगाम कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के सामने ही सभा स्थल पर लगाई गई कुर्सियां तोड़ी और हवा में फेंकते रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा पत्थर और एक दूसरे के ऊपर चप्पल फेंकी गयी। सभा स्थल पर लगाया गया लाउडस्पीकर भी गिरा दिया गया। सभा स्थल पर जैसे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव मंच पर पहुंचे की कार्यकर्ताओं ने डी दीर्घा की बैरिकेटिंग तोड़कर घुसने की कोशिश करने लगे। पुलिस बल द्वारा अथक प्रयास के बाद उन्हें नियंत्रित किया जा सका। काफी देर तक कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह हालात पर काबू पाया जा सका तब उसके बाद जाकर अखिलेश यादव मंच से संबोधन कर पाए।

## वर्ग पहेली-77

**बाएं से दाएं**

2.1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।

3.1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।

4.1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।

6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा

8.1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।

9.1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

**ऊपर से नीचे**


1. कामदेव, मदन।

2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत

4.1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।

5.1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।

7.1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।



### वर्ग पहेली -76 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 जा | |
| | 2 दि | | 3 अं | ज | न | क |
| | 4 वां | टे | ड | | का | |
| 5 पो | ध | | बं | | री | |
| | | 6 कं | ड | रा | | 7 सो |
| 8 मू | | गा | | | | ह |
| ढ़ी | | ली | | 9 बु | न | ना |

## सुडोकू -156

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | 4 | 5 |
| | | | 4 | 6 | | | | |
| | | 1 | 3 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | | | | 5 | 1 | | | |
| | | | 5 | 9 | | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | | | 7 | | 1 | | 8 |

### सुडोकू -155 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 9 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मई बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18 .47 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-स्वाती 07 .47 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** — आज आप बहुत कुछ एक साथ करना चाहेंगे। इसके कारण आप सम्भवत: वह कार्य न कर पायें जिसका आपने लक्ष्य निर्धारित किया है। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। अच्छे मित्रों से मिलना हो सकता है। आज आपको अपने पारिवारिक जीवन पर बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृष** — आज व्यवसाय में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए। दूसरों के मामलों में आप ज्यादा व्यस्त रहने वाले हैं। नया रोजगार शुरू करने की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रुओं से आपको मुक्ति मिल सकती है। जीवनशैली काफी अच्छी रहेगी।

**मिथुन** — आज प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा नहीं है। भविष्य को लेकर लम्बी-चौड़ी योजना न बनाएं। विदेश में शिक्षा ले रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। मित्रों के ऊपर अति विश्वास करना उचित नहीं होगा। बोलचाल के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** — आज आप दिखावे में ज्यादा धन खर्च न करें। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से हानि हो सकती है। जिन जातकों को स्वास्थ्य की समस्या है उन्हें अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में किसी से ज्यादा अपेक्षा भाव न रखें।

**सिंह** — आज यात्राओं के लिए काफी अनुकूल दिन है। व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। रुके हुए कार्यों में अचानक प्रगति से होने से उत्साहित रहेंगे। प्रबन्धन से जुड़े कार्यों में अच्छी सफलता मिलने की सम्भावना है।

**कन्या** — आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित हो सकते हैं। इसीलिए आज आपको काफी संभल कर लोगों से व्यवहार करना चाहिए। धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**तुला** — आज आय के नए विकल्पों पर आप काम शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक लोगों के बीच आपकी साख मजबूत होगी। ऐसे किसी भी कार्य की तरफ प्रवृत्त न हो जो आपको भविष्य में नुकसान पहुंचाए। गूढ़ रहस्यात्मक विषयों पर आप कुछ शोध कार्य जैसा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ असन्तोष जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा के दौरान बाहर का भोजन करने से बचें। व्यापार में कुछ बड़े बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु** — आज आप कुछ बड़ी समस्याओं का सामना कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने प्रतिद्वन्दियों पर भारी पड़ने वाले हैं। लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय हो सकते हैं। यात्राओं से लाभ होगा। दिनचर्या काफी व्यस्त हो सकती है।

**मकर** — आज आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्सुक रहेंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। यदि आप अपने काम के लिए किसी सहयोगी पार्टनर को जोड़ना चाहते हैं तो आज का दिन शुभ है। नई योजनाओं की शुरुआत आप कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज लोगों के बीच में आपके विषय में काफी चर्चा हो सकती है। फिल्म और साहित्य से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नए हैं तो आपको आज कुछ लोग परेशान कर सकते हैं। लेकिन आपको अपने आप विश्वास बनाये रखना चाहिये।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए तनावपूर्ण हो सकता है। अपनी रहस्य की बातों को गोपनीय रखें। किसी भी बात पर एकदम से प्रतिक्रिया न दें। आपके द्वारा की हुई गलतियों पर गौर करें और तुरन्त उसे दूर कर लें। व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की सम्भावना कम है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
बरसात — सुबह : 11.15
बादशाह — शाम : 05 .51

&pictures
डाक्टर जी — सुबह : 10 .32
गजनी — दोपहर : 03 .48

SONY PIX
द वॉटर हाउस — सुबह : 10 .45
दे रेड 2 — शाम : 05 .05

ZEE CINEMA
दिल्लगी — सुबह : 10 .35
एनेमी — शाम : 06 .00

colors CINEPLEX
पद्मावत — सुबह : 09 .20
चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 03 .48 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..
गोलू का बहाना सुनकर टीचर की हंसी छूट गई।

गर्लफ्रेंड- मैं अपना पर्स घर पर भूल आई, मुझे 1000 रुपये की जरूरत है।
बॉयफ्रेंड- कर दी न छोटी बात, पगली यह ले 10 रुपये।
अभी रिक्शा करके घर जा और पर्स ले आ।
गर्लफ्रेंड बेहोश

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**- शिवालिक 985 फ्लेग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**- शिवालिक 1000 फ्लेग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**- तुलसी 1990, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1730, रविन्द्रा 1900, फॉर्चून ली. 1590, जय जवान 1480, सरसों 1540, पूजा 1505, असवर 1635, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1670, मीर 1625, चक्र टिन 1805, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1815, स्वास्तिक 1960, **किराना (प्रति कु.)**- हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-23500, धनिया 9000-11000, अजवायन 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**- डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, सरवती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेहुरल नया 10500, जैनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पल्पट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**- मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7425-7700, मलका छोटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7850, दाल हिंदुस्तान 7900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8600, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सफा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 15000, अरहर पटका मोटा 15500, अरहर कोरा मोटा 15800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17100, **चीनी**- डालमियां 4180, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी (नई) 4140 रुपये।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 95,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,900–57,100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 74,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 73,000 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,250 |
| चांदी आभूषण | 89,000 |

# भारत 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था होगा

### सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री चंद्रशेखर बोले-अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही

नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और इसके वर्ष 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने एक कार्यक्रम में कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए समर्पित इंडिया एआई मिशन का मूल्य भी 10,000 करोड़ रुपये से दोगुना होकर 20,000 करोड़ रुपये हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार को पहले 2026-27 तक डिजिटल



अर्थव्यवस्था के एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन कोविड-19 महामारी सहित कई वजहों से इस लक्ष्य को एक साल आगे बढ़ा दिया गया है। चंद्रशेखर ने कहा-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। वर्ष 2015 में निर्धारित यह दृष्टिकोण कारगर रहा है। हम पहले से ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य है कि 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था को हासिल करना है।

### वित्त मंत्रालय पूर्ण बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बढ़ा सकता है सीपीएसई लाभांश अनुमान

वित्त मंत्रालय जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीपीएसई लाभांश अनुमान को 5,000 करोड़ रुपये बढ़ाकर करीब 53,000 करोड़ रुपये कर सकता है। सरकार ने अंतरिम बजट 2024-25 में चालू वित्त वर्ष के लिए गैर-वित्तीय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) से लाभांश का अनुमान 48,000 करोड़ रुपये लगाया है। एक अधिकारी ने कहा-जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में अनुमान करीब 5,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि अंतरिम बजट अनुमान दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 के अनुमानों पर आधारित थे। पूर्ण बजट में अनुमान अधिक होंगे क्योंकि अब लाभांश की तस्वीर अधिक स्पष्ट है। किसी विशेष वित्त वर्ष में सरकार की लाभांश प्राप्तियों में वित्त वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा घोषित अंतरिम लाभांश, साथ ही पिछले वित्त वर्ष के लिए अंतिम लाभांश शामिल होते हैं।

## वैश्विक यात्रा व पर्यटन सूचकांक में भारत 39वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक-2024 में भारत 39वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021 में जारी सूची में भारत 54वें स्थान पर था।

डब्ल्यूईएफ के अनुसार, अमेरिका इस सूची में शीर्ष पर है। भारत, दक्षिण एशिया और निम्न-मध्यम-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में सर्वोच्च स्थान पर है। भारत 2021 में प्रकाशित सूचकांक में 54वें स्थान पर था। हालांकि, सूचकांक मापदंडों में किए गए बदलाव इसकी पिछले वर्षों से तुलना को सीमित करते हैं। अमेरिका के बाद स्पेन, जापान, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 2024 की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हैं। जर्मनी छठे स्थान पर और उसके बाद शीर्ष 10 में ब्रिटेन, चीन, इटली और स्विट्जरलैंड ने जगह बनाई है।

## आर्थिक वृद्धि दर पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

- भारतीय रिजर्व बैंक के लेख में जताई गई उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

सकल मांग और गांवों में गैर-खाद्यान्न वस्तुओं पर खर्च बढ़ने के साथ देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रह सकती है।

भारतीय रिजर्व बैंक के मंगलवार को जारी मई बुलेटिन में यह कहा गया है। बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करने वाली वैश्विक बाधाओं के बावजूद उल्लेखनीय मजबूती को दिखाया है।

इसमें कहा गया है कि आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) के अनुसार, अप्रैल में गतिविधियों में तेजी आई और शुरुआती अनुमान



बताते हैं कि 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.5 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है। आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) का निर्माण 'डायनेमिक फैक्टर मॉडल' का उपयोग करके, आर्थिक गतिविधियों से जुड़े 27 महत्वपूर्ण (हाई फ्रीक्वेंसी) संकेतकों के सामान्य रुख को निकालकर किया गया। फरवरी, 2020 में ईएआई को 100 रखा गया जबकि अप्रैल, 2020 में इसे शून्य कर दिया गया। इसका कारण अप्रैल महीना कोविड महामारी के कारण आवाजाही पर प्रतिबंधों के कारण सबसे अधिक प्रभावित था।

## अनचाही कॉलों पर अंकुश के लिए कनेक्शन के नियम कड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने 'अनचाही' कॉल और संदेशों के बढ़ते प्रकोप पर अंकुश लगाने के लिए व्यावसायिक मोबाइल कनेक्शन जारी करने के संबंध में ग्राहक को जानो (केवाईसी) से जुड़े नियम और कड़े कर दिए हैं।

दूरसंचार विभाग की ओर से इस संबंध में कुछ अतिरिक्त नियमों की सूची जारी की गयी है ताकि ऐसे कनेक्शनों के वास्तविक उपयोग सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी पर डाली जा सके। सरकार ने इस संबंध में कुछ दिशानिर्देश पिछले वर्ष जारी किए थे। उन नियमों में अन्य बातों के साथ-साथ, थोक कनेक्शन बंद कर दिए गए थे और उनकी जगह व्यावसायिक कनेक्शन शुरू किए गए थे। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने अब कहा है कि अनुसंधान एवं विकास कार्य या जांच जैसे कामों के लिए लिए गए सिम जैसे मामलों में, जहां व्यावसायिक कनेक्शनों अंतिम उपयोगकर्ताओं पहचाना नहीं जा सकती है, अंतिम उपयोगकर्ता के केवाईसी की शर्त वैकल्पिक है। लेकिन अब इस श्रेणी के ग्राहकों के लिए, यह जरूरी होगा कि मोबाइल कनेक्शन केवल लाइसेंसधारक के कर्मचारियों द्वारा ही जारी किए जाएंगे।

## इक्रा ने जीडीपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान

**नई दिल्ली।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर चार तिमाही के निचले स्तर 6.7% पर रहने का अनुमान लगाया है। इक्रा का अनुमान है समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8% रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कम मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ जिंस की कीमतों से कम लाभ के साथ कुछ औद्योगिक क्षेत्रों की लाभप्रदता में गिरावट से वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में जीवीए वृद्धि में कमी आने की उम्मीद है।

## 6 महीने के औसत से तय होगा कंपनियों का बाजार पूंजीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सूचीबद्धता दायित्व और खुलासा आवश्यकता (एलओडीआर) नियमों के तहत सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) की गणना के तरीके को बदल दिया है। एक दिन (वर्तमान में 31 मार्च) के बाजार पूंजीकरण का उपयोग करने के बजाय सूचीबद्ध कंपनियां अब छह महीने की अवधि के लिए 'औसत बाजार पूंजीकरण' का उपयोग करेंगी।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि किसी सूचीबद्ध इकाई के बाजार पूंजीकरण में बाजार की गतिशीलता

- पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मार्केट कैप की गणना के तरीकों में किया बदलाव



के आधार पर दैनिक आधार पर उतार-चढ़ाव होता रहता है। इसलिए एक उचित अवधि में बाजार पूंजीकरण के आंकड़ों का औसत उस सूचीबद्ध इकाई के बाजार आकार को अधिक सटीक ढंग से दर्शाएगा। सेबी के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य एस के मोहंती की अध्यक्षता में गठित एक विशेषज्ञ समिति ये बदलाव किए हैं।

### बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के हुआ पार

घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच मंगलवार को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच गया। बीएसई के मंच पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, कारोबारी सत्र के अंत में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 4,14,62,306.56 करोड़ रुपये (4.97 लाख करोड़ डॉलर) रहा। यह इसका अबतक का उच्चतम स्तर है। हालांकि, सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन ने पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी पहली बार पार किया।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपये में अनोखा वाहन पंजीकरण नंबर खरीदा

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपये में अपनी कार के लिए अनोखा पंजीकरण नंबर '9999' खरीदा है। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैदराबाद के संयुक्त परिवहन आयुक्त सी. रमेश ने कहा कि अनोखे (फैंसी) पंजीकरण नंबरों की ऑनलाइन नीलामी में '9999' के लिए सबसे ऊंची बोली लगी, जिसमें कार मालिक ने 'टीजी-09 9999' नंबर के लिए विभाग को 25,50,002 रुपये का भुगतान किया। सोमवार को आयोजित अनोखे नंबर '9999' की नीलामी में 11 लोगों ने भाग लिया और यह नंबर 25.5 लाख रुपये में बिका।

### भाजपा में शामिल हुए पूर्व आप नेता जगबीर

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता जगबीर सिंह बराड़ लोकसभा चुनाव के शेष दो चरणों से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। पंजाब के पूर्व विधायक बराड़ ने यहां पार्टी मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। करीब एक साल पहले आप में शामिल होने से पहले बराड़ शिरोमणि अकाली दल के सदस्य थे। उन्होंने 2007 के विधानसभा चुनाव में शिअद के टिकट पर जालंधर छावनी सीट जीती थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि वह पूर्व में कांग्रेस की जालंधर जिला इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### विमान की चपेट में आने से कई फ्लेमिंगो की मौत

**मुंबई।** मुंबई में कथित तौर पर एक विमान की चपेट में आने के बाद 30 से अधिक फ्लेमिंगो (राजहंस) की मौत हो गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से इसकी जांच कराने की मांग की है और शहरी योजनाकारों से ऐसे आपदाओं के बारे में चेतावनियों को नजरअंदाज किया है।

# 5 चरण के बाद भाजपा 310 सीट जीत चुकी: शाह

### गृह मंत्री ने दावा करते हुए ओडिशा के लोगों से की समर्थन करने की अपील

संबलपुर/क्योंझर (ओडिशा), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के 5 चरण पूरे होने के बाद भाजपा को 310 सीट मिलने का दावा करते हुए मंगलवार को ओडिशा के लोगों से अपील की कि वे राज्य को बाबू-राज से आजाद कराएं और भाजपा को केंद्र एवं राज्य दोनों में सरकार बनाने के लिए समर्थन दें। शाह ने संबलपुर में दो चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार ओडिशा में कमल खिलेगा।

संबलपुर सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा-पांचवें चरण के मतदान के बाद भाजपा को 310 सीट पहले ही मिल चुकी हैं। छठे



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने ओडिशा के संबलपुर में मां समलेश्वरी मंदिर का दौरा किया।

और सातवें दौर के मतदान के बाद हम 400 से अधिक सीट हासिल कर लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में मुट्ठी भर अधिकारियों का शासन है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राज्य में मौजूदा बाबू राज को समाप्त कर देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की ज्यादातर खदानें और खनिज भंडार क्योंझर जिले में स्थित होने के बावजूद यहां के आदिवासियों को कोई लाभ नहीं मिला है। शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि देश भर में कोई आतंकवाद न हो।

### जीत के और निकट बढ़ रहा इंडिया गठबंधन

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर दिल्ली के लोगों को पाकिस्तानी



कहने का आरोप लगाया और कहा कि दिल्लीवासी उनका परिवार है और उनके लिए अपशब्द नहीं कहे जाने चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि चार जून के बाद मोदी की सरकार की विदाई होने वाली है और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आ रहा है।

## बांग्लादेश के सत्तारूढ़ दल आवामी लीग के सांसद लापता

**कोलकाता।** इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार पिछले कुछ दिनों से लापता हैं। यहां बांग्लादेश उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी आवामी लीग के सांसद अनार 13 मई से लापता हैं। अधिकारी ने कहा-वह इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता आये थे और शहर के उत्तरी हिस्से में बरानगर में अपने एक दोस्त के घर पर ठहरे हुए थे। वह 13 मई को किसी से मिलने गये थे लेकिन वापस नहीं आये। उनके मित्र ने बाद में पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि अनार पिछले 8 दिन से लापता हैं लेकिन उनके फोन से उनके परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए कि वह दिल्ली चले गए हैं।

## सीबीआई दलों ने दो से 10 लाख तक की रिश्वत ली

### मध्य प्रदेश नर्सिंग महाविद्यालय घोटाला

नई दिल्ली, एजेंसी

मध्य प्रदेश में नर्सिंग महाविद्यालय घोटाले की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने खुलासा किया है कि उसके अधिकारी निरीक्षण के बाद अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए हर शिक्षण संस्थान से कथित रूप से दो से 10 लाख रुपये तक की रिश्वत ले रहे थे। सीबीआई ने यह जानकारी दी है।

इस मामले में सीबीआई के पुलिस उपाधीक्षक आशीष प्रसाद, निरीक्षक राहुल राज एवं सुशील कुमार मजोका तथा ऋषिकांत असाथे एजेंसी द्वारा नामजद 22 लोगों में शामिल हैं। राहुल राज और सुशील कुमार मजोका सीबीआई में मध्य प्रदेश पुलिस से संबद्ध थे। राज को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। सीबीआई की प्राथमिकी में नर्सिंग पाठ्यक्रम चला रहे आठ महाविद्यालयों के निदेशकों, अध्यक्षों, कर्मियों एवं बिचौलियों के भी नाम हैं जिन्होंने निरीक्षण दलों की ओर से रिश्वत ली थी और उन तक रकम पहुंचायी थी। एक सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा-सीबीआई द्वारा दर्ज यह मामला भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की उसकी नीति की प्रतिपुष्टि करता है और यह भी दर्शाता है कि सीबीआई अपने अधिकारियों को भी नहीं बख्शती है। इन निरीक्षण दलों को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित किया गया था। उच्च न्यायालय ने राज्य में नर्सिंग महाविद्यालयों के निरीक्षण के लिए इन दलों का गठन करने का निर्देश दिया था।

## क्या कोर्ट गिरफ्तारी की वैधता की कर सकती है पड़ताल

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा कि कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर निचली अदालत के संज्ञान लेने के बाद उनकी गिरफ्तारी की वैधता की क्या रिट अदालत पड़ताल कर सकती है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोरेन के वकील से अदालत को पहले यह बताने को कहा कि किस नियमित जमानत के लिए उनकी अर्जी खारिज होने के बाद लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उन्हें कैसे अंतरिम जमानत दी जा सकती है। पीठ ने विषय की अगली सुनवाई बुधवार के लिए निर्धारित की है। सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने अदालत के सवालों का जवाब देने के लिए बुधवार तक का वक्त मांगा। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने सोरेन की अंतरिम जमानत अर्जी का विरोध करते हुए दलील दी कि उनका मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री

- भूमि घोटाले को लेकर हेमंत सोरेन से न्यायालय ने पूछा



अरविंद केजरीवाल से अलग है, जिन्हें आम चुनाव में प्रचार करने के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी गई थी। उन्होंने कहा कि निचली अदालत ने सोरेन के खिलाफ प्रथम दृष्टया एक मामला बनता पाये जाने के बाद चार अप्रैल को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया था। ईडी ने अपने हलफनामे में कहा है कि सोरेन राज्य सरकार की मशीनरी का दुरुपयोग कर अपने खिलाफ धन शोधन मामले की जांच प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के उनके विशेष अनुरोध का विरोध किया है। जांच एजेंसी ने कहा है कि 31 जनवरी को सोरेन की गिरफ्तारी को झारखंड उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा है और उनकी नियमित जमानत अर्जी निचली अदालत ने 13 मई को खारिज कर दी थी।

## असम में 600 परिवारों के स्थानांतरण को अभियान

गुवाहाटी, एजेंसी

असम सरकार दो साल पहले बेदखली अभियान के दौरान विस्थापित हुए लगभग 600 परिवारों को दरांग जिले के गोरुखुटी में उनके अस्थायी आवास से स्थानांतरित करने के लिए एक अभियान चला रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

प्रभावित परिवारों ने दावा किया है कि गोरुखुटी के दो स्थानों पर 620 घर पहले ही नष्ट हो चुके हैं और कार्रवाई अब भी जारी है। दरांग जिला आयुक्त मुनींद्र नाथ नगेटी ने बताया कि परिवारों को बेदखल नहीं किया जा रहा, बल्कि उन्हें सिपाझार राजस्व परिक्षेत्र से पास के डलगांव राजस्व परिक्षेत्र के 'चार' (नदी के द्वीप) क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा-वर्ष 2021 के बेदखली अभियान के दौरान लगभग 2,300 परिवार विस्थापित हो गए और वे गोरुखुटी के कुछ अन्य इलाकों में अस्थायी आवास में रहने लगे। हम तब से उन्हें प्रशासन द्वारा निर्दिष्ट अन्य स्थानों पर स्थानांतरित होने के लिए कह रहे हैं। मुनींद्र ने कहा कि उन्हें बसावट के लिए मागुरमारी, श्यामपुर, कलाईचर और अरिमारी 'चार' की पहचान की है।

- वरिष्ठ अधिकारी ने बताया परिवारों को नहीं किया जा रहा बेदखल

## हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के लिए मोदी को सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिदिन हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी कर रहे हैं और समाज में नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं जिसके चलते उन्हें सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए। खरगे ने एक साक्षात्कार में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के इरादे साफ नहीं हैं क्योंकि वह चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के साथ रोजाना नफरत भरे भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भैंस छीनने और मुसलमानों को बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा देने जैसी बातें करते हैं और ऐसी बातें कहकर वह खुद समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, दूसरी ओर उनका दावा था कि अगर वह हिंदू-मुस्लिम बात करेंगे तो उन्हें सार्वजनिक जीवन में रहने का कोई अधिकार नहीं है।



## 3.22 करोड़ का घोटाला करने वाला अमेजन कर्मचारी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद में आर्थिक अपराध शाखा पुलिस थाने में भारतीय पेरोल के एक अमेजन कर्मचारी के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कर्मचारी ने लगभग तीन करोड़ बाईस लाख चार हजार चार रुपए से अधिक का घोटाला किया है। इस गबन को 50 बैंक खातों में धन ट्रांसफर करके अंजाम दिया गया, जो कि सहयोगियों के थे, जिससे 184 पूर्व-कर्मचारी/निष्क्रिय कर्मचारी अपने उचित बकाया से वंचित हो गए। इसको लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के बाद पुलिस ने कल हैदराबाद के बाहरी इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## पूर्व आईएएस अधिकारी के ठिकानों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आय से अधिक संपति के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत मंगलवार को उनके ठिकानों पर छापे मारे।



तहत आने वाले डीपीआईआईटी से 2019 में सेवानिवृत्त हुए थे। सूत्रों ने बताया कि ईडी धनशोधन जांच के तहत राष्ट्रीय राजधानी के ग्रेटर कैलाश इलाके में और कुछ अन्य स्थानों पर अभिषेक के परिसरों की तलाशी ले रही है।

ईडी का मामला उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव अभिषेक के खिलाफ सीबीआई द्वारा हाल में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। 1982 बैच के आईएएस अधिकारी के खिलाफ सीबीआई ने फरवरी में छापेमारी की थी। वह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के

सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि अभिषेक ने सेवानिवृत्ति के बाद उन निजी कंपनियों से परामर्श शुल्क के रूप में 'बड़ी रकम' प्राप्त करके खुद को समृद्ध किया, जिनके मामले में उन्होंने सेवा में रहते हुए निपटाए थे।

## न्यायालय ने अनुच्छेद 370 से संबंधित याचिकाएं खारिज कीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखने के 11 दिसंबर 2023 के अपने आदेश की समीक्षा के लिए दायर याचिकाएं खारिज कर दी हैं। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने समीक्षा याचिकाओं पर विचार किया और उन्हें खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के अनुरोध को खारिज कर दिया। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना भी थे। इसने एक मई के अपने आदेश में कहा कि समीक्षा याचिकाओं पर गौर करने के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि न्यायालय नियमावली 2013 के नियम 1 आदेश 47 के तहत समीक्षा के लिए कोई मामला नहीं है, इसलिए, समीक्षा याचिकाएं खारिज की जाती हैं। पिछले साल 11 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने केंद्र के 2019 के फैसले को बरकरार रखा था। साथ ही अदालत ने इस साल सितंबर के अंत तक जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनाव कराने और इसका राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने का आदेश दिया था।



**आज का मुकाबला**

राजस्थान रॉयल्स

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| अर्शदीप (पंजाब) | 14 | 19 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

## मैकगुर्क और शॉर्ट कुछ अलग : मैकडोनाल्ड

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि करिश्माई बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट को टी20 विश्व कप के लिए यात्रा रिजर्व के तौर पर इसलिए रखा गया है क्योंकि वे कुछ अलग हैं। मैकगुर्क ने अपने पहले आईपीएल में दिल्ली के लिए नौ मैचों में 234 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए जिसमें 32 चौके और 28 छक्के थे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि ये दोनों बाकियों से अलग है। फ्रेसर सलामी बल्लेबाज है तो शॉर्ट बल्लेबाज के साथ स्पिनर भी है।

# सनराइजर्स को 8 विकेट से हराकर केकेआर फाइनल में

## कप्तान श्रेयस और वेंकटेश अय्यर की आक्रामक पारी से पहला क्वालीफायर मुकाबला कोलकाता ने जीता

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मिचेल स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर और वेंकटेश अय्यर की आक्रामक पारियों से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 38 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। सनराइजर्स को 159 रन पर समेटने के बाद केकेआर ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बना कर चौथी बार लीग के फाइनल में प्रवेश किया।

सनराइजर्स को 26 मई को होने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए राजस्थान और बेंगलुरु के बीच बुधवार को होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से शुक्रवार 24 मई भिड़ना होगा। श्रेयस और वेंकटेश दोनों ने अपनी नाबाद पारियों में एक समान 5 चौके और 4 छक्के जड़े। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए महज 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की।

स्टार्क को शुरुआती ओवरों में वैभव अरोड़ा का अच्छा साथ मिला और दोनों ने पहले दो ओवरों में शानदार लय में चल रहे सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा को पवेलियन की राह दिखा दी। वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी ने मध्यक्रम में सनराइजर्स के बल्लेबाजों को ज्यादा देर तक पैर जमाने का मौका नहीं दिया। हर्षित राणा और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। सनराइजर्स के लिए राहुल त्रिपाठी ने 35 गेंद में 55 रन बनाने के साथ हेनरिच क्लासेन के साथ 62 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 21 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरों में कप्तान पैट कमिंस ने 24 गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के की मदद से 30 रन बनाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए विजयकांत के साथ 33 रन जोड़े।



नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद के खिलाफ शॉट खेलते कोलकाता के खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर। ● एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल सॉल्ट की जगह टीम में आए विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज ने भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ चौके से खाता खोला तो वहीं नारायण ने दूसरे ओवर में कमिंस का स्वागत दो चौके से किया। टी नटराजन ने चौथे ओवर में उनकी 14 गेंद में 23 रन की पारी को खत्म किया। क्रीज पर आए वेंकटेश अय्यर ने भुवनेश्वर के खिलाफ दो चौके लगाए तो वहीं नारायण ने नटराजन की गेंद को सीमा रेखा के पार भेज पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 63 रन कर दिया। कमिंस ने नारायण को व्यासकांत के हाथों कैच कराया। वेंकटेश पर इसका असर नहीं पड़ा और उन्होंने कमिंस और फिर व्यासकांत पर छक्का जड़ रन गति को बनाये रखा। कप्तान श्रेयस अय्यर को 10वें ओवर में व्यासकांत की गेंद पर उस समय जीवनदान मिला जब विकेटकीपर क्लासेन और त्रिपाठी में गफलत से कैच छूट गया। कमिंस ने विकेट की तलाश में गेंद हेड को थमाई लेकिन श्रेयस और वेंकटेश ने चौके लगाकर उन्हें असरहीन किया। वेंकटेश ने रेड्डी के खिलाफ छक्का लगाकर 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। श्रेयस ने हेड के खिलाफ तीन छक्के और चौका लगाकर टीम को जीत दिलाने से पहले महज 23 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। इससे पहले गेंदबाजी का न्योता मिलने के बाद स्टार्क ने अपने शुरुआती तीन ओवरों में तीन विकेट चटकाकर आईपीएल में अपनी महंगी कीमत को चिरतार्थ किया।

उन्होंने पहले ओवर में शानदार लय में चल रहे हेड को बोल्ड करने के बाद पारी के पांचवें ओवर में लगातार गेंदों में नीतिश कुमार रेड्डी और शाहबाज अहमद को चलता किया। इस बीच अरोड़ा ने पारी के दूसरे ओवर में आंद्रे रसेल के हाथों कैच कराकर अभिषेक को पवेलियन भेजा। विकेटों के पतन के बीच त्रिपाठी ने पावर प्ले में इन दोनों गेंदबाजों के खिलाफ चौके जड़े जिससे छह ओवर के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 45 रन हो गया। त्रिपाठी ने आठवें ओवर में हर्षित की गेंद को दर्शकों के पास भेज कर पारी का पहला छक्का जड़ा तो दूसरे छोर से क्लासेन ने नारायण की गेंद पर शानदार छक्का और फिर चौका लगाकर रन गति को तेज किया। चक्रवर्ती के खिलाफ 11वें ओवर में चौके के साथ त्रिपाठी ने अपना अर्धशतक और टीम के रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाने की कोशिश कर रहे क्लासेन को पवेलियन की राह दिखा दी।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

**हैदराबाद 159/10** 19 .3 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड बो स्टार्क | 00 | 02 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा कैच रसल बो वैभव | 03 | 04 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी रन आउट (रसल/गुरबाज़) | 55 | 35 | 7/1 |
| नितीश कुमार रेड्डी कैच गुरबाज़ बो स्टार्क | 09 | 10 | 1/0 |
| शाहबाज़ अहमद बो स्टार्क | 00 | 01 | 0/0 |
| हाइनरिक क्लासन कैच रिंकू बो चक्रवर्ती | 32 | 21 | 3/1 |
| अब्दुल समद कैच श्रेयस बो हर्षित | 16 | 12 | 0/2 |
| सनवीर सिंह बो नारायण | 00 | 01 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच गुरबाज़ बो रसल | 30 | 24 | 2/2 |
| भुवनेश्वर कुमार पगबाधा चक्रवर्ती | 00 | 04 | 0/0 |
| विजयकांत वियसकांत नाबाद | 07 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4–0–34–3, अरोड़ा 2–0–17–1, हर्षित 4–0–27–1, नारायण 4–0–40–1, रसेल 1.3–0–15–1, चक्रवर्ती 3–0–15–2

**कोलकाता 164/2** 13 .4 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋरहमानुल्लाह का व्यासकांत बो नटराजन | 23 | 14 | 2/2 |
| सुनील का व्यासकांत बो कमिंस | 21 | 16 | 4/0 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 51 | 28 | 5/4 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 58 | 24 | 5/4 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 3–0–28–0, कमिंस 3–0–38–1, नटराजन 3–0–22–1, व्यासकांत 2–0–22–0, रेड्डी 1.4–0–32–0, शाहबाज 1–0–13–0

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने बेल्जियम को 4-2 से हराया

**एंटवर्प।** श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट से हराकर यूरोप दौरे की जीत से शुरुआत की। तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल दागे। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की। तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में तिवारी ने 27वें मिनट में एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढ़त थी। तीसरे क्वार्टर में ही बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। चौथे क्वार्टर में भी बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल दागा। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिए गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है।

## एकता ने क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

**कोबे (जापान), एजेंसी**

**विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप**

भारत की एकता भयान ने 20.12 मीटर का थ्रो फेंककर विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 श्रेणी की रेस में स्वर्ण पदक जीता था।

एकता के स्वर्ण के अलावा कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। अल्जीरिया की नाजेत बूशेफ ने 12.70 मीटर के साथ कांस्य पदक पाया। हरियाणा सिविल सेवा अधिकारी एकता ने एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने तोक्यो पैरालम्पिक 2020 के लिए भी क्वालीफाई किया था। एकता डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन 2003 में सड़क दुर्घटना ने उनके सारे सपने छीन लिए। वह कैब से जा रही थी जब दिल्ली हरियाणा सीमा पर ट्रक उनकी कैब पर उलट गया। वह तब से व्हीलचेयर पर है। उस हादसे में छह अन्य छात्रों की मौत हो गई थी। भारत के अब दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं।



## भाला फेंक : विश्व खिताब का सुमित ने किया बचाव

**कोबे (जापान)।** गत पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने मंगलवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में अपना खिताब बरकरार रखा जबकि थंगावेलु मरियप्पन ने भी ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत के लिए दिन अच्छा रहा।



तोक्यो पैरालंपिक और 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित ने भाले को 69.50 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सुमित के हमवतन संदीप ने इसी प्रतिस्पर्धा में 60.41 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मरियप्पन ने इसके बाद 1.88 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ टी63 ऊंची कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया।

**खेल डायरी**

### चोटिल केर ऑस्ट्रेलियाई महिला फुटबॉल टीम से बाहर

**सिडनी।** ओलंपिक शुरू होने से पहले ही आस्ट्रेलिया की महिला फुटबॉल टीम की कप्तान सैम केर टखने की चोट से बाहर हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल नियामक संस्था ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि 30 वर्षीय कप्तान घरेलू क्लब में स्वास्थ्य लाभ कार्यक्रम जारी रखेंगी और पेरिस ओलंपिक 2024 के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने एडिलेड और सिडनी में चीन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 23 खिलाड़ियों की सूची जारी करने वाले दिन यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई स्टार खिलाड़ी गोलकीपर मैकेंजी अर्नोल्ड, डिफेंडर ऐली कारपेंटर और फॉरवर्ड मैरी फाउलर इनमें शामिल हैं।

### भारत क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** एशियाई खेल चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के चौथे स्थान पर रहने से तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारतीय कंपाउंड महिला टीम क्वालीफाइंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। विश्व कप में सत्र के पहले शंघाई चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाने के बाद ज्योति शीर्ष तीन में रहने से तीन अंक से चूक गई। वह तीसरे स्थान पर रही दक्षिण कोरिया की ओह युहयुन (707 अंक) से तीन अंक पीछे रह गई। हान सियुंगियोन पहले और लक्जेमबर्ग की मारिया शकोल्ना दूसरे स्थान पर रही। भारत की परनीत कौर आठवें और विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी 15वें स्थान पर रही। भारतीय टीम दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही।

### चंद्रू ने जसकरण को हरा राष्ट्रीय खिताब जीता

**हैदराबाद।** तमिलनाडु के उभरते मुक्केबाज चंद्रू ने पंजाब के जसकरण सिंह को चौथे दौर में नॉकआउट करते हुए डब्ल्यूबीसी इंडिया क्रूजरवेट चैंपियनशिप खिताब जीता। इस मुकाबले में 10–0 के जीत–हार के रिकॉर्ड के साथ उतरे चंद्रू जीत दर्ज करने में सफल रहे। दूसरे दौर से चंद्रू ने दबदबा बनाना शुरू किया और फिर विरोधी मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया। चंद्रू ने चौथे और निर्णायक दौर में जसकरण के चेहरे पर दाएं हाथ से दमदार मुक्का जड़कर उन्हें धराशाई कर दिया। अक्षय चहल और राम सिंह के बीच आठ दौर का मुकाबला बराबरी पर छूटा जबकि आशीष चौधरी ने मनीष शर्मा को सर्वसम्मत फैसले से हराया।

### टोनी क्रूज यूरो 2024 के बाद लेंगे संन्यास

**मैड्रिड।** जर्मनी के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी टोनी क्रूज 2024 यूरोपीय चैंपियनशिप के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। उनके क्लब रीयाल मैड्रिड ने बताया कि 34 साल के क्रूज ने यूरो 2024 के बाद पेशेवर फुटबॉलर के रूप में अपने करियर को समाप्त करने का फैसला किया है। क्लब ने कहा कि रीयाल मैड्रिड टोनी क्रूज के प्रति अपना आभार और स्नेह व्यक्त करना चाहता है। वह हमारे क्लब के साथ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के महानतम दिग्गजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे। क्रूज 2014 से रीयाल मैड्रिड के साथ है। टीम ने 22 खिताब जीते है, जिसमें चार यूरोपीय कप और चार स्पेनिश लीग शामिल हैं। उन्होंने क्लब के साथ 463 मैच खेले हैं।

## त्रिसा और गायत्री महिला युगल के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

**मलेशिया मास्टर्स**

● **पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हारे**

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में पहुंच गई। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन और लियांग जिंग यू को 21-14, 21-10 से हराया।

पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हार गए। पिछले साल दिसंबर में ओडिशा मास्टर्स जीतने वाले सतीश करुणाकरन ने मलेशिया के चीम जून वेइ को 21-15, 21-19 से हराया, लेकिन इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 21-13, 20-22, 13-21 से हार गए। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने हमवतन कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21-7, 21-14 से हराया, लेकिन थाईलैंड के पानीचाफोन तीरारात्साकुल से 21-23, 12-16, 17-21 से हार गए। पूर्व विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता एस शंकर सुब्रहमण्यन को रुस्तावितो ने पहले दौर में 21-12, 21-17 से हराया। महिला क्वालीफायर में तान्या हेमंत को चीनी ताइपै की लिन सिह युन ने 23-21, 21-8 से मात दी। महिला युगल में पलक अरोरा और उन्नति हुड्डा को चीनी ताइपै की सू यिन हुइ और लिन जि युन ने 21-10, 21-5 से हराया।



## अभ्यास को रोलां गैरो पहुंचे नडाल

**पेरिस, एजेंसी**

**फ्रेंच ओपन**

रिकॉर्ड 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन रफेल नडाल तैयारी के लिये रोलां गैरो लौटे हैं हालांकि उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति है। 37 वर्ष के नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और दो अभ्यास जोड़ीदारों के साथ यहां पहुंचे।



● **फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति**

फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास देखने के लिए करीब 6000 दर्शक मौजूद थे। करीब डेढ़ घंटे तक चले अभ्यास सत्र के बाद नडाल ने प्रशंसकों को आटोग्राफ दिए और लॉकर रूम में चले गए। फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल कूल्हे की चोट के कारण 2023 में लगभग पूरे सत्र से बाहर रहे। वह हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे दौर में हुबर्ट हुरकाज से हार गए थे। अभी उन्होंने बताया नहीं है कि वह फ्रेंच ओपन खेलेंगे या नहीं। पिछले साल भी वह कूल्हे की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर थे।

**बॉलीवुड हलचल**

## सुष्मिता सेन 30 साल पहले बनी थीं मिस यूनिवर्स

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन को मिस यूनिवर्स बने 30 साल हो गए हैं। सुष्मिता ने 21 मई 1994 में मिस यूनिवर्स का ताज पहना था। ये खिताब जीतने वाली सुष्मिता भारत की पहली महिला है। सुष्मिता ने इसको याद करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। सुष्मिता ने अपने इंस्टाग्राम पर पुरानी तस्वीर शेयर की और लंबा चौड़ा नोट लिखा। फोटो में सुष्मिता एक बच्ची को गोद में लिए नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, ये छोटी लड़की, जिससे मैं अनाथालय में मिली थी, उसने मुझे जिंदगी का सबसे मासूम, लेकिन गहरा सबक सिखाया, जिसे मैं आज तक जी रही हूं। ये फोटो 30 साल पहले ली गई थी, जब मिस यूनिवर्स का ताज पहली बार भारत आया था! सुष्मिता से ने लिखा, यह कमाल का सफर रहा था और अभी भी जारी है हमेशा मेरी सबसे बड़ी पहचान और ताकत बने रहने के लिए भारत को धन्यवाद! कभी न खत्म होने वाले प्यार और अपनेपन के लिए फिलीपींस को धन्यवाद तीन दशक बीत गए और अभी आने बाकी हैं!





## मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का दूसर गाना अगर हो तुम रिलीज हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा कंपोज किया गया और जुबिन नौटियाल द्वारा गाए गए इस गाने की शूटिंग जयपुर में हुई है। इस गाने के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। गाने में महिमा (जाह्नवी) और महेंद्र (राजकुमार) के रिश्ते की मिठास को दर्शाया गया है। गाने को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए राजकुमार ने लिखा, अगर हो तुम में प्यार को गहराई के साथ महसूस करें। संगीतकार तनिष्क ने कहा, अगर हो तुम एल्बम का फ्रेश एलिमेंट है। कौसर मुनीर के बोल और जुबिन की आवाज लोगों के दिलों में बस जाएगी। हमें उम्मीद है कि दर्शक इस गाने को पसंद करेंगे और इसका आनंद लेंगे।



**डब्ल्यूएफआई ने ओलंपिक कोटा विजेताओं को ट्रायल से दी छूट**

## हंगरी में भारतीय पहलवानों का होगा आकलन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को ओलंपिक कोटा विजेता सभी छह पहलवानों को चयन ट्रायल से छूट दे दी, लेकिन उनके फॉर्म और फिटनेस का आकलन आगामी रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और हंगरी में अभ्यास शिविर में होगा।

डब्ल्यूएफआई ने कहा कि यह विशेष परिस्थितियों में लिया गया फैसला है और इसे भविष्य के लिये परिपाटी नहीं माना जाना चाहिए। डब्ल्यूएफआई ने यह भी कहा कि अगर किसी भी पहलवान की फिटनेस में कमी पाई गई तो महासंघ आठ जुलाई से पहले ट्रायल के जरिये विकल्प के बारे में सोचेगा। प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तारीख आठ जुलाई है। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए छह कोटा हासिल किए हैं जिनमें अमन सेहरावत (57 किलो) अकेले पुरुष पहलवान हैं। विनेश फोगाट (50 किलो), अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो), निशा दहिया (68 किलो) और रीतिका हुड्डा (76 किलो) ने भी क्वालीफाई किया है। पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई से ट्रायल नहीं कराने का अनुरोध किया था। उनका कहना था कि इससे चोट का खतरा है। डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने इसे स्वीकार कर लिया।



संजय सिंह ने कहा कि हमने बात की और दोनों मुख्य कोचों का कहना था कि ट्रायल से चोट का खतरा होगा जिससे भारत की पदक उम्मीदों पर विपरीत असर पड़ सकता है, जिस वजह से हमने ट्रायल नहीं कराने का फैसला लिया।

कोटा विजेता बुडापेस्ट में छह से नौ जून तक यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरिज में भाग लेंगे। इसके बाद 10 से 21 जून तक अभ्यास शिविर लगेगा। सिंह ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी पहलवान को चोट ना लगे। इसलिए ट्रायल की जगह भारतीय कोच कोटा विजेताओं का आकलन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और अभ्यास शिविर में करेंगे। अगर कोई फिट नहीं है तो उसके विकल्प पर विचार किया जा सकता है। हम आठ जुलाई से पहले उस वर्ग में चयन ट्रायल का आयोजन करेंगे।

### रवि और सरिता के लिए रास्ते बंद

तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि दहिया (57 किलो) और सरिता मोर (57 किलो) के लिए रास्ते भी बंद हो गए जो ट्रायल की तैयारी कर रहे थे। चयन समिति की बैठक में महिला टीम के मुख्य कोच वीरेंदर दहिया और फ्रीस्टाइल मुख्य कोच जगमंदर सिंह भी मौजूद थे। लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त, पूर्व पहलवान गीतिका जाखड़, डब्ल्यूएफआई उपाध्यक्ष और ओलंपियन जय प्रकाश, कोषाध्यक्ष संदीप देशवाल ने भी बैठक में भाग लिया। गीतिका ने वीडियो कॉल के जरिये बैठक में भाग लिया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# राष्ट्रपति रईसी के हेलीकॉप्टर हादसे की जांच से अमेरिका का इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा- रईसी के हाथ खून से सने

ईरान सरकार की ओर से हेलीकॉप्टर दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए अमेरिका से किया गया आग्रह को उसने ठुकरा दिया है। यह जानकारी अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि ईरान में राष्ट्रपति के तौर पर रईसी का रिकॉर्ड सही नहीं था। उनके हाथ खून से सने थे। रविवार को राष्ट्रपति रईसी का हेलीकॉप्टर कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

मैथ्यू मिलर से सोमवार को जब प्रेस वार्ता में ईरानी सरकार की ओर से मदद का आग्रह किये जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका इस तरह की स्थितियों में विदेशी सरकारों से आग्रह आने पर मदद करता है, लेकिन अमेरिका उसकी किसी भी तरह की मदद कर पाने में सक्षम नहीं है। मिलर ने कहा कि काफी हद तक लॉजिस्टिक कारणों के चलते मदद नहीं की जा रही है।


तेहरान में दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को श्रद्धांजलि देते सदस्य।

### ईरानी सेना के नेतृत्व में हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच शुरू

तेहरान। ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की नियुक्ति की है। समिति की बागडोर ब्रिगेडियर अली अब्दुल्लाही को सौंपी गयी है, जिन्होंने जांच शुरू कर दी है।

### मशहद में दफनाया जाएगा रईसी का शव

तेहरान। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहसिन मंसूरी ने कहा है कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पार्थिव शरीर को गुरुवार को पूर्वोत्तर शहर मशहद में दफनाया जाएगा। ईरानी स्टूडेंट्स न्यूज एजेंसी ने ईरानी उपराष्ट्रपति के हवाले से यह जानकारी दी।

### ईरान में 28 जून को होगा राष्ट्रपति चुनाव

तेहरान। ईरानी सरकार ने सोमवार को निर्णय लिया कि देश में 14वें राष्ट्रपति का चुनाव 28 जून को होगा। यह जानकारी आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। खबर में कहा गया कि चुनाव की तारीख का निर्धारण एक बैठक में किया गया है।

# इन लक्षणों से समझें गंदगी से सिकुड़ रही खून की नसें, आ सकता है हार्ट अटैक

भागदौड़ से भरी और अक्सर तनावपूर्ण रहने वाली आज की जिन्दगी में एथेरोस्क्लेरोटिक कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (एएससीवीडी) का जोखिम बढ़ा हुआ है। एएससीवीडी की शुरुआत में थोड़े या न के बराबर लक्षण होते हैं और इसलिए इसे अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है। यह बीमारी गुजरते वर्षों के साथ धीरे-धीरे बढ़ती है और इससे दुनिया में लाखों लोगों को बड़ा खतरा है। आईसीएमआर के हाल के अध्ययनों ने भारत की शहरी आबादी में हाई कोलेस्ट्रॉल के 25-30% और ग्रामीण आबादी में 15-20% मामले होने की बात कही है। ज्यादा आमदनी वाले देशों की तुलना में, भारत के 83% लोगों में बड़ी कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों और मौत की दर काफी ज्यादा है। लेकिन इन अनिश्चितताओं के बीच कुछ अच्छी खबर भी है: कोलेस्ट्रॉल, और खासकर बुरे कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने से बड़ा परिवर्तन आ सकता है।



### एएससीवीडी के जोखिम कारक

एएससीवीडी में कई कारकों का योगदान होता है। इनमें से कुछ में बदलाव होते हैं, जबकि कुछ ऐसे ही बने रहते हैं। जोखिम के बदलाव वाले घटकों में कोलेस्ट्रॉल, हाइपरटेंशन, डायबिटीज और धूम्रपान शामिल हैं। इनमें कोलेस्ट्रॉल के बढ़े हुए लेवल और हाई ब्लड प्रेशर खासतौर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### एएससीवीडी क्या है और इसके संकेत और लक्षण क्या हैं?

एएससीवीडी में कई तरह की स्थितियां होती हैं, जैसे कि आर्टरीज में गंदगी जमा होना, जिससे हृदय और मस्तिष्क जैसे जरूरी अंगों में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है। इस स्थिति को एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है और कोलेस्ट्रॉल जमा होने के कारण धीरे-धीरे आर्टरीज बंद होने लगती हैं। ऐसे में आर्टरीज कठोर हो जाती हैं और हार्टअटैक, स्ट्रोक तथा हृदय की अन्य समस्याओं की संभावना बढ़ जाती है।

### अपना टारगेट एलडीएल-सी जानना क्यों जरूरी

अलग-अलग लोगों के लिये जोखिम के कारकों और स्वास्थ्य-लक्ष्यों के आधार पर एलडीएल-सी के आदर्श स्तर में अंतर होता है। लेकिन आमतौर पर यह 100 एमजी/डीएल होना चाहिए, जबकि ज्यादा जोखिम वालों के लिये इससे भी कम। एलडीएल-सी पर नजर रखने के लिये खून की नियमित रूप से जांच हो सकती है। यह मरीज के जोखिम और उपचार के आधार पर हर 3 से 12 महीने में होती है। अपने लिपिड पर नजर रखना एएससीवीडी को मैनेज करने का आधार होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल्स को मैनेज करने के लिये दिल की सेहत को अच्छा रखने वाला आहार, नियमित व्यायाम और तनाव का प्रबंधन महत्वपूर्ण है।

### दिल की सेहत के लिए कोलेस्ट्रॉल की जांच क्यों जरूरी

एलडीएल लेवल को मैनेज करने के लिये कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाना महत्वपूर्ण है। 2019 में दुनिया में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (सीवीडी) के कारण 32% मौतें हुई थीं और आकलन है कि 2030 तक हर साल ऐसी 23.6 मिलियन मौतें हो सकती हैं। ऐसे में कम उम्र से ही कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाना महत्वपूर्ण है।

### कोलेस्ट्रॉल के प्रकार, प्रभाव और दिल की सेहत पर असर

कोलेस्ट्रॉल के विभिन्न प्रकार होते हैं, जिनमें से एलडीएल (लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल को अक्सर बुरा कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। क्योंकि आर्टरी की दीवारों में गंदगी के जमा होने में उसकी भूमिका होती है। जबकि एचडीएल (हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल को अच्छा कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है।

### एससीवीडी के संकेत और लक्षण

शुरुआती अवस्था के कुछ आम लक्षण हैं एंजिना, जिसे चेस्ट पैन भी कहा जाता है। सांस छोटी होना, थकान, चक्कर आना और धड़कन बढ़ना। यह समझना महत्वपूर्ण है कि कोई जानलेवा स्थिति आने तक कुछ लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। बीमारी का जल्दी पता लगाने और सही समय पर दखल देने के लिये स्वास्थ्य की नियमित जांच और पूर्व सक्रिय होकर कोलेस्ट्रॉल को जानना आवश्यक है।

## एक नजर

### स्लोवाकिया में सर्वसम्मति से राजनीतिक हिंसा के खिलाफ प्रस्ताव पारित

ब्रातिस्लावा। स्लोवाकिया की संसद ने प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या की कोशिश के बाद मंगलवार को सर्वसम्मति से राजनीतिक हिंसा के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। संसद में मौजूद सभी 130 सांसदों ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ नफरत फैलाने से परहेज करने का आह्वान किया गया है। पेजिनोक शहर की एक अदालत ने शनिवार को हमले के संदिग्ध को कारागार में ही रखने का आदेश दिया। इस बीच, अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में गंभीर रूप से घायल फिको की सेहत में सुधार हो रहा है। बंस्क बिस्ट्रिका शहर के जिस अस्पताल में फिको का इलाज चल रहा है उसने बताया फिको होश में हैं और बातचीत कर रहे हैं।

### इजरायली हमले में हिजबुल्लाह अधिकारी की मौत

बेरूत। दक्षिणी लेबनान के मंसूरी में इजरायली हमले में एक हिज़बुल्लाह अधिकारी की मौत हो गई और एक नागरिक घायल हो गया। लेबनानी सैन्य सूत्रों के अनुसार सोमवार शाम अधिकारी टायर जिले के मंसूरी में मोटरसाइकिल पर जब जा रहा था तभी इजरायल की ओर से दो मिसाइलें दागी गईं, जिसमें मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई और एक राहगीर घायल हो गया। मृतक की पहचान दक्षिणी नगरपालिका डेयर कानून एन नहर से हिजबुल्लाह के स्थानीय अधिकारी कासिम सकलावी के रूप में की गयी है।

### जापान के ओगासावारा द्वीप समूह में 6.0 तीव्रता का भूकंप

टोक्यो। दक्षिण में प्रशांत महासागर में ओगासावारा द्वीप समूह के पास मंगलवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने दी। एजेंसी ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 9:39 बजे लगभग 50 किमी की गहराई में आया, जिसकी तीव्रता हाहाजिमा द्वीप में 7 के जापानी भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर 4 मापी गई। मौसम एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

### स्पेन ने अर्जेंटीना से अपना राजदूत वापस बुलाया

ब्यूनस आयर्स। दो ऐतिहासिक सहयोगियों स्पेन और अर्जेंटीना के बीच राजनयिक संकट मंगलवार को तब और बढ़ गया जब स्पेन ने ब्यूनस आयर्स से अपने राजदूत को वापस बुला लिया। वहीं, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे एक अहंकारी समाजवादी की बकवास करार दिया। स्पेन ने कहा कि वह मैड्रिड में रविवार की रैली में राष्ट्रपति माइली द्वारा की गई टिप्पणियों के जवाब में आधिकारिक तौर पर अर्जेंटीना से अपने राजदूत को हटा रहा है।

### बांग्लादेश के पूर्व सेना प्रमुख अजीज पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के कारण सोमवार को प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि उनके कदमों ने बांग्लादेशी लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं में लोगों के भरोसे को कमजोर किया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर बड़े भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाने की आज सार्वजनिक रूप से घोषणा की। उनके कदमों ने बांग्लादेश के लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थानों और प्रक्रियाओं में जनता के विश्वास को कम करने में योगदान दिया है।

# 37 हजार फीट पर एयर टर्बुलेंस एक की मौत, 30 लोग घायल

## सिंगापुर एयरलाइंस का विमान झटके से 6 हजार फीट नीचे आया

बैंकॉक, एजेंसी

सिंगापुर एयरलाइन्स की एक फ्लाइट 21 मई को आसमान में एयर टर्बुलेंस (वायुमंडलीय विक्षोभ) में फंस गई। अचानक लगे झटकों से 73 साल के ब्रिटिश यात्री की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। फ्लाइट एसक्यू321 लंदन से सिंगापुर जा रही थी। सिंगापुर एयरलाइन्स की बोइंग 777-300ईआर फ्लाइट ने लंदन से उड़ान भरी थी।

टेकऑफ के कई घंटे बाद फ्लाइट म्यांमार के एयरस्पेस में 37 हजार फीट पर खराब मौसम की वजह एयर टर्बुलेंस में फंस गई। इस दौरान कई झटके लगे। विमान 5 मिनट के अंदर 31 हजार फीट की ऊंचाई पर आ गया। इस दौरान ऊंचाई कम करते वक्त यात्रियों को सीट बेल्ट पहनने की वॉर्निंग नहीं दी गई। कई यात्री अपनी सीट से ऊपर उछल गए। उनका सिर लगेज कंटेनर से टकरा गया। कई लोगों को चोट लगी। एक पैसेंजर की मौत हो गई। इसके बाद फ्लाइट को बैंकॉक डायवर्ट किया गया। यहां के स्वर्णभूमि एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। थाईलैंड के परिवहन मंत्री ने एक बयान में कहा कि मामूली रूप से घायल और घायल नहीं हुए यात्रियों को शहर के चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचाने के लिए सिंगापुर मंगलवार रात दूसरा विमान भेजेगा।


विमान के भीतर यात्री द्वारा ली गई तस्वीर।


बैंकाक एयरपोर्ट पर खड़ा विमान।

### फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य थे

फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य सवार थे। जिन्हें सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट उतरना था। लेकिन एयर टर्बुलेंस के कारण बैंकॉक एयर पोर्ट पर उतारना पड़ा। प्लेन की लैंडिंग के तुरंत बाद एम्बुलेंस की कई गाड़ियां एयरपोर्ट पहुंचीं। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंगापुर एयरलाइन्स ने मारे गए यात्री के परिजनों के प्रति शोक जताया है। कंपनी के अधिकारी बैंकॉक से लगातार संपर्क में है। सभी यात्रियों को जरूरी मदद पहुंचाई जा रही है।


## सिंगापुर में भारतीय मूल के डिलीवरी ब्वॉय को 30 माह की सजा

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक डिलीवरी ब्वॉय को एक होलसेलर के यहां काम करते हुए 1,70,000 सिंगापुर डॉलर से ज्यादा मूल्य के मांस उत्पाद चुराने के मामले में 30 महीने जेल की सजा सुनाई गयी है।

टुडे समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शिवम करुप्पन (42) और ची सॉन्ग फूड्स विक्रेता में काम करने वाला उसका एक अन्य सहकर्मी चुराये हुए मांस उत्पादों को ग्राहक को बेचते थे और इससे प्राप्त धन को अपने पास रखते थे। करुप्पन के सहयोगी के खिलाफ अदालत में मामला फिलहाल शुरू नहीं हुआ है।

सहयोगी नेशान गुणसुंदरम (27) भी भारतीय मूल का नागरिक है, जो कंपनी ने गोदाम में सुपरवाइजर के रूप में तैनात था। गुणसुंदरम का काम गोदाम के अंदर और बाहर माल के आवागमन की निगरानी करना था। अदालत में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक, करुप्पन और गुणसुंदरम ने कुल मांस उत्पाद चुराए। उपलोक अभियोजक (डीपीपी) रोनी एंग ने करुप्पन के अपराधों के लिए 32 से 38 महीने की जेल की सजा की मांग करते हुए कहा कि उसने अपने मालिक के साथ विश्वासघात किया है। अदालत ने करुप्पन को 30 महीने जेल की सजा सुनाई।

# माउंट फूजी पर्वत पर बढ़ रही गंदगी, देना होगा शुल्क


जापान का माउंट फूजी पर्वत।

टोक्यो, एजेंसी

● जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने के लिए तय किए नए नियम

जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने की इच्छा रखने वाले लोगों को अब स्लाट की बुकिंग करानी होगी और इसके लिए उन्हें शुल्क का भी भुगतान करना होगा। पर्वतारोहियों की बढ़ती संख्या और वहां फैल रही गंदगी के चलते यह फैसला लिया गया है। सुरक्षा और संरक्षण भी चिंता का विषय बन चुका है।

यह नए नियम, 3,776 मीटर (लगभग 12,300 फीट) ऊंचे पर्वत के यामानाशी किनारे पर योशिदा मार्ग से जाने वाले पर्वतारोहियों पर लागू होगा। माउंट फूजी पर्वत पर एक जुलाई से 10 सितंबर तक पर्वतारोही चढ़ाई कर सकते हैं।

यामानाशी प्रान्त ने सोमवार को जापान के विदेशी प्रेस केंद्र के माध्यम से बताया कि नए नियम के अनुसार केवल 4,000 पर्वतारोहियों को मार्ग में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

इसके लिए प्रति दिन 2,000 येन (लगभग 18 अमेरिकी डॉलर) का शुल्क लिया जाएगा। 3,000 स्लॉट्स ऑनलाइन बुक किए, जाएंगे और शेष 1,000 को चढ़ाई के दिन व्यक्तिगत रूप से बुक किया जा सकता है। पर्वतारोही माउंट फूजी क्लाइंबिंग वेबसाइट के माध्यम से अपने स्लॉट बुक कर सकते हैं।

# रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में चार राज्यों में एनआईए की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

● 1 मार्च को विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हुए थे

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट से संबंधित मामले की जांच के तहत मंगलवार को 4 राज्यों में छापे मारे।

यह कार्रवाई कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में 11 जगह पर की गई। एक मार्च को कैफे में हुए विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हुए थे, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर थी। विस्फोट से कैफे को भारी नुकसान हुआ था। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अधिक विवरण साझा किए बिना कहा कि कई राज्यों में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। तीन मार्च को जांच का जिम्मा संभालने वाली एजेंसी ने 12 अप्रैल को मामले के सरगना अब्दुल मतीन अहमद ताहा समेत दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कथित तौर पर कैफे में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखने वाले ताहा और अन्य आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब को कोलकाता के पास एक लॉज से गिरफ्तार किया गया था, जहां वे फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे।

## डेढ़ लाख का कर्ज नहीं लौटा पाया तो किसान ने की आत्महत्या

बेलगावी। कर्नाटक के बेलगावी में 55 वर्षीय किसान ने 1.50 लाख रुपये की ऋण राशि लौटाने के लिए एक महिला साहूकार द्वारा परेशान किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार किसान राजू खोतागी ने रविवार को जहर खा लिया जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां अगले दिन उनकी मौत हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि किसान ने गंभीर सूखे के कारण नुकसान झेलने के बाद लगभग छह महीने पहले उसी गांव की 60 वर्षीय सिद्धव्वा ब्य्यानवारा से 1.50 लाख रुपये का ऋण लिया था।

## रेड कार्पेट पर नैंसी



### कॉन्स में नैंसी त्यागी का जलवा

कॉन्स। उत्तर प्रदेश में पैदा हुई नैन्सी त्यागी ने कॉन्स फिल्म फेस्टिवल में खुद का सिला हुआ गाउन पहनकर इतिहास रच दिया है। इस पिंक रफ्फल्ड गाउन को बनाने के लिए नैन्सी ने 1000 मीटर कपड़ा लिया और एक महीने में इसे तैयार किया। जब नैन्सी से यह पूछा गया कि उन्हें कैसा महसूस हो रहा है तो बेहद ही मासूमियत के साथ यह जवाब दिया कि इतना बड़ा तो उनका सपना भी नहीं था। नैन्सी को इंफ्लुएंसर के तौर पर पहचान तब मिली जब इंस्टाग्राम पर उनकी वीडियोज वायरल होने लगीं।

## श्रीलंका ने भारत में गिरफ्तार नागरिकों की जांच शुरू की

कोलंबो। श्रीलंका ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध रखने वाले अपने चार नागरिकों के बारे में सूचना हासिल करने के लिए जांच शुरू की है। इन्हें भारत में गिरफ्तार किया गया था, वे आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे।

गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ता ने एक गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को चार श्रीलंकाई नागरिकों को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। वे कोलंबो से चेन्नई पहुंचे थे। इन लोगों ने इस्लामिक स्टेट के इशारे पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत की यात्रा की थी।

खगोल विज्ञान | पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का नए शोध में दावा

# निहारिका ओरियन ग्रह नक्षत्रों को देगी नई दिशा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: हमारे सबसे करीबी खूबसूरत निहारिका ओरियन नेबुला वैज्ञानिकों को ग्रह नक्षत्रों के निर्माण व विकास की नई दिशा प्रदान करेगी। पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नए शोध में यह दावा किया है। शोध में नेबुला की नवीन विचित्र तस्वीरों के जरिए इस निहारिका खाका तैयार किया है।

ओरियन नेबुला नग्न आंखों से नजर आने वाली बेहद खूबसूरत निहारिका है। इसकी लोकप्रियता पूरी दुनिया में है। दुनिया में सर्वाधिक शोध व फोटोग्राफ इसी निहारिका की हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड में ग्रह नक्षत्रों के रहस्य उजागर करने के लिए इससे बेहतर कोई दूसरी निहारिका नहीं हो सकती। इसी उद्देश्य को लेकर पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस पर नया शोध किया। शोध के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप का सहारा लिया गया और जो परिणाम देखने को मिले, वह शोधकर्ताओं के लिए आश्चर्यजनक थे। इस आधार पर इसका नया खाका खींचने पर वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिली है। नए मानचित्र में ओरियन नेबुला के हृदय के साथ विकिरण, गर्म आयनित गैस व ठंडे आणविक बादल में संक्रमण को चिह्नित किया गया है। गैस के बादल का बचा हुआ हिस्सा दर्शाया गया है, जिससे तारों का निर्माण हुआ। वैज्ञानिक जानते हैं कि तारे और ग्रह निर्माण का रहस्य आज भी उलझा हुआ है। जिसे समझने के लिए यह नेबुला बेहद मददगार साबित होगी।


वेब टेलीस्कोप द्वारा ली गई ओरियन निहारिका की ताजा तस्वीर।

### ग्रह नक्षत्रों की प्रक्रिया समझने में मिलेगी मदद

शोधकर्ता खगोलशास्त्री एल्स पीटर्स कहते हैं कि किसी भी ग्रह व तारे की उत्पत्ति को लेकर रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद जरूरी है। इस दिशा में अधिक जानकारी अभी तक नही मिल पाई है। तारा निर्माण सैद्धांतिक प्रक्रिया में नया शोध मदद करेगा। ग्रह निर्माण व उनके अंत में होने वाली रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद महत्वपूर्ण हैं। जिसे समझे बिना आगे की खोज संभव नही हो सकती।

## इंजीनियरों को कुचलने वाला नाबालिग का पिता गिरफ्तार

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में लग्जरी कार से दो इंजीनियरों को कुचलने के आरोपी 17 वर्षीय लड़के के पिता को मंगलवार को छत्रपति संभाजीनगर से हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

नशे की हालत में किशोर ने रविवार तड़के कल्याणी नगर इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। मामले में अपराध शाखा के अधिकारियों ने जाने-माने रियल एस्टेट कारोबारी नाबालिग के पिता को पुणे से लगभग 250 किलोमीटर दूर छत्रपति संभाजीनगर में हिरासत में लिया और शाम को शहर ले आए। होटल ब्लैक क्लब के कर्मचारियों में से एक जयेश बोनकर को भी गिरफ्तार किया गया है, जहां लड़के को शराब परोसी गई थी।

# अंतरिक्ष में हथियार नहीं भेजने वाला रूस का प्रस्ताव खारिज

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● अमेरिका ने कहा- रूस पहले ही कर चुका उपग्रह प्रक्षेपित, हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता

अंतरिक्ष में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने सोमवार को खारिज कर दिया। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था जो अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है।

सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं। पिछले महीने रूस ने प्रतिद्वंद्वी देश अमेरिका और जापान ने सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा था जो खारिज हो गया था। अमेरिका और जापान द्वारा रखे प्रस्ताव में अलग-अलग प्रकार के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारी तबाही का कारण बन सकते हैं।

### अमेरिका ने कहा- ध्यान भटकाने की कोशिश

अमेरिकी उपराजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया आज हमारे सामने रखा गया प्रस्ताव और कुछ नहीं बल्कि रूस की ध्यान भटकाने की पराकाष्ठा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इस तथ्य को खारिज किया कि उनका देश दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। इस प्रस्ताव पर मतदान हमारे पश्चिमी सहयोगियों के लिए सच सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है।